www.hindmatamirror.com ●वर्ष: 11 ●अंक: 261 ●ठाणे, मंगलवार 24 जून, 2025 ●पेज: 8 ●मूल्य: 2 रुपए hindmatamirror1@gmail.com

RNI. NO. MAHHIN/2011/43060

# दैनिक हिंदमाता मिरर

पैनी नजर, पुख्ता खबर



उर्वशी रौतेला का पसंदीदा वर्कआउट है वुशु सांडा

पेज 8



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रोहित के 18 साल पूरे

8 पेज

### सुप्रभात

सबसे अधिक सुखी समाज वह है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति परस्पर हार्दिक सम्मान की भावना रखता है। - गेटे

### मौसम का मिजाज

सूर्यास्त (24 जून) 7:19 बजे, सूर्योदय (25 जून) 6:03 बजे, **तापमान: 29 डिग्री से. (गरज के साथ बौछारें।)**

## शॉर्ट स्टोरी

### अनियंत्रित महत्वाकांक्षा के कारण वैश्विक संघर्ष

**हिंदमाता नेटवर्क @ पुणे**

**केंद्रीय** मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि अनियंत्रित अति महत्वाकांक्षा ने वैश्विक स्तर पर संघर्ष पैदा कर दिया है। पुणे में एमआईटी ग्रुप द्वारा निर्मित श्री सरस्वती कराड अस्पताल के उद्घाटन के अवसर पर गडकरी ने कहा कि भारत को विश्व शांति और मानवता का संदेश देने की जरूरत है। हमारी विरासत, परंपरा और इतिहास इतना समृद्ध है कि हमारा देश कभी भी अधिनायकवादी और विस्तारवादी नहीं रहा। आज एक प्रकार की अनियंत्रित अति महत्वाकांक्षा है जो विश्व में संघर्ष का कारण बन रही है और दुनिया में विश्व शांति और मानवतावाद का संदेश देने की आवश्यकता उत्पन्न हुई है।

### मशहूर कवि हेमंत दिवटे लौटाएंगे साहित्य सम्मान

**हिंदमाता नेटवर्क @ मुंबई**

**प्रसिद्ध** मराठी कवि और महाराष्ट्र सरकार से पुरस्कार प्राप्त हेमंत दिवटे ने सोशल मीडिया पर कहा है कि हिंदी भाषा को तीसरी भाषा के रूप में थोपने के निर्णय के विरोध स्वरूप, मैं पॅरानोया कविता संग्रह के लिए प्राप्त महाराष्ट्र शासन का पुरस्कार और उसकी नकद राशि लौटा रहा हूं। यदि सरकार यह निर्णय (त्रिभाषा फॉर्मूला) वापस लेती है, तो मैं भी अपना फैसला वापस लूंगा। दिवटे ने यह कदम राज्य के स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में लागू करने के विरोध में उठाया है। दिवटे को 2021 में महाराष्ट्र सरकार द्वारा कवी केशवसुत पुरस्कार उनके कविता संग्रह पॅरानोइया के लिए प्रदान किया गया था।

### पाकिस्तान में बने उत्पाद ऑनलाइन नहीं मिलेंगे

**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**

**ऑपरेशन** सिंदूर के बाद पाकिस्तान के बॉयकॉट को लेकर केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकार ने भी कदम उठाए थे। लेकिन ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर पाकिस्तान के उत्पाद धड़ल्ले से बेचे जा रहे थे। जिसको लेकर प्रदेश भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के उपाध्यक्ष नीलोत्पल मृणाल पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर इसकी शिकायत की थी। खबर है कि अब केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने पाकिस्तान में बने उत्पादों को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर बेचने पर पाबंदी लगा दी है। नीलोत्पल ने कंपनियों पर कार्रवाई की मांग भी की है।

### फिल्म सिटी में आग, अनुपमा का सेट जला

**हिंदमाता नेटवर्क @ मुंबई**

**सोमवार** सुबह मुंबई के गोरेगांव स्थित फिल्म सिटी में उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब मशहूर टीवी शो अनुपमा के सेट पर अचानक आग लग गई। यह घटना सुबह करीब 6 बजे हुई। कुछ लोगों ने सेट से धुआं उठता देखा और तुरंत फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी। मौके पर मुंबई फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियां तुरंत पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी को कोई चोट नहीं लगी। सेट पर मौजूद सभी कलाकारों और स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। आग लगने की वजह का खुलासा अभी नहीं हो पाया है, लेकिन बिजली के शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है।

संसद की एस्टीमेट कमेटी के राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुए लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और सीएम देवेंद्र फडणवीस

# सरकार पर अंकुश का काम करती हैं समितियां

● प्राक्कलन समितियों में होगा एआई का इस्तेमाल: ओम बिरला

**हिंदमाता नेटवर्क @ मुंबई**

**लोकसभा** अध्यक्ष ओम बिरला और महाराष्ट्र मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने संसद और राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं की अनुमान समितियों के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और सीएम देवेंद्र फडणवीस ने संसदीय अनुमान समिति की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर 'भारतीय संसद की अनुमान समिति (1950-2025)' नाम की स्मारिका का विमोचन किया।

इस मौके पर सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हमें दुनिया का सर्वोत्तम संविधान देने वाले बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की कर्मभूमि है और इसी महाराष्ट्र में हम सभी लोग संविधान के कारण यहां मौजूद हैं और देश में लोकतंत्र के वाहक के रूप में काम कर रहे हैं। मुझे बहुत खुशी है कि एस्टीमेट कमेटी की ये संगोष्ठी महाराष्ट्र में हो रही है। मैं यहां महाराष्ट्र के सीएम के रूप में तो यहां मौजूद हूं ही लेकिन जिसने छह साल तक एस्टीमेट कमेटी पर काम किया है, ऐसे मेंबर के रूप में भी मैं आपके बीच उपस्थित हूं।

सीएम फडणवीस ने आगे कहा कि हमारे संविधान की रचना इतने सुंदर प्रकार से की गई है कि इसमें हम सभी लोग जानते हैं कि एक प्रकार से सरकार के ऊपर अंकुश रखने का काम हमारी संसद या हमारी विधानसभाएं करती हैं और कई बार हम लोग जब ये कहते हैं कि हमारी सरकार ने संसद को उत्तरदायी है तो उसका मतलब ये नहीं कि जो सिर्फ तीन सेशन होते हैं उन सत्र में ये उत्तरदायित्व सरकार को सिद्ध करना पड़ता है, बल्कि सेशंस से भी ज्यादा ये समितियां सरकार पर अंकुश का काम करती हैं।

वहीं इस कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारत को जल्द ही संसदीय कूटनिति को आगे बढ़ाने के लिए दूसरे देशों की संसद के साथ मैत्री समूह विकसित करेगा। बिरला ने कहा कि ऐसे मैत्री समूह को स्थापित करने को लेकर काम जारी है। जल्द ही इसे स्थापित कर लिया जाएगा।



### प्राक्कलन समितियों में होगा एआई का इस्तेमाल: ओम बिरला

लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि प्राक्कलन (अनुमान) समितियों के सभी सदस्यों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के इस्तेमाल के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि संसद और राज्यों की प्राक्कलन समितियां सामंजस्य स्थापित करके एक तंत्र विकसित करेंगी। जिससे सभी राज्यों की प्राक्कलन समितियां जवाबदेही से काम कर सकें।

### ये हस्तियां रहीं मौजूद

मुंबई के विधान भवन में संसद और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र विधायी निकायों की एस्टीमेट कमेटी के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश सिंह, विधान परिषद के सभापति प्रो. राम शिंदे, महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष एडवोकेट राहुल नार्वेकर, डीसीएम एकनाथ शिंदे, महाराष्ट्र विधानसभा के उपाध्यक्ष अन्ना बनसोडे, संसदीय प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष डॉ. संजय जायसवाल, महाराष्ट्र विधानमंडल प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष अर्जुन खोतकर और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### आज होगा समापन

बता दें कि सम्मेलन का समापन 24 जून को महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन करेंगे। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, भारत की संसद की अनुमान समिति के सभापति संजय जायसवाल और महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे समापन सत्र को संबोधित करेंगे।

### ओम बिरला ने की संसदीय कूटनीति को आगे बढ़ाने की पैरवी

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसदीय कूटनीति को आगे बढ़ाने की पैरवी करते हुए सोमवार को कहा कि भारत जल्द ही विभिन्न देशों की संसदों के साथ मैत्री समूह स्थापित करेगा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों ने हाल में विश्व के कई प्रमुख देशों के दौरे किए थे और उस दौरान अंतर-संसदीय मैत्री समूह स्थापित करने का सुझाव भी सामने आया था। बिरला ने यहां संसद और राज्य/केंद्रशासित प्रदेशों के विधान मंडलों की प्राक्कलन समितियों के राष्ट्रीय सम्मेलन के मौके पर संवाददाताओं से कहा कि हम संसदीय मैत्री समूह स्थापित करने पर काम कर रहे हैं क्योंकि कई देशों ने इस तरह का अनुरोध किया है। कांग्रेस नेता शशि थरूर, द्रमुक नेता कनिमोझी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) नेता सुप्रिया सुले जैसे विपक्षी नेताओं के नेतृत्व में सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों 33 देशों की राजधानियों की यात्रा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों से मुलाकात की, जिन्होंने प्रधानमंत्री को संसदीय मैत्री समूहों के तंत्र को संस्थागत बनाने के लिए कई देशों द्वारा व्यक्त की गई इच्छा से अवगत कराया। समझा जाता है कि प्रधानमंत्री विभिन्न मुद्दों पर भारत के संदेश को दुनिया के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचाने के लिए संसदीय कूटनीति के एक हिस्से के रूप में संसदीय मैत्री समूहों को संस्थागत बनाने के विचार से सहमत हो गए हैं। बिरला ने कहा कि वह जल्द ही विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ इस विषय पर चर्चा करेंगे और सुझाव को आगे बढ़ाने के तौर-तरीके तैयार करेंगे।

● ईरान का दोहा में अमेरिकी बेस पर हमला!

## 10 मिसाइलें दागीं!

**हिंदमाता नेटवर्क @ दोहा/तेहरान**

**ईरान** ने कतर में स्थित अमेरिकी ठिकानों की ओर 10 मिसाइलें दागी हैं। एक इजरायली अधिकारी के हवाले से यह दावा किया गया है। इस हमले को अमेरिका पर ईरान की जवाबी कार्रवाई के तौर पर देखा जा रहा है। ईरान और अमेरिका के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है, खासकर ईरानी परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हवाई हमलों के बाद। हालांकि यह दावा भी किया जा रहा है कि इन मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया गया। लेकिन अब यह युद्ध विश्व युद्ध बनने की ओर अग्रसर है।

## एंटीलिया बम कांड का कौन है मुख्य आरोपी?

● परमबीर सिंह ही असली फिक्सर: सलिल देशमुख

**हिंदमाता नेटवर्क @ मुंबई**

**देश** के सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी के घर एंटीलिया के पास 25 फरवरी 2021 को एक मिस्ट्री एसयूवी पार्क मिली, जिसमें 20 जेलिनाइट स्टिक्स और धमकी भरा पत्र था। अब महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख के बेटे सलील देशमुख ने कहा है कि परमबीर सिंह ने तुरंत मेरे पिता पर आरोप लगाकर खुद को बचा लिया, और इस मामले में जयश्री पाटील द्वारा एफआईआर दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि परमबीर सिंह ही असली फिक्सर हैं।

## साई भक्तों के लिए खुशखबरी

शिरडी में वीआईपी दर्शन अब दिन में सिर्फ तीन बार

**हिंदमाता नेटवर्क @ शिरडी**

**साई** बाबा के आम भक्तों के लिए एक अच्छी खबर है। साई बाबा संस्थान के सीईओ गोरक्ष गाडिलकर ने बताया कि वीआईपी के लिए दिन में सिर्फ तीन बार ब्रेक दर्शन की अनुमति रहेगी। गौरतलब है कि साई मंदिर में वीआईपी के लिए सामान्य दर्शन कतार को दिन में कभी भी रोक दिया जाता था। इससे श्रद्धालुओं को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ती थी। इससे कतार में खड़े आम लोगों को दर्शन में काफी समय लगता था। इसके अलावा सुरक्षा और अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर भी अतिरिक्त दबाव बना रहता था। इस पृष्ठभूमि में संस्थान की तदर्थ समिति ने एक नई ब्रेक दर्शन प्रणाली शुरू करने का निर्णय लिया है। बता दें कि कुछ दिन पहले पूर्व सांसद सुजय विखे ने शिरडी में ब्रेक दर्शन शुरू करने की मांग की थी।

### क्या है ब्रेक दर्शन की नई व्यवस्था



साई मंदिर प्रशासन के नए नियमों के अनुसार, सिफारिशों के साथ आने वाले भक्त अब केवल तय समय पर ही साई दर्शन कर सकेंगे। इसके लिए दिन में तीन चरणों में समय तय किया गया है। सुबह 9:00 बजे से 10:00 बजे तक, दोपहर 02:30 बजे से 03:30 बजे तक और शाम 8:00 बजे से 08:30 बजे तक ब्रेक दर्शन की सुविधा दी जाएगी।

### किसे मिलेगी छूट?

भारत के भूतपूर्व एवं वर्तमान राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उप-प्रधानमंत्री, सभी राज्यों के राज्यपाल, सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य एवं अन्य न्यायाधीश, लोकसभा के अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री, सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र के मंत्री, विधानसभा/विधान परिषद के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, विधायक, सांसद एवं विभिन्न उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश एवं अन्य न्यायाधीश, प्रसिद्ध उद्योगपति, अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी, फिल्म अभिनेता, वैज्ञानिक तथा संस्थान के भूतपूर्व एवं वर्तमान अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं प्रबंध/अस्थायी समिति के सदस्य, साथ ही 1 लाख रुपए या उससे अधिक दान देने वाले भक्त शामिल हैं।

पापा, आप कौन से कलेक्टर बन गए थे? बेटी का जवाब सुन हेडमास्टर ने की हत्या

# नीट में कम नंबर लाने पर बेटी को मार डाला

**हिंदमाता नेटवर्क @ सांगली**

**महाराष्ट्र** के सांगली जिले से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक स्कूल शिक्षक ने कम नंबर लाने पर अपनी 16 वर्षीय बेटी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना शनिवार रात आटपाडी तहसील के नेलकरंजी गांव में हुई। अधिकारी ने बताया कि आरोपी धोंडीराम भोसले (45) अपनी बेटी साधना से नाराज था। उसकी बेटी बारहवीं कक्षा की छात्रा थी। एक परीक्षा में कम नंबर आने को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने आटा पीसने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली पत्थर की चक्की का लकड़ी का हैंडल उठाया और अपनी पत्नी और बेटे की मौजूदगी में उससे अपनी बेटी को पीटना शुरू कर दिया।

### कम नंबर आने पर की थी पिटाई

खबर के मुताबिक, हेडमास्टर पिता ने उसे इसलिए पीटा था क्योंकि उसके नीट में कम नंबर आए थे। बस इतनी सी बात पर बेटी ने भी पलटकर कर बोला कि आप कौन सा कलेक्टर बन गए? इसके बाद पिता ने न आव देखा न ताव उसे डंडों से पीटना शुरू कर दिया। सिर्फ इतना ही नहीं मारने के बाद भी पिता को तरस नहीं आया। अगले दिन बेटी को बेहोशी की हालत में छोड़कर चले गए।





### मां की शिकायत के आधार पर आरोपी पिता को किया गया गिरफ्तार

आटपाडी पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक विनय बहिर ने कहा कि गंभीर रूप से घायल साधना को सांगली के अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में उसकी मौत की वजह बहुत सी चोटें लगना बताया गया है। उन्होंने बताया कि लड़की की मां की शिकायत के आधार पर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### पापा, आप कौन से कलेक्टर बन गए थे?

पापा, आप कौन से कलेक्टर बन गए थे? आपके भी कम नंबर आए थे... यह सवाल 16 साल की बेटी ने अपने पिता से किया था, लेकिन इसका जवाब उसे डंडों से मिला। इतना ही नहीं मार इतनी बेरहम थी कि साधना की जान ही चली गई। यह घटना महाराष्ट्र के सांगली जिले के नेलकरंजी गांव की है। मृतका आटपडी के एक स्कूल में 12वीं की छात्रा थी और डॉक्टर बनने का सपना देख रही थी। लेकिन नीट की मॉक परीक्षा में कम नंबर आने से उसके पिता धोंडीराम भोसले (45), जो खुद एक स्कूल के हेडमास्टर हैं, बुरी तरह भड़क उठे।

### बेटी को रातभर पीटा

सूत्रों के मुताबिक, आरोपी ने लकड़ी के डंडे से बेटी की बेरहमी से पिटाई की। बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई, लेकिन इसके बावजूद आरोपी पिता ने उसे अस्पताल नहीं ले जाया। अगली सुबह योग दिवस के कार्यक्रम में चले गए। जब वापस लौटे, तो उन्होंने देखा कि बेटी बेहोश पड़ी है। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज शुरू होने से पहले ही उसकी मौत हो गई। इस अमानवीय व्यवहार को लेकर गांव में गहरा आक्रोश है। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

रायगढ़, रत्नागिरी सहित पुणे घाट क्षेत्र में बारिश का ऑरेंज अलर्ट

# कोंकण तट पर ऊंची लहरों की चेतावनी

● मुंबई व ठाणे के लिए येलो अलर्ट घोषित

**हिंदमाता नेटवर्क @ पुणे**

**राज्य** में अगले 24 घंटों के लिए रायगढ़, रत्नागिरी और पुणे घाट इलाकों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बाढ़ की स्थिति नियंत्रण में है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने जानकारी दी है कि सातारा जिले के सज्जनगढ़ किला मार्ग पर भूस्खलन हुआ है और भूस्खलन को हटाने का काम जारी है। महाराष्ट्र में बीते 24 घंटे में मौसम ने ऐसा बदला कि कई जिलों में जनजीवन थम सा गया। आसमान में छाए काले बादल, गरजती बिजली, तेज हवाएं और मूसलधार बारिश पूरा राज्य मानो मानसून की चपेट में आ गया हो। भारतीय मौसम विभाग ने राज्य के 8 से अधिक ज़िलों में तेज बारिश, वज्रपात और बाढ़ जैसे हालात की चेतावनी जारी की है। पुणे, कोल्हापुर, नाशिक, ठाणे, पालघर, मुंबई, रायगढ़ और सिंधुदुर्ग जैसे ज़िलों में सोमवार को सुबह से ही रुक-रुककर बारिश होती रही, लेकिन दोपहर 3 बजे के बाद हालात बिगड़ने लगे। हवा की रफ्तार 40-50 किमी/घंटा तक पहुंची, जिससे पेड़ उखड़ने और रास्तों पर जलभराव की घटनाएं सामने आईं।

### बिजली गिरने से 2 लोगों की मौत

रात 9 बजे तक की स्थिति में पुणे के कई इलाकों में 70 मिमी से अधिक वर्षा रिकॉर्ड की गई। मुंबई में अंधेरी, मालाड और कुर्ला जैसे क्षेत्रों में जलजमाव से ट्रैफिक ठप हो गया। नाशिक में आकाशीय बिजली गिरने से 2 लोगों की मौत, 3 घायल हो गए। कोल्हापुर में पंचगंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है।



### मुंबई व ठाणे के लिए येलो अलर्ट घोषित

मौसम विभाग के अनुसार, आगामी 12 घंटे सबसे संवेदनशील हैं। रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक कई इलाकों में भारी से अति-भारी बारिश, तेज बिजली की गर्जना और संभावित आंधी की संभावना जताई गई है। इसके तहत पुणे, रायगढ़ और कोंकण क्षेत्र के लिए ऑरेंज अलर्ट और मुंबई व ठाणे के लिए येलो अलर्ट घोषित किया गया है।

### प्रशासन की चेतावनियों को नजरअंदाज न करें

एनडीआरएफ और आपदा प्रबंधन दलों को अलर्ट पर रखा गया है। कई स्कूलों ने मंगलवार को छुट्टी घोषित कर दी है। पुणे में कुछ मार्गों पर बसें अस्थायी रूप से बंद कर दी गई हैं। वहीं जनता से अपील की है की, अनावश्यक यात्रा से बचें, ऊंचे स्थानों पर शरण लें और बिजली की गर्जना के समय मोबाइल, तार, पोल से दूर रहें।

### बढ़ते जलस्तर से खतरे की घंटी

राज्य के 25 से अधिक छोटे-बड़े जलाशयों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। मुंबई के तुलसी और विहार झील में पिछले 3 वर्षों की तुलना में सबसे तेज भराव दर्ज किया गया है। नाशिक और पुणे ज़िलों में कई नदियों का पानी रिहायशी इलाकों की ओर बढ़ रहा है।

**हिंदमाता एंकर:** पिछले 15 सालों में रेलवे लाइन पर मरने वाले लोगों में से लगभग एक तिहाई लोगों के शव लावारिस अवस्था में पड़े हैं

# आंकड़ों ने चौंकाया, रेल हादसों में 22 साल में 72 हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई

**हिंदमाता नेटवर्क @ मुंबई**

**मुंबई** में रेल हादसों के चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। दरअसल पिछले 15 सालों में मुंबई महानगर क्षेत्र में रेलवे लाइन पर मरने वाले लोगों में से लगभग एक तिहाई लोगों का शव लावारिस अवस्था में पड़ा है। ये पूरी जानकारी आरटीआई के जवाब से मिली। मिली जानकारी के अनुसार उपनगरीय नेटवर्क पर ट्रेन दुर्घटनाओं में जान गंवाने के बाद भी जिन लोगों की पहचान नहीं हो पाई है, उनकी संख्या कुल मृतकों (46,969) का 31 फीसदी (14,513) है। सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) के प्रयासों के बावजूद उन्हें उनके परिजनों तक नहीं पहुंचाया जा सका। ऑर्थोपेडिक डॉ. सरोश मेहते द्वारा आरटीआई याचिका के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों से पता चलता है कि 2019 के बाद से लावारिस शवों का प्रतिशत बढ़ना शुरू हुआ।

### पटरियां पार करते हुए अधिकांश मौतें



2002 से 2024 के बीच, विभिन्न कारणों से रेलवे लाइनों पर 72,000 से अधिक लोगों की जान चली गई, जिनमें से अधिकांश ट्रैक पार करते समय कुचले गए. आंकड़ों से पता चलता है कि 2012 से हर साल कुल मौतों में कमी आ रही है। एकमात्र अपवाद 2022 था जब महामारी के कारण घर पर फंसे लोग शहर की जीवन रेखा पर काम पर लौटने लगे।

### अभी लंबा रास्ता तय करना है

डॉ. मेहता ने कहा कि ट्रैक पार करने और ट्रेनों से गिरने जैसी घटनाओं को बाउंड्री वॉल और बंद दरवाजे वाले कोच जैसे उपायों से रोका जा सकता है। रेलवे ट्रैक पार करने को हतोत्साहित करने के लिए फुट ओवर-ब्रिज बना रहा है और एस्केलेटर लगा रहा है, लेकिन रेलवे के शून्य मृत्यु के मिशन को प्राप्त करने के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना है।

### दुर्घटना के शिकार लोगों की पहचान मुश्किल

पुलिसकर्मियों ने बताया कि रेल दुर्घटना के शिकार व्यक्ति की पहचान करना चुनौतीपूर्ण है। कई बार शव इतने क्षत-विक्षत हो जाते हैं कि उनकी पहचान नहीं हो पाती और फोन या पहचान पत्र जैसी चीजें भी नहीं मिल पातीं। जीआरपी शोध वेबसाइट चलाती थी, लेकिन यह वेबसाइट बंद हो गई।

इटावा में यादव कथावाचक से बदसलूकी

## बाल और चोटी काटी, मारपीट के बाद गांव से खदेड़ा

● वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**हिंदमाता नेटवर्क @ इटावा**

**उत्तर** प्रदेश के इटावा जिले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें भीड़ द्वारा दो लोगों के साथ बदसलूकी की जा रही है। एक के चोटी और बाल काटे जा रहे हैं। सफेद कुर्ता-लाल धोती पहने हुए एक पीड़ित मौके पर मौजूद महिला के पैर छूता हुआ और नाक रगड़ता हुआ नजर आ रहा है। भीड़ ने पीड़ितों का हारमोनियम भी तोड़ दिया। पुलिस ने इस वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। एक पीड़ित ने बताया कि उसका नाम संत कुमार यादव है और वह कथावाचक मुकुट मणि यादव के साथ सहायक के तौर पर रहता है। दोनों गांव में कथा कहने के लिए गए थे, तभी वहां ब्राह्मण समुदाय के लोगों ने उनको टोका और जाति पूछकर उन्हें पीट दिया। आरोप है कि भीड़ ने कथावाचक के सहायक के चोटी और बाल काट दिए, जिसका वीडियो भी वायरल हुआ है। एक महिला के जबरन पैर छुआए गए। और साथ ही नाक रगड़ने को भी मजबूर किया गया। मानव मूत्र का छिड़काव करने के बाद छोड़ा गया। पुलिस जांच कर रही है।



## शॉर्ट स्टोरी

### सामाजिक संस्था अंधेरी विकास समिति का हुआ गठन

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**



अंधेरी पूर्व विधानसभा के सर्वदलीय नेताओं द्वारा सामाजिक सरोकारों को बढ़ावा देना व समस्याओं के समाधान के लिए अंधेरी विकास समिति नामक सामाजिक संस्था का गठन किया गया है। जिसका मूल उद्देश्य राशनिंग कार्यालय, एसआरए, गार्डन, हॉस्पिटल, शिक्षा और भ्रष्टाचार जैसी व्याप्त समस्याओं से लोगों को बचाना है और इन स्थानों पर हो रही दिक्कतों का पुरजोर समाधान करना है। शेरे पंजाब के हिल्टन टावर में सर्व दलीय बैठक में पूर्व उपमहापौर राजेश शर्मा को सर्वसम्मति से संस्था का अध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर शर्मा ने कहा कि संस्था की पृष्ठभूमि भले ही राजनेताओं की हो परंतु सभी के सहयोग से केवल और केवल सामाजिक कार्यो को ही किया जाएगा। इस कार्यकारिणी में मुख्य रूप से संस्थापक दिलीप राव माने, पूर्व नगरसेवक,क्लाइव डायस, तेज तर्रार नेता अखिलेश सिंह, जगत गौतम, शांताराम पाटकर, उमेश उपाध्याय, मनीष पटेल व अधिवक्ता सतीश मिश्रा शामिल है।

### ऐतिहासिक जनसंवाद बैठक संपन्न

**हिंदमाता संवाददाता @ वसई**

वसई विधानसभा की मेहनती और संघर्षशील विधायक स्नेहा दुबे पंडित के नेतृत्व में प्रभाग समिति (ई) के अंतर्गत उत्तर वसई, निर्मल नाका, नालासोपारा पश्चिम में एक महत्वपूर्ण जनसंवाद बैठक आयोजित की गई। यह बैठक वसई-विरार महानगरपालिका क्षेत्र की नागरिक समस्याओं के समाधान हेतु एक मील का पत्थर साबित हुई। बैठक में स्थानीय नागरिकों ने पानी की किल्लत, खराब सड़कें, अतिक्रमण, स्वास्थ्य सेवाएं, करों से जुड़े मुद्दे, महिलाओं के लिए सुविधाएं और बिजली आपूर्ति जैसी अनेक समस्याएं सामने रखीं। विधायक स्नेहा दुबे-पंडित ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए त्वरित समाधान और शासन स्तर पर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया। इस बैठक में वसई-विरार महानगरपालिका के परिमंडल-2 उपआयुक्त दीपक झिंजाड, प्रभाग समिति (ई) की अश्विनी मोरे, उप अभियंता सतीशकुमार सूर्यवंशी, पाणीपुरवठा और विद्युत विभाग के अधिकारी, अतिक्रमण अधिकारी, महिला एवं बाल कल्याण विभाग के प्रतिनिधि, स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

### आईजीएम अस्पताल में नवजात शिशुओं को किट का वितरण

**हिंदमाता संवाददाता @ भिवंडी**



सोमवार 23 जून को महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे का जन्मदिन हिल लाइन हास्पिटल व श्री साई सेवा संस्था के कार्यकर्ताओं की तरफ से धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह स्व इंदिरा गांधी उप जिला अस्पताल, भिवंडी में भिवंडी भाजपा जिला अध्यक्ष रविकांत सावंत के हाथों नवजात शिशुओं को किट और अन्य मरीजों को फल वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तर भारतीय समाज सेवा संस्था के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल सिंह, पूर्वनगर सेवक उमेश भोईर, हिल लाइन अस्पताल के संचालक डॉक्टर शमशेर सिंह, श्री साई सेवा संस्था की अध्यक्ष डॉक्टर स्वाति सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### भाजपा ने किया निःशुल्क चश्मों का वितरण

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**



मुंबई भाजपा सचिव अजय तिवारी की सामाजिक संस्था अजय चेरिटेबल ट्रस्ट, सामाजिक संस्था प्रियदर्शिनी, तारागण नेत्रालय और सिद्धिविनायक डायग्नोस्टिक सेंटर के संयुक्त प्रयास से मुफ्त चश्मा वितरण, मोतियाबिंद ऑपरेशन, ब्लड के अलावा अन्य बीमारियों की जांच पड़ताल कर उपचार किया गया। तिवारी द्वारा आयोजित कार्यक्रम पंप हाउस के अंधेरी पूर्व में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पूर्ण जागरूकता के साथ हिस्सा लिया। सिद्धिविनायक मंदिर के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी ने कहा कि गरीबों व असहायों की मदत से बढ़कर दुनिया में ना कोई धर्म है और ना पुण्य। आयोजक अजय तिवारी ने कहा कि जिस कार्य को करो पूरी निष्ठा और लगन से समर्पित होना चाहिए और जब तक पूर्ण ना हो जाये करते ही रहना चाहिए। इस अवसर पर उत्तर पश्चिम भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानमूर्ति शर्मा, मंडल अध्यक्ष राखी गुप्ता सहित बड़ी संख्या कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे। अंत में तिवारी ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।

### जर्जर मकान की दीवार गिरने से बुजुर्ग महिला घायल

**हिंदमाता संवाददाता @ भिवंडी**

शहर के थर्ड निजामपुर इलाके में बीती रात एक जर्जर मकान नंबर 32 की दीवार ढहने की घटना में एक महिला घायल हो गई। भिवंडी महानगरपालिका द्वारा खतरनाक घोषित करीब 70 से 80 साल पुराने लोड-बेयरिंग एक मंजिला घर की दीवार रात में अचानक गिर गई। जब यह दीवार पास के घर पर गिरी, तो मलबा घर में सो रही एक महिला के सिर पर गिरा, जिससे बुजुर्ग महिला घायल हो गई। घायल महिला का नाम तरन्नुम पटेल उम्र 67 वर्ष बताया गया है। उन्हें इलाज के लिए इलाके के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय प्रभाग समिति क्रमांक 5 के सहायक आयुक्त बलराम भोईर ने कहा कि इस दुर्घटना के बाद, महानगरपालिका ने सुबह से खतरनाक इमारत को पूरी तरह से गिराना शुरू कर दिया है।

# पत्नी की हत्या का दोषी पाया गया 71 वर्षीय बुजुर्ग

**• अदालत ने सुनाई उम्रकैद की सजा**

**हिंदमाता संवाददाता @ ठाणे**

ठाणे जिले में एक 71 वर्षीय बुजुर्ग को अपनी बीमार पत्नी की हत्या का दोषी पाया गया है। अदालत ने दोषी पति को सश्रम उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने सजा सुनाते हुए कहा कि दोषी ने जानबूझकर और सोची समझी साजिश के तहत अपनी बीमार पत्नी की हत्या की। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वीएल भोसले ने आरोपी शोभनाथ राजेश्वर शुक्ला को पत्नी शारदा की हत्या का दोषी पाया और आईपीसी की विभिन्न धाराओं में उम्रकैद की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

### क्या है मामला?



आरोपी पति ने 8 नवंबर 2019 को ठाणे के वागले एस्टेट इलाके में स्थित घर में अपनी पत्नी की हत्या की। हत्या के बाद आरोपी ने महिला के बेटे को इसकी सूचना दी। जब बेटा अपनी मां को लेकर अस्पताल पहुंचा तो उसे कुछ शक हुआ। दरअसल उसने अपनी मां के गले पर हाथों के निशान देखे। जिस पर उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्ट में महिला की मौत की वजह दम घुटना बताया गया। अभियोजक पक्ष ने कहा कि बुजुर्ग दंपति के बीच काफी तनातनी रहती थी।

### दंपति के बीच होता था विवाद

शारदा एक विधवा थी और उसने शोभनाथ से दूसरी शादी की थी। शोभनाथ की भी ये दूसरी शादी थी और उसकी पहली पत्नी की मौत हो गई थी। शारदा के पहली शादी से तीन बेटे थे। शारदा और शोभनाथ के बीच संपत्ति को लेकर विवाद था। दरअसल शारदा ने अपने पहले पति की संपत्ति बेचकर एक कमरे का निर्माण कराया था। शारदा इस कमरे को अपने छोटे बेटे को देना चाहती थी, जबकि शोभनाथ इसे अपने बेटे को दिलाना चाहता था। साल 2019 में गिरने की वजह से शारदा चलने फिरने में असमर्थ हो गई और पूरे समय बिस्तर पर ही लेटे रहती थी।

### शारदा के बेटों ने दी गवाही

शारदा के बेटों ने भी शोभनाथ के खिलाफ गवाही दी और बताया कि शोभनाथ अक्सर शारदा को बोझ बताता था और उसे मारने की धमकी देता था। हालांकि बचाव पक्ष ने दावा किया कि शारदा ने आत्महत्या की। हालांकि अभियोजन पक्ष ने इस दावे को खारिज कर दिया और बताया कि शारदा बिस्तर पर लेटी रहती थी और वह आत्महत्या नहीं कर सकती थी। सुनवाई के बाद जज ने माना कि शोभनाथ ने ही अपनी पत्नी शारदा की गला दबाकर हत्या की और उसे सश्रम उम्रकैद की सजा सुनाई।

# ट्यूशन टीचर की शर्मनाक हरकत

**• घर बुलाकर बीए की छात्रा से किया रेप, आरोपी गिरफ्तार**

**हिंदमाता संवाददाता @ ठाणे**



ठाणे जिले में 17 वर्षीय छात्रा से बलात्कार करने के आरोप में एक ट्यूशन शिक्षक को गिरफ्तार किया है। इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी। जिसके मुताबिक 50 वर्षीय आरोपी भायंदर में निजी ट्यूशन क्लास लेता था और पीड़िता के घर भी पढ़ाने जाता था। वहीं इसी दौरान उसने बैचलर ऑफ आर्ट्स (बीए) कोर्स की प्रथम वर्ष की छात्रा को करियर के विकास पर चर्चा करने के बहाने घर बुलाया और रेप किया।

### आरोपी ने पीड़िता को दी धमकी





नवघर पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने पीड़िता को घटना के बारे में किसी को बताने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी। आरोपी ने बाद में पीड़िता के साथ अक्टूबर 2023 और नवंबर 2024 के बीच कई मौकों पर अपनी कक्षाओं के साथ-साथ उसके घर पर भी बलात्कार किया, जब आसपास कोई नहीं था।

### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

पीड़िता ने हाल ही में अपनी मां को अपराध के बारे में बताया और दोनों ने बाद में पुलिस से संपर्क किया। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2)(डी) (बलात्कार), 74 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग) और 351(2) (आपराधिक धमकी) व यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। साथ ही यह भी पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आरोपी इस तरह की और कितनी घटनाओं में शामिल रहा है।

# महावितरण अधिकारियों की लापरवाही से गई कर्मचारी की जान

**गैर-इरादतन हत्या और लापरवाही की धाराओं के तहत मामला दर्ज**



**हिंदमाता संवाददाता @ विरार**

शहर के अनाळी क्षेत्र स्थित तुकुर्ला पाडा क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में 26 वर्षीय युवक जयेश हरेश्वर घरत की विद्युत पोल पर काम करते समय करंट लगने से मौत हो गई। इस घटना के संबंध में दो महावितरण कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया गया है। मृतक की पहचान जयेश हरेश्वर घरत (26) है जो कि घर नं.3830, तुकुर्ला पाडा, अनाळी, विरार पश्चिम के रहने वाले थे।

### स्थायी कर्मचारी नहीं था मृतक

जयेश स्थायी कर्मचारी नहीं था, फिर भी उसे विद्युत पोल पर काम करने के लिए चढ़ाया गया था। जानकारी के अनुसार 30 मई को सुबह करीब 9:30 बजे अनार्ला धसपाडा इलाके में महावितरण के स्थायी कर्मचारी नितीन दिलीप सालवी और पवनकुमार सुरेश इंगले द्वारा विद्युत पोल पर मरम्मत का कार्य किया जा रहा था। इस दौरान जयेश घरत को भी पोल पर चढ़ने को कहा गया, जबकि वह इस कार्य के लिए अधिकृत या प्रशिक्षित नहीं था। काम के दौरान पोल पर करंट प्रवाहित हो गया, जिससे जयेश को जोरदार झटका लगा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### • जांच के बाद मामला दर्ज

पुलिस के अनुसार दोनों कर्मचारियों ने सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए लापरवाही पूर्वक कार्य किया,जिसके चलते यह हादसा हुआ। इस घटना के बाद जयेश के परिजनों और स्थानीय नागरिकों में शोक की लहर है। संबंधित थाना क्षेत्र में मृतक के परिजन द्वारा शिकायत की गई थी। पुलिस की छानबीन के बाद 22 जून 2025 को पुलिस हवलदार रामहरि कोलेकर की शिकायत पर अनाळी पुलिस स्टेशन में नितीन साळवी और पवन कुमार इंगळे के खिलाफ गैर इरादतन हत्या और लापरवाही की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि मामले की गहन जांच जारी है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कल्याण की सड़कों पर भड़का तनाव

**• यातायात पुलिस और बाइक सवार के बीच हुई हाथापाई**

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**

रविवार दोपहर जब कल्याण-शाहाड मार्ग पर ऑन-ड्यूटी यातायात पुलिसकर्मी सचिन ओंबासे ने बाइक सवार मयूर केणे को कथित गलत दिशा में वाहन चलाने पर रोका। शुरू में सामान्य दिख रहा यह संवाद कुछ ही क्षणों में हाथापाई में बदल गया। राहगीरों ने बताया कि दोपहर करीब 12 बजे भीड़-भाड़ और धीमी गति के बीच, जब सचिन ओंबासे ने मयूर केणे को रोकने का इशारा किया, तो बाइक सवार ने प्रतिक्रिया स्वरूप अभद्र शब्दों का प्रयोग कर पुलिसकर्मी का कॉलर पकड़ लिया। कुछ ही सेकंड में विवाद बढ़ गया। करीब 30 मिनट तक यह झड़प चली।



### दोनों पक्ष एक-दूसरे से भिड़े

स्थानीय लोग, जो जाम के कारण खुद भी परेशान थे, बीच-बचाव को आगे आए, लेकिन तनाव तब तक चरम पर पहुंच चुका था। एक चश्मदीद ने कहा, लेकिन जैसे ही कॉलर पकड़ा गया, दोनों तरफ उग्रता दिखी। लोग झुंड में इकट्ठा हो गए, कुछ ने फोन से वीडियो बनाया, कुछ ने समझाने की कोशिश की, लेकिन कुछ पल बाद झड़प नियंत्रण से बाहर लग रही थी। मोबाइल फुटेज में साफ दिखता है कि दोनों पक्ष एक-दूसरे से भिड़ते हुए पीछे की ओर धकेल रहे हैं।

### कॉलर पकड़ने और अभद्र भाषा के उपयोग का आरोप

यह पहली बार नहीं जब इस मार्ग की भीड़-भाड़ और अस्पष्ट संकेत व्यवस्था पर सवाल उठे हों। निवासियों ने पहले भी कहा था कि लेन विभाजन अस्पष्ट हैं, चेतावनी बोर्ड कम और मध्यस्थता तंत्र अनुपस्थिति में छोटी टकराहट बड़ी घटना बन सकती है। यह वाकया उन पुरानी शिकायतों को फिर से ताजा करता है। जब जाम और गर्मी एक साथ हों, तो लोग अधिक संवेदनशील हो जाते हैं, एक राहगीर ने कहा। ऐसे माहौल में मामूली विवाद भी हाथापाई तक पहुँच सकता है।

### शांति एस्कॉर्ट तैनात करने पर चर्चा

पुलिस-प्रशासन स्तर पर विचार हो रहा है कि इस मार्ग पर स्पष्ट दिशा-निदेर्शीय बोर्ड, लेन विभाजन चिन्ह और गति नियंत्रक यंत्र लगाए जाएँ। साथ ही, भीड़-भाड़ के पिक आवर्स में विशेष मध्यस्थता दल या शांति एस्कॉर्ट तैनात करने पर चर्चा है, जो छोटी-झड़प न होते देख तुरंत स्थिति शांत कर सके। स्थानीय नागरिक संवाद मंच के माध्यम से सुझाव भी जुटाए जा रहे हैं, ताकि नियमावलियों का पालन सहज हो और तनाव कम रहे। यदि मामूली विवाद इतनी आसानी से हाथापाई में बदल सकता है, तो यह संकेत है कि सार्वजनिक मार्गों पर नियम-पालन के साथ-साथ आपात प्रतिक्रिया व्यवस्था भी मजबूत होनी चाहिए। प्राथमिक चिकित्सा आपात किट, अतिरिक्त पुलिस दल की तत्परता और बेहतर मोबाइल या डिजिटल अलर्ट सिस्टम से ही ऐसी घटनाओं को त्वरित खत्म किया जा सकता है।

### बाइक सवार के खिलाफ शिकायत दर्ज

महात्मा फुले थाना में बाइक सवार के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। थाना अधिकारी चश्मदीदों के बयानों, मोबाइल वीडियो और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा में जुटे हैं। वे इस बात की पुष्टि कर रहे हैं कि वास्तव में दिशा-नियम का उल्लंघन हुआ था या संचार में कोई भ्रांति ने विवाद को हवा दी। अधिकारी कहते हैं कि वर्दी का कॉलर पकड़ने और अभद्र भाषा के आरोप वीडियो व बयानों से जांचे जाएंगे।

# वर्क फ्रॉम होम के नाम ठगी करने वाला शातिर अपराधी गिरफ्तार

**हिंदमाता संवाददाता @ वसई**

सोशल मीडिया और टेलीग्राम जैसे ॲप्स के माध्यम से वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करने वाले एक साइबर अपराधी को बोलींज पुलिस थाना अंतर्गत गुन्हे प्रकटीकरण पथक ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान विशाल जगतसिंह खुबड (28) निवासी रामपुरा गाव, दिल्ली के रहने वाले के रूप में हुई है।

### छोटे रिटर्न से पैदा किया विश्वास



बता दें कि 08 अक्टूबर 2024 से 15 अक्टूबर 2024 के बीच, शिकायतकर्ता निलेश पाटील, निवासी म्हारंबलपाडा, चिखलडोंगरी, विरार पश्चिम, को एक महिला द्वारा खुद को एक कंपनी का प्रतिनिधि बताकर वर्क फ्रॉम होम का ऑफर दिया गया। शिकायतकर्ता को टास्क के नाम पर एक लिंक भेजी गई, जिससे उनका आईडी बनाया गया। शुरूआत में छोटे टास्क करवा कर कुछ पैसों का रिटर्न भी दिया गया जिससे विश्वास पैदा किया गया। इसके बाद गोल्ड बिडिंग, प्लैटिनम बिडिंग, डबल प्लैटिनम टास्क जैसी स्कीमें बताकर कुल 9,65,577 रुपए की ठगी की गई।

### फिर्यादी ने विभिन्न बैंकों में भेजी रकम

फिर्यादी द्वारा भेजी गई रकम विभिन्न बैंकों जैसे फेडरल बैंक, बंधन बैंक और आरबीएल बैंक के खातों में ट्रांसफर की गई थी। आरबीएल बैंक (रोहिणी शाखा, दिल्ली) के खाते में ठगी की रकम में से 3.5 लाख रुपए चेक के जरिए निकाले गए और 50000 रुपए एटीएम से निकाले गए। उक्त बैंक खाता कुलदीप विजय कुमार के नाम से है, लेकिन उससे लिंक मोबाइल नंबर मोहम्मद मुक्तार मोहम्मद समसुल के नाम पर पंजीकृत था। तकनीकी विश्लेषण से मोबाइल का लोकेशन दिल्ली के रामपुरा क्षेत्र में मिला।

### गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ जारी

बोलींज पुलिस की टीम ने वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति लेकर दिल्ली में दबिश दी। कई पते फर्जी निकले, लेकिन निरंतर 8 दिन तक सतर्क निगरानी और तकनीकी ट्रेसिंग के बाद विशाल जगतसिंह खुबड को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया। जांच में सामने आया कि उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर सुनियोजित साजिश के तहत यह साइबर ठगी की थी। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ जारी है और इस फजीवाड़े में शामिल अन्य फरार साथियों की तलाश भी पुलिस द्वारा की जा रही है। बोळींज पुलिस के इस एक्शन की सराहना हो रही है, जिसने बढ़ती ऑनलाइन ठगी की घटनाओं पर नकेल कसने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है।

# बुजुर्ग मां-बाप को बेटों ने पीट-पीटकर घर से निकाला

**पालघर।** पालघर जिले में करीब 75 साल के एक बुजुर्ग दंपति को उनके दो बेटों ने कथित तौर पर पीटा और घर से निकाल दिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने दोनों बेटों और उनकी पत्नियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 351(2) (आपराधिक धमकी) और 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि दोनों बुजुर्गों को आरोपियों ने कथित तौर पर कई बार पीटा और 16 जून को वसई के पाटील अली इलाके में उनके घर से निकाल दिया। अधिकारी ने बताया कि दंपति के पास जाने के लिए कोई जगह नहीं थी और उन्हें एक स्थानीय एनजीओ के स्वयंसेवक ने अस्थायी आश्रय प्रदान किया। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है और जांच की जा रही है।

# दो मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार

**दो नाबालिग आरोपियों को भी पकड़ा, चार मामलों का पर्दाफाश**

**हिंदमाता संवाददाता @ विरार**

शहर की बोलींज पुलिस स्टेशन अंतर्गत आनेवाले क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए लगातार कार्रवाई करते हुए चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस द्वारा कुल 4 मोटरसाइकिल चोरी के मामले सुलझाए गए और 1 लाख रुपए कीमत के बाइक सहित पूरा सामान बरामद किया गया। मामले की शुरूआत 9 जून से 10 जून 2025 के बीच हुई जब विरार के विष्णु पार्क में हसमुख लिम्बाचिया ने अपनी चॉकलेट रंग की स्कूटी चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद 12 से 13 जून के बीच मंगेश पाटील ने भी अपनी काली रंग की स्कूटी चोरी होने की रिपोर्ट दी। मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए बोलींज पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस टीम ने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज का गहन अध्ययन किया और संदिग्धों का पता लगाया। गुप्त सूचना के आधार पर अनुराग सुंदरम और मान्तेश कोली नाम के दो आरोपियों को विरार पश्चिम से गिरफ्तार किया गया। पुलिस जांच में



सामने आया कि आरोपियों ने कुल तीन मोटरसाइकिल चुराई थीं जिनकी कीमत करीब 1,00,000 रुपए है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की सभी बाइक बरामद की गईं। इसके अलावा, पुलिस ने 2 नाबालिग आरोपियों को भी पकड़ा है जो इस गिरोह से जुड़े थे। बोलींज पुलिस ने चोरी की बढ़ती घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए लगातार छापेमारी और जांच जारी रखने का वादा किया है ताकि क्षेत्र में अपराधियों को कड़ी सजा दिलाई जा सके।

**हिंदमाता एंकरः भूषण गगराणी ने शुरू की सख्त कार्रवाई, ट्रैफिक और सफाई व्यवस्था में होगा बड़ा सुधार**

# मुंबई की सड़कों से हटेंगी बेकार, कबाड़ और लावारिश गाड़ियां

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**

मुंबई की सड़कों पर खड़े बेकार, टूटे-फूटे और लावारिश गाड़ियों को अब तुरंत हटाया जाएगा। मुंबई बीएमसी कमिश्नर भूषण गगराणी ने सभी विभागों को सख्त निर्देश दिए हैं कि ऐसे वाहनों को तुरंत हटाकर उनकी सही तरीके से नष्ट करने की प्रक्रिया शुरू करें। मुंबई जैसे बड़े शहर में लावारिश और कबाड़ गाड़ियों को सड़कों के किनारे खड़े रहने से ट्रैफिक में परेशानी होती है। आम लोगों को पैदल चलने में भी दिक्कत होती है। इसी वजह से बीएमसी ने यह फैसला लिया है कि अब ऐसे वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।



### ट्रैफिक में रुकावट और लोगों को परेशानी

भूषण गगराणी ने कहा कि सड़कों को साफ और अड़चन मुक्त बनाना बीएमसी की प्राथमिकता है। बीएमसी ने मई 2025 से हर वॉर्ड में बाहरी एजेंसियां नियुक्त की हैं जो बीएमसी अधिकारियों के साथ मिलकर बेकार और भंगार गाड़ियों को पहचान कर हटा रही हैं। अब इस काम में तेजी लाने के लिए सभी को मिलकर काम करने के निर्देश दिए गए हैं। भूषण गगराणी ने कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ जुर्माना वसूलना नहीं है, बल्कि सड़कों को बेकार वाहनों और कबाड़ से मुक्त करना है ताकि मुंबई के लोग आराम से चल-फिर सकें।

### पुलिस की मदद से चलाए जाएंगे विशेष अभियान

पुलिस की मदद से चलाए जाएंगे विशेष अभियान, हर वॉर्ड में एक नोडल अधिकारी नियुक्त होगा जो बीएमसी, पुलिस और ठेकेदारों के बीच तालमेल बनाएगा, जिन लोगों ने सड़क पर वाहन या कबाड़ छोड़ा है, उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी। अब बीएमसी ने सड़कों को साफ और सुगम बनाने के लिए कमर कस ली है। अगर आपके इलाके में कोई बेकार वाहन या कबाड़ सड़क पर पड़ा है, तो वह जल्द ही हटाया जाएगा। इस कदम से मुंबई की ट्रैफिक और सफाई व्यवस्था में बड़ा सुधार होगा।

# मेट्रो काम के चलते 14 जुलाई तक ये सड़कें रहेंगी बंद

**• ट्रैफिक विभाग ने जारी की एडवायजरी**

**हिंदमाता संवाददाता @ ठाणे**

मुंबई के बाद अब ठाणे में भी मेट्रो का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी के तहत, मुंबई मेट्रो लाइन 4 के निर्माण को लेकर मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) और जे. कुमार इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड संयुक्त रूप से ठाणे के घोड़बंदर रोड पर आईएंडयू गर्डर और टीएंडएल प्रीकास्ट स्ट्रक्चर लगा रहा हैं। इस काम के चलते 22 जून से 14 जुलाई तक घोड़बंदर रोड पर रात के समय कुछ हिस्सों को अस्थायी रूप से बंद रखा गया। इस बारे में ठाणे ट्रैफिक विभाग द्वारा एक एडवायजरी जारी की गई है। यादी आप इस रास्ते से सफर कर रहे हैं तो जरूर ठाणे ट्रैफिक विभाग की एडवायजरी पढ़े। ताकि आपको यात्रा को लेकर परेशन ना होना पड़े।



### काम का समय

फिलहाल 22 जून से गर्डर लगाने का काम शुरू हैं। जिसका काम हर रात 11:00 बजे से सुबह 4:00 बजे तक किया जाएगा, ताकि दिन के समय यातायात में कम से कम बाधा आए। पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाट ने एक प्रेस नोट जारीकर इस ट्रैफिक बदलाव की पुष्टि की है।

### आपातकालीन सेवाएं को आने जानें की होगी छूट

ठाणे ट्रैफिक विभाग के एडवायजरी में कहा गया है कि ये ट्रैफिक प्रतिबंध एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, पुलिस वाहन, ऑक्सीजन टैंकर और अन्य जरूरी सेवाओं पर लागू नहीं होंगे। उन्हें बिना किसी रोक-टोक के गुजरने की अनुमति दी गई है।

### ये सड़कें रहेंगी बंद

**ठाणे से गायमुख मार्ग (भारी वाहन)**

- पिलर नंबर 85 के पास से भारी वाहनों की एंट्री बंद कर दी गई है।
- ऐसे वाहनों को यू-टर्न लेकर पोरबंदर ठाणे मेन रोड से होकर पिलर 102 पर दाएँ मोड़ना होगा और फिर इंडियन ऑयल पंप के सामने से मुख्य मार्ग पकड़ना होगा।

**हल्के वाहन**

इन्हें पिलर 85 के पास सेवा मार्ग (सर्विस रोड) की ओर डायवर्ट किया जाएगा। फिर वाहन इंडियन ऑयल पंप के पास मुख्य सड़क से दोबारा जुड़ जाएंगे।

**वैकल्पिक मार्ग घोड़बंदर से ठाणे**

नागला बंदर और आशा वाइन शॉप के पास सभी वाहनों को रोका जाएगा। वाहन चालकों को नागला बंदर डिपो (पिलर 72 और 73 के बीच) से होकर गुजरना होगा। इसके बाद ये वाहन आशा वाइन शॉप से लोढ़ा स्प्लेंडोरा कॉम्प्लेक्स के पास मुख्य सड़क पर लौटकर ठाणे की ओर आगे बढ़ सकेंगे।

• सपा विधायक पर क्यों भड़के सीएम फडणवीस सहित ये नेता?

# अबू आजमी हरा सांप है...

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**

महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और विधायक अबू आजमी के पंढरपुर वारी पालकी यात्रा को लेकर दिए गए बयान ने सियासी हलचल मचा दी है। उनके इस बयान पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदी की पार्टी शिवसेना और बीजेपी आध्यात्मिक विंग ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।



### अबू आजमी सनातन और हिंदू विरोधी हैं: कृष्णा हेगड़े



वहीं शिवसेना नेता कृष्णा हेगड़े ने भी आजमी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, अबू आजमी के बयान से साफ है वो सनातन और हिंदू विरोधी हैं, उनकी बात में कोई सच्चाई नहीं है। देश की जमीन सिर्फ हिंदुस्तान की है, किसी धर्म और संस्था की नहीं। पंढरपुर की यात्रा पर टिप्पणी सही नहीं है।

### अबू आजमी हरा सांप है: आचार्य तुषार भोसले



बीजेपी के आध्यात्मिक विंग के नेता आचार्य तुषार भोसले ने आक्रामक भाषा में प्रतिक्रिया दी और कहा, अबू आजमी हरा सांप है, उसके कमर पर लात मारकर उसे पाकिस्तान भेज देना चाहिए। हमारे पवित्र यात्रा पर टिप्पणी कैसे कर सकता है, हमारी पवित्र यात्रा को ट्रैफिक जाम बोलता है।

### क्या था अबू आजमी का बयान?

गौरतलब है कि अबू आजमी ने सोलापु0र में कहा था कि जब वे आ रहे थे, तब उन्हें बताया गया कि पालकी आने वाली है, जल्दी निकलो वरना रास्ता जाम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वारी की वजह से ट्रैफिक जाम होता है, लेकिन मुसलमानों ने कभी इसका विरोध नहीं किया।

### जान-बुझकर दिया जाता भड़काऊ बयान: आनंद परांजपे



सोमवार को पत्रकारों से बात करते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) मुख्य प्रवक्ता आनंद परांजपे ने सपा नेता की टिप्पणी की निंदा करते हुए कहा कि वह महाराष्ट्र में एक विषाक्त तत्व बन गए हैं। ने कहा कि अबू आजमी महाराष्ट्र में एक जहरीला तत्व बन गए हैं, जो सांप्रदायिक सद्भाव को बाधित करने के लिए बार-बार भड़काऊ बयान देते रहते हैं। सरकार को उनके खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आशादिवारी 800 साल पुरानी परंपरा है। एनसीपी नेता ने कहा कि कई मुसलमान अपनी सेवाएं देते हैं और वारी में भाग लेते हैं, जिसमें राज्य के विभिन्न हिस्सों से लाखों वारकरी संत ज्ञानेश्वर और संत तुकाराम की पालकी के साथ पंढरपुर तक पैदल जाते हैं।

### भाजपा और आजमी एक ही सिक्के के दो पहलू: वडेट्टीवार



कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने अबू आजमी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्हें सलाह दी है कि ऐसी वक्तव्य नहीं करने चाहिए। वडेट्टीवार ने कहा, अबू आजमी और भाजपा एक सिक्के के दो पहलू हैं। यह तय है कि अबू आजमी एक बात छेड़ेंगे और भाजपा हिंदू-मुस्लिम संघर्ष भड़काएगी। अबू आजमी भाजपा के इशारे पर यह बयान दे रहे हैं। यह मेरा स्पष्ट आरोप है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा, अबू आजमी ने किसी के दबाव में आकर ऐसा बयान दिया होगा, इसलिए मुझे लगता है कि यह वारकरी के संदर्भ में दिया गया। यह जानबूझकर हिंदू-मुस्लिम विवाद को पुनः स्थापित करने के लिए किया गया था और इस केवल भाजपा के लाभ के लिए ही किया गया।

### आजमी को जारी करेंगे नोटिस: प्यारे



अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष प्यारे खान ने कहा कि वह वारी पर टिप्पणी के लिए आजमी को नोटिस जारी करेंगे। उन्होंने कहा कि वारी के बारे में अबू आजमी का बयान अनुचित है और इससे दोनों समुदायों के बीच दरार पैदा होगी। प्यारे खान ने कहा, हम अबू आजमी को उनके बयान के संबंध में धारा 10 के तहत नोटिस जारी करेंगे। इसके अलावा, यदि आवश्यक हुआ तो हम उन्हें आयोग के समक्ष उपस्थित होकर जवाब देने के लिए कहेंगे। अगर वारी के बारे में अबू आजमी के बयान से महाराष्ट्र में कहीं भी दंगे भड़कते हैं, तो उनके खिलाफ नजदीकी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया जाएगा।

### सीएम देवेंद्र फडणवीस ने क्या कहा?



सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा, अबू आजमी विवादित बयान देने के शौकीन हैं। उन्हें लगता है कि विवादित बयान देने से उन्हें पब्लिसिटी मिलती है। उन्होंने साफ कहा कि वे अबू आजमी को पब्लिसिटी लायक नहीं समझते, इसलिए उनके बयान का कोई जवाब नहीं देंगे।

### आजमी ने फडणवीस को दिया जवाब

देवेंद्र फडणवीस को जवाब देते हुए आजमी ने कहा, मैंने कुछ भी गलत नहीं कहा है। मैं हिंदू त्योहारों का स्वागत करने के लिए तैयार हूं, लेकिन अगर जगह की कमी के कारण मुसलमान 10 मिनट के लिए सड़क पर नमाज पढ़ते हैं, तो नाराजगी क्यों होती है।

### • गायकवाड की नाराजगी भरी प्रतिक्रिया



अब बुलढाणा के शिवसेना विधायक संजय गायकवाड ने प्रतिक्रिया दी है। गायकवाड ने कहा, वारकरी समुदाय की परंपरा सैकड़ों वर्षों पुरानी है। वारकरी अनुशासन का प्रदर्शन करते हैं। हालांकि, ऐसे विवादास्पद बयानों का इस्तेमाल मुसलमानों के खिलाफ नफरत भड़काने के लिए किया जाता है। अबू आजमी यह दिखाकर दो जातियों के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। गायकवाड ने कहा कि वारकरी और पालकी यातायात में बाधा नहीं डालती हैं और यदि वे सड़क पर नहीं तो क्या हवा में उड़कर जाएंगे। ऐसे सवाल पूछकर विवादित बयान देने के लिए अबू आजमी को थप्पड़ मारना चाहिए। आजमी के बयान पर ऐसी नाराजगी भरी प्रतिक्रिया बुलढाणा शिवसेना विधायक संजय गायकवाड ने दी है।

### • आजमी दे रहे हैं राष्ट्र विरोधी बयान: म्हस्के



शिवसेना (शिंदे गुट) के सांसद नरेश म्हस्के ने कहा, आजमी दो समुदायों में अशांति पैदा करने के लिए इस तरह के राष्ट्र विरोधी बयान दे रहे हैं। ऐसे लोगों के वोट देने और चुनाव लड़ने के अधिकार छीन लिए जाने चाहिए। ये लोग नेता बनकर काम कर रहे हैं। महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने आजमी कि टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए पूछा कि क्या हज यात्रा पर सवाल उठाना ठीक रहेगा? उन्होंने कहा, अगर हमारा महाकुंभ, हमारी वारी शुरू होती है, तो उन्हें इस पर आपत्ति होती है। हमारी वारी साल भर नहीं चलती, लेकिन हर शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोग नमाज अदा करते हैं। हम इसे यहां बर्दाश्त नहीं करेंगे। अगर हम कल हज यात्रा के बारे में सवाल उठाते हैं, तो क्या यह ठीक रहेगा? किसी को भी वारी के बारे में बात करने की हिम्मत नहीं करनी चाहिए। हमारी वारी ऐसे ही चलती रहेगी।

## दरिंदे ने दस साल की बच्ची से किया रेप

• प्राइवेट में डाला पेचकस
• आरोपी की गर्लफ्रेंड ने बनाया वीडियो

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**




मुंबई के जोगेश्वरी ईस्ट के मेघवाड़ी इलाके से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक युवक ने 10 साल की नाबालिग बच्ची के साथ रेप की वारदात को अंजाम दिया। आरोप है कि दरिंदे ने बच्ची के प्राइवेट पार्ट में स्क्रू ड्राइवर डाला। इस दौरान उन्होंने इस घटना का वीडियो भी बनाया। मुंबई की मेघवाड़ी पुलिस ने इस मामले में 24 साल के एक युवक और उसकी 21 साल की गर्लफ्रेंड को गिरफ्तार किया है।

### क्या है पूरा मामला?

पुलिस के अनुसार, लड़की की मां एक कैटरिंग सर्विस फर्म में सुपरवाइजर के तौर पर काम करती है। वह एक चॉल में रहती है। दोनों आरोपी उसके अंडर में काम करने वाले वेटर हैं। वे मां-बेटी के साथ ही रहते हैं। पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, 15 मई से 14 जून के बीच जब लड़की की मां काम पर गई थी, तब आरोपी ने बच्ची के साथ कम से कम चार बार यौन उत्पीड़न किया। आरोपी ने बच्ची के प्राइवेट पार्ट में स्क्रू ड्राइवर डालकर उसे दर्द दिया और उसकी गर्लफ्रेंड ने इस अत्याचार का वीडियो भी बनाया।

### वीडियो वायरल करने की दी धमकी

पुलिस ने बताया कि आरोपी ने बच्ची को धमकी दी कि अगर उसने अपनी मां को इस बारे में बताया तो वह वीडियो वायरल कर देगा। गुरुवार 19 जून को बच्ची ने अपनी मां को यौन उत्पीड़न के बारे में बताया। इसके बाद उसकी मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

### इन धाराओं में केस दर्ज

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि, दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था। पुलिस ने इस मामले में धारा 64(1), 64(2)(आई), 77, 115, 352, 351(3), पॉक्सो एक्ट की धारा 4, 6, 8 और 12 तथा आईटी एक्ट की धारा 66ई और 67बी के तहत मामला दर्ज किया है।

## महिला का पर्स चुराने वाला चोर चिपलून से गिरफ्तार

**हिंदमाता संवाददाता @ कल्याण**



कल्याण रेलवे अपराध शाखा की पुलिस ने कल्याण-दौंड मेल एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा कर रही एक बुजुर्ग महिला का पर्स चुराने वाले एक चोर को महज 12 घंटे में चिपलून से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोर का नाम महेश घाग उर्फ विक्की है। उसके पास से चोरी के आभूषण और नकदी सहित 34 लाख 98 हजार 100 रुपये का कीमती सामान जब्त किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी को कल्याण रेलवे कोर्ट में पेश किया गया और कोर्ट ने उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया। 19 जून को एक बुजुर्ग महिला दौंड मेल एक्सप्रेस ट्रेन में कल्याण की ओर यात्रा कर रही थी। जब ट्रेन कल्याण स्टेशन पर पहुंची तो महिला सो गई थी। उसने अपना पर्स तकिए के नीचे रखा था। एक चोर ने उसकी नींद का फायदा उठाया और उसके तकिए के नीचे से उसका पर्स चुरा लिया। जब महिला जागी तो उसका पर्स तकिए के नीचे नहीं था। यह देखकर वह हैरान रह गई। महिला ने इस मामले में कल्याण रेलवे पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

## तेज हॉर्न बजाने पर बवाल

• बीजेपी पार्षद के बेटे से झड़प के बाद पत्थरबाजी

**हिंदमाता संवाददाता @ सोलापुर**

सोलापुर के घोंगड़े वस्ती इलाके में दो गुटों में हिंसक झड़प हो गई, जिसमें सात लोगों के घायल होने की सूचना है। यह झड़प एक मामलू से विवाद के बाद हुई। कार के तेज हॉर्न का विरोध करने पर दो लोग आपस में भिड़े और इसके बाद उनके साथी भी इसमें शामिल हो गए। मामला रविवार (22 जून) की रात करीब 10.00 बजे का है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इसमें पूर्व पार्षद के बेटे सहित दोनों गुटों के 7 लोग घायल हुए हैं। घोंगड़े वस्ती इलाके से रऊफ इनामदार और उसका दोस्त कार से गुजर रहे थे। इसी दौरान रऊफ इनामदार ने अपनी कार का हॉर्न बजाते हुए लोगों से सड़क से हटने के लिए कहा।

### 300 से ज्यादा लोगों के बीच हुई झड़प



उस समय, बीजेपी के पूर्व नगरसेवक सुरेश पाटील के बेटे बिपिन पाटील और रऊफ इनामदार के बीच इस बात को लेकर बहस शुरू हो गई कि वे जोर से हॉर्न क्यों बजा रहे थे? विवाद पहले मारपीट में बदला और फिर दोनों समूहों के 300 से अधिक लोगों की भीड़ आमने-सामने आ गई। दोनों गुटों ने एक-दूसरे पर पथराव किया।

### मौके पर पहुंची पुलिस ने संभाली स्थिति

इस पथराव में सात लोग चोटिल हुए हैं। क्षेत्र में मौजूद गाड़ियों को भी काफी हद तक नुकसान पहुंचा। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस उपायुक्त विजय कबाड़े सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस का दंगा नियंत्रण दल भी मौके पर पहुंचा। इस समय, पुलिस ने आक्रामक तरीके से घटनास्थल पर इकट्ठा हुए युवाओं को तितर-बितर किया। देर रात, घायलों को इलाज के लिए सोलापुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अभी तक इस मामले में किसी को हिरासत में लिया गया है या नहीं, यह पता नहीं चला है। न ही कोई केस दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस इलाके में तनाव को कंट्रोल कर चुकी है और शांति बरकरार करने में लगी है।

## ठाणे में स्वास्थ्य सुविधाएं बदहाल

गांव में सड़क न होने से पालकी से एंबुलेंस तक पहुंचाई गई गर्भवती

**हिंदमाता संवाददाता @ ठाणे**




ठाणे जिले के शाहापुर इलाके में एक गर्भवती महिला को सड़क न होने के कारण डोली (पालकी) में ले जाना पड़ा। यह घटना मुंबई से सिर्फ 100 किलोमीटर दूर के एक गांव की है, जो ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं और आधारभूत सुविधाओं की हालत को उजागर करती है। यह घटना सोमवार दोपहर करीब 1:30 बजे की है। 21 वर्षीय संगीता रविंद्र मुकने नाम की महिला को उसके गांव चाफेवाड़ी से एक किलोमीटर से भी ज्यादा दूरी तक डोली में ले जाया गया। उसे गाइडंड रोड पर खड़ी एंबुलेंस तक पहुंचाया गया। इस दौरान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। संगीता को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई थी और उसे तुरंत अस्पताल ले जाना जरूरी था। लेकिन गांव तक एंबुलेंस नहीं पहुंच सकती क्योंकि वहां तक जाने के लिए कोई पक्की सड़क नहीं है।

### लोगों की मांगों को किया गया नजरअंदाज

वहीं इसे लेकर स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश खोदका ने कहा, हम 2025 में हैं, लेकिन हालात देखिए। मुंबई जैसे बड़े शहर के इतने पास होने के बावजूद यह गांव आज भी सड़क से वंचित है। अगर सड़क होती तो महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ही इलाज मिल जाता। उन्होंने बताया कि बार-बार मांग करने के बावजूद नाडगांव ग्राम पंचायत ने चाफेवाड़ी तक सड़क नहीं बनवाई। रास्ते में हुई देरी के कारण संगीता को एंबुलेंस तक पहुंचने से पहले दौरा पड़ गया। इसके बाद उसे तुरंत ठाणे सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत स्थिर बताई है।

## कल्याण पश्चिम से बांग्लादेशी महिला गिरफ्तार

**हिंदमाता संवाददाता @ कल्याण**

कल्याण की महात्मा फुले पुलिस ने एक बांग्लादेशी महिला को गिरफ्तार किया है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस महिला के पास बांग्लादेशी आधार कार्ड पाया गया। पुलिस फिलहाल आगे की जांच कर रही है। कल्याण के पुलिस उपायुक्त अतुल जेंडे के मार्गदर्शन में पुलिस ने कल्याण डोंबिवली में बांग्लादेशी नागरिकों की तलाश शुरू कर दी है। अब तक कई बांग्लादेशी पकड़े जा चुके हैं। अब तक कल्याण पुलिस ने दस बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। महात्मा फुले थाने के पुलिस अधिकारी विकास मडके की टीम ने एक बांग्लादेशी महिला को हिरासत में लिया। महिला के पास बांग्लादेशी आधार कार्ड पाया गया। निपु अख्तर नाम की महिला पांच साल पहले भारत आई थी। वह मुंबई के कमाठीपुरा में रहती है। उसका दस साल का बेटा है। वह बांग्लादेश में रहता है। निपु की मां बच्चे की देखभाल करती है। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

## रिक्शा चालकों से मनमानी वसूली पर भड़के महेश गायकवाड

**हिंदमाता संवाददाता @ कल्याण**



ट्रैफिक पुलिस द्वारा रिक्शा चालकों पर हो रही कार्रवाई को लेकर शिंदे गुट के पूर्व नगरसेवक महेश गायकवाड ने ट्रैफिक पुलिस से मुलाकात कर ट्रैफिक इंचार्ज सचिन सांडभोर को एक निवेदन सौंपा। निवेदन के माध्यम से महेश गायकवाड ने अन्यायकारी कार्रवाई को रोकने की मांग की है। गायकवाड ने कहा कि ट्रैफिक पुलिस द्वारा नियमों के अधीन कार्रवाई ना करते हुए जरूरत से ज्यादा दंड वसूला जा रहा है। गायकवाड ने कहा कि 10 हजार रुपए दंड वसूलकर गरीब रिक्शा चालकों के साथ अन्याय किया जा रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई का महेश गायकवाड़ ने विरोध किया है। इस कार्रवाई को रोक कर नियमों के अधीन कार्रवाई करने की मांग महेश गायकवाड ने की। अन्यथा रिक्शा चालकों के सतज उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी गायकवाड ने दी है।

## सड़क हादसे में टैंकर चालक की मौत

**मुंबई।** मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर सोमवार को एक तेज रफ्तार टैंकर पुल की सुरक्षा रेलिंग को तोड़ते हुए खाड़ी में गिर गया, जिसमें चालक की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रथम द्दष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि जब वाहन ठाणे की ओर जा रहा था और घोड़बंदर क्षेत्र में पुराने वर्सोवा पुल को पार कर रहा था, तब चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। अधिकारी ने बताया कि भारी वाहन पुल की लोहे की सुरक्षा रेलिंग को तोड़ते हुए खाड़ी में जा गिरा। उन्होंने बताया कि हादसे के चलते घोड़बंदर रोड पर लंबा जाम लग गया। अधिकारी ने बताया कि क्रेन की मदद से टैंकर को बाहर निकालने के लिए अभियान चलाया गया। अधिकारी ने कहा कि चालक का शव बरामद कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस बात का पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि हादसे के समय क्या वाहन में कोई सहायक भी मौजूद था।

## पूर्व पीआईओ पर लगा 25 हजार का जुर्माना

**हिंदमाता संवाददाता @ उल्हासनगर**

कोकण बेंच द्वारा 11 जून 2025 को शासन में पारदर्शिता को मजबूत करने वाले एक महत्वपूर्ण कदम में महाराष्ट्र राज्य सूचना आयुक्त कोकण बेंच ने उल्हासनगर मनपा पीडब्ल्यूडी विभाग के सेवानिवृत्त लोक सूचना अधिकारी पीआईओ अश्विनी आहूजा पर 25 हजार का जुर्माना लगाया है। 11 जून 2025 को जारी यह आदेश वरिष्ठ आरटीआई कार्यकर्ता सत्यजीत बर्मन द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत दायर द्वितीय अपील के जवाब में पारित किया गया। अपील में अधिनियम के तहत मांगी गई जानकारी प्रदान करने में जानबूझकर की गई देरी और गैर-अनुशासन को उजागर किया गया था। मामले की समीक्षा करने के बाद आयुक्त ने पाया कि आहूजा को अपनी सेवा के दौरान एक नामित पीआरओ के रूप में अपने दायित्वों को पूरा करने में विफल रहने के कारण आरटीआई प्रावधानों का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया। परिणामस्वरूप, आरटीआई अधिनियम की धारा 20(1) के तहत अधिकतम जुर्माना लगाया गया।

## साइबर सुरक्षा पर ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**मुंबई।** वैंटेज नॉलेज अकैडमी लिमिटेड बीएसई में सूचीबद्ध एक प्रमुख पेशेवर शैक्षणिक कंपनी है, साइबर स्किल्सफियर के साथ एक सहयोग समझौता किया है। इस सहयोग के अंतर्गत वे साइबर सुरक्षा में नए मानक लॉन्च कर रहे हैं। इसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर साइबर सुरक्षा पेशेवरों की एक कार्यबल तैयार करना है, जिससे डिजिटल दुनिया के भविष्य के पेशेवर भारत में ही तैयार किए जा सकें। वैंटेज नॉलेज अकैडमी लिमिटेड के सीएफओ और निदेशक राजेश सी देढ़िया ने बताया कि इस सहयोग से साइबर सुरक्षा ऑडिटिंग और एश्योरेंस में एक संरचित, बहु-स्तरीय सर्टिफिकेशन कार्यक्रम तैयार किया गया है, जो सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में कार्यान्वित, उद्योग-तैयार पेशेवरों की आवश्यकता को पूरा करेगा। यह कार्यक्रम ऑडिटिंग बियॉन्ड चेकलिस्ट, सिक्योरिंग बियॉन्ड कॉम्प्लायंस की थीम पर आधारित है।

**हिंदमाता एंकर:** महाराष्ट्र में निकाय चुनाव से पहले हिंदी का झगड़ा क्या है? समझें पूरा मामला

## महाराष्ट्र में सभी पार्टियां हिंदी भाषा मुद्दे को भुनाने में जुटीं

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**

महाराष्ट्र में निकाय चुनाव से पहले भाषा को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। सभी पार्टियां इस मुद्दे को भूनाने की कोशिश में जुटी हैं। दरअसल, मंगलवार (17 जून) को देवेंद्र फडणवीस सरकार ने सरकारी आदेश (जीआर) में कहा था कि राज्य के मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में कक्षा एक से पांचवीं तक के छात्रों को तीसरी भाषा के रूप में हिंदी पढ़ाई जाएगी।



### विपक्षी पार्टियों ने किया विरोध

साथ ही कहा था कि, हिंदी अनिवार्य होने के बजाय सामान्य रूप से तीसरी भाषा होगी, लेकिन इसमें यह विकल्प भी दिया गया है कि यदि किसी स्कूल में प्रति कक्षा 20 विद्यार्थी हिंदी के अलावा कोई अन्य भारतीय भाषा पढ़ने की इच्छा व्यक्त करते हैं तो वे इसे छोड़ सकते हैं। इस आदेश का विपक्षी पार्टियां विरोध कर रही हैं। मराठी संगठन भी इस फैसले को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। सोमवार (23 जून) को ही मराठी अभ्यास केंद्र की अगुवाई में राज्यव्यापी आंदोलन खड़ा करने का फैसला लिया गया। इसके लिए 21 लोगों की कमेटी गठित की गई है।

### अप्रैल में शुरू हुआ विवाद

इससे पहले अप्रैल के महीने में हिंदी को लेकर बवाल खड़ा हुआ था। तब महाराष्ट्र सरकार ने विरोध के बाद फैसला वापस ले लिया। अब कुछ संशोधन के साथ सरकार ने आदेश जारी किए हैं। अप्रैल में जारी आदेश सरकार ने कहा था, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत महाराष्ट्र के विद्यालयों में पहली से पांचवी कक्षा के लिए त्रि-भाषा फॉमूर्ला लागू किया गया है। इससे पहले इन स्कूलों में पहली से चौथी कक्षाओं में केवल मराठी और अंग्रेजी की पढ़ाई अनिवार्य थी।

### सरकार का पक्ष

विरोध में सरकार में शामिल अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने सोमवार को कहा कि सरकार ऐसा कोई भी निर्णय नहीं लेगी, जिससे मराठी भाषा की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचे। वहीं मराठी भाषा मंत्री और एकनाथ शिंदे की शिवसेना के नेता उदय सामंत ने सोमवार (23 जून) को कहा कि हिंदी भाषा अनिवार्य नहीं है, ऐसा कोई परिपत्रक कहीं भी जारी नहीं किया गया है। त्रिभाषा सूत्र सिर्फ महाराष्ट्र में ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों में भी लागू है। बाकी सभी सवाल स्कूल शिक्षा मंत्री से पूछें। हिंदी को थोपा नहीं जा रहा है। हमारी बदनामी की जा रही है। जो बदनाम कर रहे हैं, उनको मेरा यही सुझाव है कि लोगों तक सही जानकारी पहुंचाएं।

### महाराष्ट्र नहीं अपना सकता दो भाषा नीति

इससे पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में उचित विचार-विमर्श के साथ पूरे देश में 3 भाषा नीति लाई है। एनईपी पूरे देश के लिए है और महाराष्ट्र दो भाषा नीति नहीं अपना सकता। अपनी क्षेत्रीय भाषा सीखते समय, यदि कोई छात्र एक अतिरिक्त भाषा सीखता है, तो इसमें क्या गलत है? अतिरिक्त भाषा उनके ज्ञान को बढ़ाने में मदद करेगी।

### राज ठाकरे मुखर

वहीं विपक्षी दलों का कहना है कि महाराष्ट्र में अगर हिंदी को अनिवार्य बनाया जा रहा है तो क्या यूपी में मराठी पढ़ाई जाएगी? मराठी मानुष को लेकर राजनीति करने वाले महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनए) के प्रमुख राज ठाकरे हिंदी के विरोध के लेकर मुखर हैं। उन्होंने 18 जून को कहा कि हिंदी सिर्फ एक राज्य भाषा है, राष्ट्र की नहीं है। नए बच्चों को यह सब ना सिखाएं। उसे जो भाषा सीखनी है, बड़े होकर समझ जाएगा। यहां तीसरी भाषा का दबाव क्यों है? यूपी, बिहार और एमपी में तीसरी भाषा क्या मराठी सिखाएंगे? गुजरात में भी हिंदी जरूरी नहीं है।

### इसे वैकल्पिक ही रहनी चाहिए

एनसीपी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि इसे वैकल्पिक ही रहना चाहिए। जो लोग हिंदी चुनना चाहते हैं, वे इसे चुन सकते हैं। सिर्फ इसलिए कि 50 से 60 प्रतिशत आबादी हिंदी बोलती है, इस भाषा को सभी के लिए अनिवार्य नहीं बनाया जा सकता।

### क्यों थोपी जा रही है हिंदी?

शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने विरोध में 19 जून को कहा कि इन्होंने हिंदू बनाम हिंदू की लड़ाई की परिस्थिति बना दी है। हिंदी थोपी क्यों जा रही है? देवेंद्र फडणवीस, अगर हिम्मत है तो हिंदी थोपकर दिखाइए। मुझे नहीं पता गुजरात में थोप रहे हैं या नहीं?

### कांग्रेस ने क्या कहा?

महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि आरएसएस और बीजेपी का एक राष्ट्र, एक भाषा, एक संस्कृति का यह एजेंडा महाराष्ट्र के मूल में पहुंच गया है और जब तक इसे खारिज नहीं किया जाता, हम चुप नहीं बैठेंगे। सपकाल ने एक्स पर लिखा, सीएम देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, अजित पवार की वफादारी महाराष्ट्र या मराठी लोगों के प्रति नहीं, बल्कि दिल्ली के लोगों के प्रति है।



लोग इसकी परवाह नहीं करते कि आप क्या कहते हैं, वे इसकी परवाह करते हैं कि आप क्या बनाते हैं।
– मार्क जकरबर्ग

दैनिक हिंदमाता मिरर — पैनी नजर, पुख्ता खबर
ठाणे, मंगलवार 24 जून, 2025
माइंड MIRROR

जीवन-मंत्र

# दिन में झपकी लेना हो सकता है खतरनाक, ऐसे होता है सेहत पर गंभीर असर

**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**

**दोपहर** में झपकी लेने की आदत वैसे तो काफी अच्छी लगती है। छोटी सी नींद को ऊर्जा बढ़ाने वाला या दिमाग को तरोताजा बनाने वाला तरीका माना जाता है। कुछ जगहों पर तो इसे सेहत का राज भी माना गया है। लेकिन क्या आप ये जानते हैं कि ये आदत आपकी सेहत पर भी असर डालती है, जहां एक ओर नियमित रूप ली गयी और छोटी झपकी आपको सेहतमंद बनाने में मददगार साबित हो सकती है, तो वहीं लंबी और अनियमित रूप से ली गयी झपकी जान को खतरे में भी डाल सकती है। ये खुलासा हुआ है हार्वर्ड मेडिकल स्कूल और मैसाचुसेट्स जनरल हॉस्पिटल की ओर से की गयी एक नयी रिसर्च में हुआ है।



### लंबी झपकी

रिसर्च में करीब 63 साल के 86 हजार से ज्यादा लोगों की दिनचर्या पर करीब 11 साल तक नजर रखी गयी। सभी लोगों को एक पहनने वाली डिवाइस दी गयी, जिसके जरिए उनकी नींद और झपकी के पैटर्न पर नजर रखी गयी। इस रिसर्च में पाया गया कि लंबे समय तक, अनियमित और दोपहर को 11 बजे से 3 बजे के बीच झपकी लेने वालों में मौत का खतरा काफी ज्यादा था, भले ही उनका वजन, धूम्रपान, शराब की आदत या रात की नींद जैसी बातें दूसरे लोगों के बराबर हो।

### कौन सी झपकी है खतरनाक?

रिसर्च में सामने आया कि जो लोग नियमित रूप से दोपहर के समय 30 मिनट से ज्यादा लंबी झपकी लेते हैं, उनमें मौत का खतरा काफी बढ़ जाता है। यह आदत मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हृदय रोग जैसी बीमारियों से भी जुड़ी पाई गयीं।

### झपकी लेने का समय सही नहीं

रिसर्च के मुताबिक जिन लोगों का झपकी लेने का समय और अवधि रोजाना बदलती रहती है, उनमें भी मौत का खतरा काफी ज्यादा रहता है। क्योंकि उनकी इस आदत से उनके सर्केडियन रिद्म यानी शरीर की जैविक घड़ी पर असर पड़ सकता है और ये छुपी हुई बीमारियों का संकेत भी हो सकता है।

### दोपहर के समय ली गयी झपकी

शोधकताओं के मुताबिक, दिन में 11 बजे से 3 बजे के बीच झपकी लेने वाले लोगों में भी सेहत बिगड़ने का खतरा काफी बढ़ जाता है, भले ही उनकी लाइफस्टाइल और दूसरी बीमारियां अन्य लोगों के समान हों।

### क्यों बढ़ जाता है खतरा?

रिसर्च के मुताबिक झपकी का ये पैटर्न अक्सर रात की खराब नींद या शरीर की जैविक घड़ी में गड़बड़ी या छुपे हुए हृदय रोग, डायबिटीज, डिप्रेशन जैसी बीमारियों का संकेत हो सकते हैं। लंबी या अनियमित झपकी लेने वालों में मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, इंसुलिन रेजिस्टेंस, सूजन और दिमागी बीमारियों के शुरूआती लक्षण भी ज्यादा पाए गए। दिन में आमतौर पर वह लोग झपकी लेते हैं जिनको रात में सही नींद नहीं आती है। सही नींद न आने से ही डायबिटीज और हाई बीपी जैसी बीमारियों का खतरा रहता है।

---

संपादकीय

## हर स्तर पर जरूरी जल संरक्षण

**देश** में इस बार मानसून सीजन (जून से सितंबर) में सामान्य से ज्यादा बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार बारिश 106 प्रतिशत रह सकती है। वहीं जून महीने में भी बारिश सामान्य से ज्यादा होगी। यह किसी से छिपा नहीं है कि हमारे देश में गर्मी और लू के दिन जहां बढ़ रहे हैं, वहीं बरसात के दिन घटते जा रहे हैं। बारिश अचानक कुछ घंटे में इतनी हो जाती है कि आनंद त्रासदी में बदल जाता है और फिर जैसे ही बादल विदा हुए वह इलाका पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसने लगता है। तिस पर अब जलवायु परिवर्तन की मार देश के दूरस्थ अंचल तक दिख रही है। ऐसे में मानसूनी वर्षा के जल को यदि सलीके से नहीं सहेजा गया तो देश की सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर जल-संकट का बड़ा प्रभाव होगा। देश में हमारे पूर्वजों ने इस तरह की जल-निधियां विकसित की थीं, जो न्यूनतम बरसात में लोगों की जल जरूरतों को पूरा करने में सक्षम थीं, लेकिन आधुनिकता की आंधी में हमने ही अपनी समृद्ध विरासतों को बिसरा दिया। ये लोक परंपराएं न केवल पानी की कमी से निपटने और मानसून की तैयारी करने के व्यावहारिक तरीका थीं, बल्कि सामाजिक बंधनों को मजबूत करने, प्रकृति के प्रति सम्मान जगाने और पीढ़ी दर पीढ़ी ज्ञान और संस्कृति को हस्तांतरित करने का माध्यम भी थीं। यदि कुछ दशक पहले पलट कर देखें तो आज पानी के लिए हाय-हाय कर रहे इलाके अपने स्थानीय स्रोतों की मदद से ही खेत और गले, दोनों के लिए अतिरिक्त पानी जुटाते थे। एक दौर आया कि अंधाधुंध नलकूप लगाए जाने लगे, जब तक संभलते जब तक भूजल का कोटा साफ हो चुका था। समाज को एक बार फिर बीती बात बन चुके जल-स्रोतों-तालाब, कुएं, बावड़ी की ओर जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, लेकिन एक बार फिर पीढ़ियों का अंतर सामने खड़ा है, पारंपरिक तालाबों की देखभाल करने वाले लोग किसी और काम में लग गए और अब तालाब सहेजने की तकनीक नदारद हो गई है। हमारे देश में औसतन 1170 मिमी पानी सालाना आसमान से नियामत के रूप में बरसता है। देश में कोई पांच लाख 87 हजार के आसपास गांव हैं। यदि औसत से आधा भी पानी बरसे और हर गांव में महज 1.12 हेक्टेयर जमीन पर तालाब बने हों तो देश की कोई एक अरब 30 करोड़ आबादी के लिए पूरे साल पीने एवं अन्य प्रयोग के लिए 3.75 अरब लीटर पानी आसानी से जमा किया जा सकता है। एक हेक्टेयर जमीन पर महज 100 मिमी बरसात होने की दशा में 10 लाख लीटर पानी एकत्र किया जा सकता है। देश के अभी भी अधिकांश गांवों में पारंपरिक तालाब-जोहड़, बावड़ी, झील जैसी संरचनाएं उपलब्ध हैं। जरूरत है तो बस उन्हें करीने से सहेजने की और उनमें जमा पानी को गंदगी से बचाने की। यदि इसमें हम सफल होते हैं तो किसानों को अपने स्थानीय स्तर पर ही सिंचाई का पानी भी मिलेगा। यदि तालाब लबालब होंगे तो जमीन की पर्याप्त नमी के कारण सिंचाई-जल कम लगेगा। साथ ही खेती के लिए अनिवार्य प्राकृतिक लवण आदि भी मिलते रहेंगे। इसी सोच के साथ केंद्र ने अमृत तालाब योजना शुरू की थी, लेकिन कहीं तकनीक का अभाव तो कहीं लापरवाही के चलते योजना के माकूल परिणाम नहीं मिले। यदि अभी भी चेत जाएं और इन सूखे तालाबों में पानी के आगम मार्ग को साफ कर दें और गाद हटा दें तो भावी जल संकट से निपट सकते हैं। तालाब संरक्षण की बात तो सभी करते हैं, लेकिन आज जरूरी है कि छोटी नदियों की भी सुध ली जाए। उत्तर प्रदेश में नदियों की संख्या लगभग 1,000 है, जिनका 55 हजार किलोमीटर का नेटवर्क है। उनमें से 30 हजार किलोमीटर क्षेत्र में जल घटा है या सूखा है। प्रदेश की 100 छोटी और सहायक नदियां सूख चुकी हैं। बिहार की 50 से अधिक नदियां संकट में हैं। इनमें 32 बड़ी नदियां सूख चुकी हैं, जबकि 18 में पानी थोड़ा बचा है। ऐसा तब है, जबकि इस वर्ष राज्य में प्री मानसून में सामान्य से पांच प्रतिशत ज्यादा (62.3 मिमी) बारिश हो चुकी है। हैरानी की बात है कि गंगा, सोन और अघवारा जैसी बड़ी नदियों में भी पानी कम है। उत्तराखंड में अल्मोड़ा-हल्द्वानी की लाइफलाइन कोसी और गौला नदियों का जलस्तर कम हो रहा है। कोसी की कुल 21 सहायक नदियों एवं नालों में से 20 गर्मी में सूख जाते हैं। इन नदियों की सफाई हो। इनके किनारे के अतिक्रमण हटें। इनको गहरा किया जाए और छोटे-छोटे डैम बना दिए जाएं। जब इनमें पानी भरेगा तो ये संरचनाएं हरियाली भी लाएंगी और खुशहाली भी। कुल मिलाकर आज देश की जल निधियों के संरक्षण और गहरीकरण की व्यापक योजना बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए सरकार और समाज, दोनों को मिलकर काम करना होगा। इसके तहत जल निधियों के मूल स्वरूप का सर्वे किया जाना चाहिए। उन पर हुए अतिक्रमण या अवांछित निर्माण को हटाने या जल-आवक-निकासी के वैकल्पिक मार्ग निर्माण की योजना बनाई जानी चाहिए। छोटी नदियों को स्थानीय तालाब-जोहड़ से जोड़ा जाना चाहिए। इन सभी स्थानों पर पौधरोपण होना चाहिए। नदियों के किनारे गहरे भूजल रीचार्ज की व्यवस्था होनी चाहिए। शहरों में बड़ी इमारतों में रीचार्ज पिट का निर्माण किया जाना चाहिए। जाहिर है इसके लिए बहुत से विभागों का समन्वित और एकजुट प्रयास जरूरी होगा।

### आज का इतिहास

- 2004 - जॉन नेग्रोपोटे ईराक में अमेरिका के पहले राजदूत बने।
- 2005-अमेरिका द्वारा भारत को सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता की दावेदारी को मान्यता।
- 2006 - फिलिपीन्स में मौत की सजा समाप्त।
- 2007 - इराकी हाई ट्रिब्यूनल ने सद्दाम हुसैन के चचेरे भाई अली हसन अल माजिद उर्फ.केमिकल अली सहित तीन लोगों को फांसी की सजा सुनाई।
- 2008 - नेपाल के प्रधानमंत्री गिरिजा प्रसाद कोइराला ने अपने पद से इस्तीफा दिया।
- 1937 - जगन्नाथ मिश्रा - भारतीय राजनेता और बिहार के भूतपूर्व मुख्यमंत्री थे।
- 1937-अनीता देसाई - अंग्रेजी साहित्य की प्रख्यात लेखिका हैं।
- 1897-ओंकारनाथ ठाकुर - प्रसिद्ध शिक्षाशास्त्री, संगीतज्ञ एवं हिन्दुस्तानी शास्त्रीय गायक
- 1885-तारा सिंह-प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ तथा कट्टर सिक्ख नेता।
- 1869 - दामोदर हरी चापेकर - भारत के क्रांतिकारी अमर शहीदों में से एक थे।
- 1863 - विश्वनाथ काशीनाथ राजवाडे - प्रसिद्ध भारतीय लेखक, इतिहासकार, श्रेष्ठ वक्ता और विद्वान थे।
- 2001-अवधानम सीता रमन-भारतीय लेखक और पत्रकार थे।
- 1950 - दरबान सिंह नेगी - प्रथम विश्व युद्ध के दौरान उन चंद भारतीय सैनिकों में से एक थे, जिन्हें ब्रिटिश राज का सबसे बड़ा युद्ध पुरस्कार "विक्टोरिया क्रॉस" मिला था।
- 1564 - रानी दुर्गावती - भारतीय इतिहास की प्रसिद्ध वीरांगना रानियों में से एक।

---

# अमेरिका की दबंग कूटनीति का दौर

**• भारत सहित पूरी दुनिया की नजर है इस पर**

***हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली***

***पश्चिम एशिया में धौंस की कूटनीति का एक खतरनाक दौर शुरू हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान की मुल्लाशाही(मुल्लाओं यानी मजहबी नेताओं का शासन) को आर्थिक प्रतिबंधों में रियायत का प्रलोभन देकर परमाणु शक्ति और मिसाइल तकनीक की महत्वाकांक्षा को तिलांजलि देने के सौदे पर तैयार करने में लगे थे। तभी इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यकायक नाटकीय तरीके से हमला करके ईरान की सेना और परमाणु शक्ति के शीर्ष नेतृत्व का सफाया कर दिया।***



■ हमले पर ट्रंप की आरंभिक प्रतिक्रियाएं देखकर लगा कि अपने कूटनीतिक प्रयासों के बीच इजरायल का कूद पड़ना उन्हें अच्छा नहीं लगा, पर जैसे ही उन्हें इजरायली हमलों की नाटकीय कामयाबी का अहसास हुआ तो उन्होंने इजरायल को रोकने की जगह उसकी कामयाबी की बात करना और ईरान से समर्पण करने की मांग करना शुरू कर दिया।

### झांसा देकर वार करना ट्रंप की शैली

एक तरफ वे ईरान को दो हफ्तों का समय देने की बात कर रहे थे और दूसरी तरफ दिएगो गार्सिया में अपने बी2 बमवर्षक विमानों को हमलों के लिए तैयार कर रहे थे। झांसा देकर वार करना ट्रंप की शैली है, जिसका वर्णन उन्होंने अपनी चर्चित पुस्तक 'द आर्ट आफ द डील' में किया है। ईरान को दो हफ्तों के झांसे में रखकर फोर्डो, नतांज और इस्फहान के परमाणु संयंत्रों पर बम बरसा दिए।

### परमाणु केंद्रों को ध्वस्त करने का दावा

ट्रंप ने फोर्डो सहित ईरान के परमाणु केंद्रों को ध्वस्त करने का दावा करते हुए धमकी दी है कि यदि ईरान अब भी समझौते के लिए राजी नहीं हुआ तो और विनाशकारी हमले किए जाएंगे। ब्रिटिश प्रधानमंत्री स्टार्मर ने भी ट्रंप के सुर में सुर मिलाते हुए ईरान के परमाणु कार्यक्रम को विश्व के लिए गंभीर खतरा बताया। ईरान ने जवाब में इजरायली शहरों पर मिसाइलों की बरसात शुरू कर दी है, लेकिन इसके बावजूद वहां लोग जश्न मना रहे हैं।

### नेतन्याहू के लिए करियर की सबसे कामयाब घड़ी

प्रधानमंत्री नेतन्याहू के लिए तो यह उनके राजनीतिक करियर की सबसे कामयाब घड़ी है, पर अमेरिका के भीतर इस हमले को लेकर जनमत बुरी तरह बंटा हुआ है। दूसरे देश पर हमला करने के लिए राष्ट्रपति को अमेरिकी संसद का अनुमोदन लेना जरूरी होता है। इराक पर हमले से पहले दोनों बुश राष्ट्रपतियों ने कांग्रेस का अनुमोदन लिया था। इसलिए अमेरिकी सांसदों-सीनेटरों का एक वर्ग ट्रंप के लड़ाई में उतरने से नाराज है। ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी का 'मागा' धड़ा इससे नाराज है कि उन्होंने अमेरिका को युद्धों में न उलझाने के चुनावी वादे को तोड़कर इजरायल की लड़ाई में पांव फंसा लिए हैं।

### अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मिश्रित प्रतिक्रिया

अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भी मिश्रित प्रतिक्रिया मिल रही है। यूरोप और पश्चिम एशिया के देश जहां ईरान के परमाणु कार्यक्रम का खतरा कम होने और समझौते की संभावना प्रबल होने का स्वागत करेंगे, वहीं अमेरिकी हमले की वैधता की निंदा होगी। रूस और चीन सहित दुनिया के दूसरे देश कूटनीति का रास्ता छोड़कर दूसरे देश की प्रभुसत्ता के उल्लंघन की निंदा करेंगे।

### भारत के लिए खड़ा करता है यह हमला धर्मसंकट

अमेरिका-इजरायल के साथ-साथ ईरान के साथ भी घनिष्ठ संबंध होने के कारण भारत के लिए यह हमला धर्मसंकट खड़ा करता है। भारत यह तो चाहेगा कि ईरान को परमाणु शक्ति बनने से रोका जाए, पर उसके लिए उसकी प्रभुसत्ता का अतिक्रमण करने की हिमायत कभी नहीं कर सकता। दिलचस्प यह भी है कि ईरान 1968 से ही परमाणु अप्रसार संधि या एनपीटी का सदस्य है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी उसकी परमाणु गतिविधियों पर नजर रख सकती है। जबकि इजरायल परमाणु शक्ति होते हुए भी एनपीटी का सदस्य नहीं है। यानी एक तरह से एक 'चोर' जज और सिपाही बना बैठा है।

### ईरान परमाणु शक्ति बनने के कगार पर

इस संदर्भ में इजरायल का तर्क रहा है कि दशकों से परमाणु शक्ति होने के बावजूद उसने न कभी किसी दूसरे देश को मिटाने की धमकी दी और न ही परमाणु प्रसार किया है। जबकि ईरान की मुल्लाशाही अक्सर इजरायल के सर्वनाश की बात करती रहती है। हालांकि यह तर्क ईरान से अधिक तो पाकिस्तान पर लागू होता है, जिसके प्रसार की बदौलत आज ईरान परमाणु शक्ति बनने के कगार पर है। फिर भी अमेरिका ने वैसी तत्परता पाकिस्तान को परमाणु शक्ति बनने से रोकने में नहीं दिखाई जैसी वह ईरान को रोकने में दिखा रहा है।

### अमेरिका के हमले का कब और क्या जवाब देती है

अब भारत सहित पूरी दुनिया की नजर इस पर है कि ईरानी मुल्लाशाही अमेरिका के हमले का कब और क्या जवाब देती है। उसने इजरायल पर हमला बोल ही दिया। वैसे उनके पास तीन विकल्प हैं। इराक, यमन और लेबनान में फैले हमास और हाउती जैसे शिया मिलिशिया से अमेरिकी ठिकानों और जहाजों पर हमले कराए और होरमुज जलसंधि में बारूदी सुरंगे बिछाकर उसे बंद कर दे। वह खाड़ी देशों के तेल और गैस ठिकानों को भी निशाना बना सकता है, जिससे तेल और गैस की कीमतें आसमान छू सकती हैं।

### गैस की पाइपलाइनें बिछा कर सप्लाई का वैकल्पिक रास्ता

हालांकि सऊदी और यूएई ने लाल सागर तटों तक तेल और गैस की पाइपलाइनें बिछा कर सप्लाई का वैकल्पिक रास्ता बना रखा है, लेकिन बाजार जोखिम और धारणा के आधार पर दाम तय करते हैं। 1979-80 में इस्लामी क्रांति होने भर से तेल के दाम तिगुने हो गए थे। यदि ऐसा हुआ तो भारत ही नहीं पूरे विश्व की आर्थिकी के लिए संकट खड़ा हो जाएगा। दूसरा विकल्प अमेरिका की शर्तें मानकर समझौता करने का है, जिसके लिए ईरानी लोग शायद सरकार को कभी माफ न करें, क्योंकि ईरान का परमाणु कार्यक्रम राजशाही के जमाने का है और उसे ईरान के अस्तित्व से जोड़कर देखा जाता है।

### संकट की घड़ी टलने का इंतजार

तीसरा विकल्प अमेरिका और इजरायल के वार झेलते हुए सद्दाम हुसैन और बशर अल-असद की तरह संकट की घड़ी टलने का इंतजार करने का है। ईरान के पास साढ़े तीन लाख सेना के साथ ही लगभग उतनी ही बड़ी तादाद में क्रांतिकारी गार्ड और बसीज स्वयंसेवकों के दस्ते हैं, जिनके सहारे वे संभावित विद्रोह को दबाए रख सकते हैं। ईरान में राजशाही को समाप्त हुए दो पीढ़ियां बीत चुकी हैं। इसलिए उनका जनाधार नहीं बचा है। राजशाही के विरोधी वामपंथी मुजाहिदीन-ए-खल्क की छवि ईरान-इराक युद्ध में इराक के समर्थन के कारण खराब है और कुर्द और बलोच गुटों का जनाधार केवल सीमावर्ती प्रांतों तक सीमित है। प्रबल और संगठित विपक्ष के न रहने के कारण मुल्लाशाही के लिए इजरायली-अमेरिकी हमलों से जगे राष्ट्रवाद की भावना के सहारे सत्ता में बने रहना कठिन नहीं होगा।

---

# भारतीय विज्ञानियों ने किया कमाल

**• पानी से ग्रीन हाइड्रोजन बनाने वाला उपकरण किया विकसित**

***हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली***

***लगातार गर्म होती धरती को बचाने के लिए भारत केवल हवा हवाई बातें नहीं करता बल्कि अपने कदमों से साबित करता है कि भारतीय यूं ही धरती को माता नहीं कहते। भारत ने न केवल आगे बढ़कर 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है बल्कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कई कदम उठा रहा है। इसी सिलसिले में भारतीय विज्ञानियों ने ऐसा उपकरण बनाया है जिससे सौर ऊर्जा का उपयोग करके पानी से ग्रीन हाइड्रोजन बनाया जा सकेगा।***




### ग्रीन हाइड्रोजन सबसे स्वच्छ ईंधनों में से एक

गौरतलब है कि ग्रीन हाइड्रोजन सबसे स्वच्छ ईंधनों में से एक है, जो उद्योगों को कार्बन उत्सर्जन से मुक्त करने, वाहनों को चलाने और अक्षय ऊर्जा संग्रहीत करने में सक्षम है, किंतु ग्रीन हाइड्रोजन बनाने में काफी फंड की जरूरत होती है। अब तक ग्रीन हाइड्रोजन बनाने का किफायती उपकरण या तरीका नहीं था। इस उपकरण को विकसित कर भारतीय विज्ञानियों ने एक बार फिर अपनी मेधा का लोहा मनवाया है। साबित किया कि फंड की कमी में भी भारतीय बेहतरीन परिणाम दे सकते हैं।

### बेंगलुरु के विज्ञानियों की टीम ने अगली पीढ़ी का यह उपकरण विकसित किया

■ विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के स्वायत्त संस्थान, सेंटर फार नैनो एंड साफ्ट मैटर साइंसेज (सीईएनएस), बेंगलुरु के विज्ञानियों की टीम ने अगली पीढ़ी का यह उपकरण विकसित किया है, जो जीवाश्म ईंधन या महंगे संसाधनों पर निर्भर किए बिना, केवल सौर ऊर्जा और पृथ्वी पर प्रचुर मात्रा में मौजूद सामग्रियों का उपयोग करके पानी के अणुओं से ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करता है।

■ इस उपकरण ने असाधारण दीर्घकालिक स्थिरता का प्रदर्शन किया, क्षारीय परिस्थितियों में 10 घंटे से अधिक समय तक लगातार काम किया और प्रदर्शन में गिरावट केवल चार प्रतिशत रही जो एसआइ-आधारित फोटोइलेक्ट्रोकेमिकल सिस्टम में दुर्लभ उपलब्धि है।

### बड़े पैमाने पर ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन भी किया जा सकता है

इस शोध का नेतृत्वकर्ता सीईएनएस के डॉ. आशुतोष के. सिंह ने कहा कि स्मार्ट सामग्रियों का चयन करके और उन्हें हेटेरोस्ट्रक्चर में संयोजित करके, हमने ऐसा उपकरण बनाया है जो न केवल प्रदर्शन को बढ़ाता है, बल्कि बड़े पैमाने पर ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन भी किया जा सकता है। इसके साथ ही हम किफायती और बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा -से-हाइड्रोजन ऊर्जा प्रणालियों के और करीब पहुंच गए हैं। इस शोध को जर्नल आफ मेटेरियल केमेस्ट्री ए में प्रकाशित किया गया है।

### प्रयोगशाला में मिली सफलता से कहीं अधिक है यह उपलब्धि

यह उपलब्धि एक प्रयोगशाला में मिली सफलता से कहीं अधिक है। उपकरण ने 600 एमवी का उत्कृष्ट फोटोवोल्टेज हासिल की, जिससे यह सौर ऊर्जा के तहत हाइड्रोजन उत्पन्न करने में अत्यधिक प्रभावी हुआ।

**यह उपकरण कई कारणों से आकर्षक :** यह उपकरण कई कारणों से आकर्षक है, जिसमें उच्च दक्षता, कम ऊर्जा इनपुट, मजबूत स्थायित्व और किफायती सामग्री शामिल हैं, ये सभी एक पैकेज में हैं। इसने बड़े पैमाने पर सफल प्रदर्शन दिखाया, जिसमें 25 सेंटीमीटर के वर्गाकार फोटोएनोड ने पानी से ग्रीन हाइड्रोजन बनाने में बेहतरीन परिणाम दिए। अनुसंधानकताओं का मानना है कि यह सिर्फ शुरूआत है। भविष्य में यह प्रौद्योगिकी घरों से लेकर कारखानों तक, हाइड्रोजन-आधारित ऊर्जा प्रणालियों को ईंधन दे सकती है, जो पूरी तरह सूर्य पर निर्भर होगी।

### इस तरह डिजाइन किया उपकरण

■ शोधकताओं की टीम ने डॉ. आशुतोष के. सिंह के नेतृत्व में अत्याधुनिक सिलिकान-आधारित फोटोएनोड को इनोवेटिव एन-आइ-पी हेटेरोजंक्शन आर्किटेक्चर का उपयोग करके डिजाइन किया। इसमें स्टैक्ड एन-टाइप टीआईओ2, आंतरिक (अनडाप्ड) एसआइ, और पी-टाइप एनआइओ सेमीकंडक्टर परतें शामिल हैं, जो चार्ज सेपरेशन और परिवहन दक्षता को बढ़ाने के लिए साथ काम करते हैं।

■ मैटेरियल को मैग्नेट्रान स्पटरिंग का उपयोग करके डिपोजिट किया गया था, जो एक मापनयोग्य तकनीक है। यह तकनीक सटीकता और दक्षता भी सुनिश्चित करती है। इस दृष्टिकोण से बेहतर प्रकाश अवशोषण, तीव्र चार्जिंग और रिकांबिनेशन के मामले में कम हानि सुनिश्चित हुई, जो सौर ऊर्जा से-हाइड्रोजन बनाने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

---

अजब-गजब

## ट्रैफिक पुलिस से नाराज शख्स ने छोड़ दी सैकड़ों मधुमक्खियां!

**• नियम तोड़ने का लगाया आरोप**

**हिंदमाता नेटवर्क @ स्पेन**



**क्या** आपने सुना है कि कोई शख्स चालान भरने से बचने के लिए पुलिस पर ही हमला कर दे। स्पेन में ऐसा ही कुछ हुआ जब एक मधुमक्खी पालने वाला शख्स (बीकीपर) ट्रैफिक पुलिस के रोके जाने से इतना नाराज हो गया कि उसने पुलिसकर्मियों पर अपनी मधुमक्खियां छोड़ दीं। यह अजीब घटना स्पेन के कातालोनिया प्रांत के छोटे से शहर सेवेर्रा में सड़क पर हुई। स्थानीय पुलिस की एक गश्ती टीम ने देखा कि एक वैन का चालक सीटबेल्ट नहीं लगाए हुए था और असामान्य ढंग से गाड़ी चला रहा था, इसलिए उन्होंने उसे रोक लिया। पुलिस को शक हुआ कि चालक ने शराब पी रखी है, इसलिए उन्होंने उसे सांस का टेस्ट देने को कहा।

● पहली जांच में शख्स के शरीर में 0.38 मिलीग्राम प्रति लीटर अल्कोहल पाया गया लेकिन जब अधिकारियों ने सटीक पुष्टि के लिए दोबारा टेस्ट करने को कहा, तो वह शख्स और ज्यादा नाराज हो गया और उन्हें जान से मारने की धमकी देने लगा। लेकिन उसके बाद उसने जो किया उसकी किसी को भी उम्मीद तक नहीं थी।

● शख्स तुरंत गुस्से में अपने वैन के पीछे गया और वहां का दरवाजा खोल कर उसने अपनी मधुमक्खियों का छत्ता खोल दिया, जिससे हजारों मधुमक्खियां पुलिस पर टूट पड़ीं, और मजबूरन उन्हें पास के एक रेस्टोरेंट में जाकर खुद को बचाना पड़ा। इस पूरी कवायद में दो पुलिस वालों में मधुमक्खियों ने कई बार काटा जबकि शख्स अपनी कार लेकर चला गया। पुलिस के साथी आने पर उन्हें मदद मिली तब वे रेस्टोरेंट से बाहर निकल सके।

### राशिफल

**मेष–** स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृषभ–** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा।

**मिथुन–** दु:खद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कर्क–** भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**सिंह–** घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। यात्रा की योजना बनेगी।

**कन्या–** यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**तुला–** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है।

**वृश्चिक–** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। विवाद न करें।

**धनु–** नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। जोखिम न उठाएं।


**मकर–** किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी।

**कुंभ–** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। धनार्जन संभव है।

**मीन–** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। चिंता में कमी होगी।

# अगर ये इंटरकास्ट मैरिज है तो...

## ओबीसी सर्टिफिकेट से जुड़ी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ी टिप्पणी



**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को ओबीसी सर्टिफिकेट से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए सभी राज्यों के साथ केंद्र शासित प्रदेशों को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले पर सुनवाई करते हुए अदालत ने मुख्य तौर पर ये पूछा है कि अगर किसी की इंटरकास्ट मैरिज हुई हो तो क्या होगा? इस पर राज्य सरकारें सफाई दें। दरअसल, सिंगल मदर के बच्चों को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सर्टिफिकेट जारी करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। याचिका में मांग की गई है कि अगर मां ओबीसी है और वह अकेले ही बच्चे को पाल रही है तो ऐसे में बच्चे को भी ओबीसी सर्टिफिकेट मिलना चाहिए।

### सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?

जस्टिस केवी विश्वनाथन और जस्टिस एनके सिंह की पीठ ने इस बात पर चिंता जाहिर की है कि एक तलाकशुदा महिला को अपने बच्चों के जाति प्रमाण पत्र के लिए अपने पति से संपर्क क्यों करना पड़ता है? सिंगल मदर के सामने आने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से भी कहा कि अगर वो कोई अतिरिक्त सुझाव देना चाहती है तो दे सकती है। पीठ ने कहा कि एससी/एसटी समुदाय के लिए इस तरह के दिशानिर्देश जारी करने से संबंधित सुप्रीम कोर्ट का फैसला पहले ही आ चुका है।

### 22 जुलाई को फिर होगी मामले की सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने अब इस मामले की अगली सुनवाई 22 जुलाई, 2025 को निर्धारित की है। अदालत ओबीसी समुदाय की सिंगल मदर के बच्चों को सर्टिफिकेट देने के लिए दिशानिर्देश जारी करेगी। मामले में केंद्र सरकार पहले ही हलफनामा दाखिल कर याचिकाकर्ता का पक्ष लिया है। हालांकि सरकतार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि मामले में राज्य सरकारों से जवाब की जरूरत होगी।

# गुजरात में बारिश का कहर प्रशासन ने उठाए कदम

## • गुजरात में मूसलधार बारिश से जनजीवन प्रभावित

**हिंदमाता नेटवर्क @ गुजरात**



सोमवार को गुजरात में हुई तेज बारिश ने शहर को जलमग्न कर दिया, जिससे सामान्य जीवन पूरी तरह से बाधित हो गया। सड़कों पर जलभराव और बाढ़ जैसे हालात ने शहरवासियों को गंभीर समस्याओं का सामना करने पर मजबूर कर दिया। कई क्षेत्रों में पानी घरों और अपार्टमेंट्स के ग्राउंड फ्लोर तक पहुंच गया, जबकि सड़कों पर खड़ी गाड़ियां भी डूब गईं। स्थानीय लोग इस स्थिति की तुलना 2006 में सूरत में आई भयंकर बाढ़ से कर रहे हैं। विशेष रूप से दाभोली और वराछा जैसे क्षेत्रों में हालात सबसे गंभीर हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में जलभराव और लोगों की कठिनाइयों को स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। इसके अलावा, वलसाड जिले में खरेला नदी के उफान पर आने से एक वैन के बहने की घटना ने चिंता बढ़ा दी है।

### स्कूलों में छुट्टी, प्रशासन की तैयारी

बिगड़ते हालात को देखते हुए सूरत में स्कूलों को बंद करने का निर्णय लिया गया है। जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीमें स्थिति पर नजर रख रही हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) को संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात किया गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति का सामना किया जा सके।

### मानसून का प्रभाव

गुजरात में मानसून ने अपना आक्रामक रुख अपनाया है। पिछले 24 घंटों में राज्य के 159 तालुकाओं में हल्की से लेकर भारी बारिश दर्ज की गई। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के आंकड़ों के अनुसार, जामनगर के जोडिया में सर्वाधिक 7.17 इंच बारिश हुई, जबकि मेंदरदा (5.7 इंच), अमीरगढ़ (5.0 इंच), केशोद (4.9 इंच), कलावड (4.6 इंच) और पलसाना (5.6 इंच) में भी भारी वर्षा हुई।

### मौसम विभाग का अलर्ट

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अमरेली, भावनगर, नवसारी, वलसाड, बोटाद, अरावली, महिसागर, दाहोद, वडोदरा, आनंद, भरूच और पंचमहल जिलों के लिए पीला अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा, बनासकांठा, साबरकांठा, तापी, सूरत, डांग, मेहसाणा, गांधीनगर, अहमदाबाद, सुरेंद्रनगर, खेड़ा, राजकोट, गिर सोमनाथ, जूनागढ़, छोटा उदेपुर और नर्मदा में भारी बारिश के साथ तूफान की आशंका जताई गई है।

### भारी बारिश का दौर जारी

आईएमडी के अनुसार, गुजरात और पूर्वी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश हुई है, जबकि अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा (>20 सेमी/24 घंटे) दर्ज की गई। 22 जून को भी राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश का दौर देखा गया।

# 2022 में तो सिर्फ आंधी थी... 2027 में आएगा तूफान

## उप-चुनाव परिणाम से गदगद केजरीवाल ने कर डाली बड़ी भविष्यवाणी

**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**



गुजरात में विसावदर और पंजाब में लुधियाना पश्चिम सीट पर हुए उपचुनाव में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों ने शानदार जीत हासिल की है। इस जीत के बाद आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैं गोपाल इटालिया और संजीव अरोड़ा जी तथा वहां की जनता और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करना चाहता हूं। केजरीवाल ने कहा कि इन दोनों सीटों पर हम 2022 के चुनावों में जितने अंतर से जीते थे, आज हम उससे लगभग दोगुने अंतर से जीत हासिल की है। यह जीत अअढ की नीतियों और कार्यों पर मुहर लगाती है। उन्होंने कहा कि पंजाब में 2022 की जीत अगर आंधी थी तो 2027 में तो तूफान आएगा।

### जनता बीजेपी के 30 साल के कुशासन से तंग आ चुकी है : केजरीवाल

उन्होंने कहा कि विसावदर विधानसभा सीट पर आए परिणाम ने बता दिया है कि जनता बीजेपी के 30 साल के कुशासन से तंग आ चुकी है और अब उससे छुटकारा पाना चाहती है। यह परिणाम बताता है कि आम आदमी पार्टी ने जो दिल्ली और पंजाब में काम किए हैं, वह जनता को पसंद आए हैं और अब वह काम गुजरात में भी चाहते हैं। केजरीवाल ने कहा कि गुजरात में दो सीटों पर चुनाव हुए थे और यहां बीजेपी और कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा था लेकिन इसके बाद भी हमने एक सीट पर ऐतिहासिक जीत हासिल की और दूसरी पर भाजपा बीजेपी जीती है। ये यह बताता है कि गुजरात में सीधी टक्कर आम आदमी पार्टी और बीजेपी की है। जिस सीट को बीजेपी हमसे छीनी थी, जनता ने फिर से हमें जिता दिया है।

# खरगे बोले, मोदी जी विश्वगुरु हो, या घर के गुरु

## इजराइल-ईरान जंग रोकने का प्रयास करना चाहिए, ईरान हमारा पुराना दोस्त

**हिंदमाता नेटवर्क @ कर्नाटक**




कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री विश्व गुरु बनने का नारा लगाते हैं। जबकि दूसरी तरफ ईरान और इजराइल के बीच जंग हो रही है। हमें इसे रोकने का प्रयास करना चाहिए था। खड़गे ने कहा कि चाहे आप (मोदी जी) विश्व गुरु हों या घर के गुरु। लोगों को पेट्रोल, डीजल, खाना, कपड़े और सिर पर छत चाहिए। हम चाहते थे कि वे इन चीजों के लिए प्रयास करें। खड़गे ने प्रधानमंत्री को याद दिलाया कि ईरान ने हमेशा भारत का समर्थन किया है क्योंकि देश अपनी ईंधन की जरूरत का 50 प्रतिशत हिस्सा ईरान से आयात करता है।

### मोदी हमेशा विपक्ष को नीचा दिखाते हैं

कर्नाटक के रायचूर में सोमवार को जनसभा को संबोधित करते हुए खड़गे ने कहा कि पीएम मोदी हमेशा विपक्ष को नीचा दिखाते हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद बुलाई गई सर्वदलीय बैठकों में पीएम गायब रहे। इससे साफ पता चलता है कि विपक्ष के लिए उनके मन में बिल्कुल भी सम्मान नहीं है। खड़गे ने कहा कि आतंकवादियों ने पहलगाम में 26 लोगों की हत्या कर दी। जवाब में भारतीय सेना ने पाक के अंदर घुसकर आतंकी ठिकानों पर हमले किए और आतंकवादियों को खत्म कर दिया। उस वक्त पूरा देश सेना के साथ खड़ा था, लेकिन ऐसे समय में भी कुछ लोग व्यक्तिगत श्रेय लेने की कोशिश कर रहे थे। खड़गे बोले- मोदी सेना में होते तो तारीफ करते खड़गे ने आगे कहा कि वे (मोदी) अगर सेना में कैप्टन, कर्नल या लेफ्टिनेंट कर्नल के रूप में काम करते, तो हम उनके बेहतरीन काम और देश के लिए लड़ने के लिए उनकी सराहना करते, लेकिन ऐसा नहीं है। इसके बजाय, वह बिहार चुनाव के लिए प्रचार में व्यस्त थे। इसका क्या मतलब है? जब देश और सैनिक एक तरफ लड़ रहे थे, तो प्रधानमंत्री ने हमें सर्वदलीय बैठक में आमंत्रित करने के बाद दूसरी तरफ प्रचार करना चुना। यह अनुचित है।

### मोदी ने की 33 गलतियां

इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र में मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल पर सवाल उठाए थे। उन्होंने 9 जून को कहा था कि बीते 11 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 33 गलतियां की हैं। मैं 65 साल से राजनीति में हूं, लेकिन उनके जैसा झूठ बोलने वाला प्रधानमंत्री कभी नहीं देखा। खड़गे ने कहा कि हम झूठ बोलते हैं, गलतियां करते हैं, वोट लेने के लिए युवाओं और गरीबों को मूर्ख बनाते हैं। जब हम उनसे सवाल पूछते हैं तो कभी जवाब नहीं देते। वे अपनी गलतियां कभी स्वीकार नहीं करते हैं। वे सिर्फ बोलते रहते हैं। बता दें कि नरेंद्र मोदी ने 9 जून 2024 को प्रधानमंत्री के तौर पर अपने तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ली थी। मोदी सरकार ने बीते सोमवार को अपने तीसरे कार्यकाल की पहली और कुल मिलाकर 11वीं सालगिरह मनाई। मोदी ने 26 मई 2014 को पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी।

## छत्तीसगढ़ की शर्मनाक घटना

# मुर्गियों से भरा वाहन पलटा, ग्रामीणों ने मदद बजाय लूटना किया शुरू

**हिंदमाता नेटवर्क @ छत्तीसगढ़**



बेमेतरा जिले के नांदघाट थाना क्षेत्र के टेमरी गांव में एक अजीब और शर्मनाक घटना घटित हुई। एक पिकअप वाहन, जिसमें मुर्गियों की भरपूर मात्रा थी, अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे के तुरंत बाद, स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन घायल चालक की सहायता करने के बजाय, सभी ने मुर्गियों को लूटने में जुट गए। इस घटना के समय वाहन में हजारों मुर्गियां थीं, जो सड़क पर बिखर गईं। आसपास के ग्रामीणों ने मुर्गियों को लूटना शुरू कर दिया और कुछ ही समय में अधिकांश मुर्गियां गायब हो गईं। यह देखकर हैरानी होती है कि किसी ने भी गंभीर रूप से घायल चालक की मदद नहीं की।

### वायरल हो रहा है वीडियो

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहा है, जिसमें लोग मुर्गियों को पकड़कर अपने साथ ले जाते हुए नजर आ रहे हैं। पुलिस ने बताया कि अब तक चालक की ओर से कोई औपचारिक शिकायत नहीं की गई है, लेकिन यदि शिकायत आती है, तो जांच की जाएगी।

### चालक का बयान

घायल चालक ने बताया कि वह मुर्गियों को एक फर्म के लिए ले जा रहा था, तभी वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। जैसे ही हादसा हुआ, ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई और बिना किसी संकोच के मुर्गियों को उठाकर अपने घर ले गई। यह घटना केवल एक सड़क दुर्घटना नहीं है, बल्कि यह समाज की गिरती सोच को भी उजागर करती है, जहां इंसानियत से ज्यादा मुफ्त सामान की कीमत बढ़ गई है।

# शशि थरूर ने की पीएम मोदी की सराहना

## कहा, 'भारत की महत्वपूर्ण संपत्ति'

**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद डॉ. शशि थरूर एक बार फिर अपने बयानों के कारण चर्चा में हैं। इस बार उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जोश, ऊर्जा और लोगों से जुड़ने की कला की प्रशंसा की है। थरूर ने पीएम मोदी को "देश की एक महत्वपूर्ण संपत्ति" बताया है। यह टिप्पणी उन्होंने प्रतिष्ठित समाचार पत्र द हिंदू में प्रकाशित अपने लेख में की, जिसमें उन्होंने हाल ही में संपन्न ऑपरेशन सिंदूर और उससे जुड़े कूटनीतिक प्रयासों का उल्लेख किया है।

### ऑपरेशन सिंदूर का महत्व

थरूर ने अपने लेख में 22 अप्रैल 2025 को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर को निर्णायक बताया। उन्होंने कहा कि जिस तरह भारत ने सैन्य स्तर पर सख्त कार्रवाई की, उतनी ही महत्वपूर्ण भूमिका सभी दलों के प्रतिनिधियों के साथ वैश्विक कूटनीतिक संवाद ने निभाई। उनके अनुसार, भारत का यह रवैया दुनिया को स्पष्ट संदेश देता है कि वह आतंकवाद के खिलाफ किसी भी स्तर पर समझौता नहीं करेगा।

### एकता का प्रतीक : डेलिगेशन

थरूर गुयाना, पनामा, कोलंबिया, ब्राजील और अमेरिका गए भारतीय संसदीय डेलिगेशन का हिस्सा थे। उन्होंने बताया कि इस प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न राजनीतिक दलों, राज्यों और धर्मों के सांसद शामिल थे, जो भारत की एकजुट विदेश नीति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह दौरा दर्शाता है कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद के मामले में भारत एक स्वर में बोलता है।

### पाकिस्तान को मिला करारा जवाब

थरूर ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि इस डेलिगेशन ने दुनिया को बताया कि पाकिस्तान और आतंकवादियों के बीच क्या गहरा संबंध है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि कोलंबिया द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों पर हमले के बयान को वापस लेना और भारत के पक्ष में खड़ा होना, एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक जीत थी। लेख के अंत में शशि थरूर ने प्रधानमंत्री मोदी की ऊर्जा, गतिशीलता और जनता से संवाद की इच्छा की सराहना की। उन्होंने कहा कि मोदी की ये खूबियां वैश्विक मंच पर भारत के लिए अहम संपत्ति हैं। पीएम मोदी की क्षमता और प्रतिबद्धता भारत की विदेश नीति को सशक्त बनाती है।

# पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में आगजनी

## 35 लाख का नुकसान

**हिंदमाता नेटवर्क @ पंजाब**



चंडीगढ़- पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के परिसर में आग लगने की एक घटना सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आग ने लेडीज बार रूम और रूम नंबर 4 को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। जैसे ही आग लगने की सूचना मिली, फायर ब्रिगेड की गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंच गईं और आग पर काबू पा लिया गया। इस आगजनी के कारण मुख्य बार रूम का एक हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया है। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने एक बयान जारी करते हुए बताया कि इस घटना में लगभग 35 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। एसोसिएशन ने कहा कि हमें अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि आज सुबह हाईकोर्ट परिसर में एक दुर्भाग्यपूर्ण आगजनी की घटना हुई है, जिससे लेडीज बार रूम और रूम नंबर 4 पूरी तरह जल गए हैं। इसके अलावा, मुख्य बार रूम का एक हिस्सा भी प्रभावित हुआ है। हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। एसोसिएशन ने यह भी बताया कि प्रभावित क्षेत्रों की मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और इसके लिए वित्तीय सहायता की आवश्यकता है।

# सुको ने दी वजाहत खान के खिलाफ हेट स्पीच मामले में अंतरिम राहत

**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**



सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली के खिलाफ हेट स्पीच के मामले में एफआईआर दर्ज करने वाले वजाहत खान की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के साथ-साथ अन्य राज्यों में उनकी गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक भी लगाई है।

### याचिका की सुनवाई की तारीख

सुप्रीम कोर्ट 14 जुलाई को वजाहत खान की याचिका पर सुनवाई करेगा। इस मामले में केंद्र सरकार और छह राज्यों को भी नोटिस जारी किया गया है। वजाहत खान के खिलाफ असम, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली में एफआईआर दर्ज की गई हैं।

### वजाहत खान पर आरोप

वर्तमान में वजाहत खान पश्चिम बंगाल पुलिस की हिरासत में हैं। उन पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में छह राज्यों में मामले दर्ज किए गए हैं। वजाहत खान पर आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर नफरत फैलाने वाली सामग्री पोस्ट की।

### गिरफ्तारी और वकील की दलील

कोलकाता पुलिस ने 10 जून को वजाहत खान को गिरफ्तार किया था, और तब से वह पुलिस कस्टडी में हैं। वजाहत ने विभिन्न एफआईआर को एक साथ जोड़ने की मांग की है। उनके वकील ने अदालत में कहा कि उन्होंने माफी मांगी और संबंधित पोस्ट को हटा दिया है।

### सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट ने वजाहत खान को सलाह देते हुए एक तमिल कहावत का उल्लेख किया, जिसमें कहा गया कि आग से जलने वाला घाव ठीक हो सकता है, लेकिन शब्दों से किया गया घाव नहीं भरता। लाइव लॉ के अनुसार, मामले की सुनवाई कर रही पीठ ने कहा कि याचिका पर केंद्र और राज्यों को नोटिस जारी किया गया है, जिसका जवाब 14 जुलाई को देना है। पीठ ने आदेश दिया कि अन्य राज्यों में दर्ज एफआईआर या भविष्य में इसी आरोप पर दर्ज की जाने वाली किसी भी अन्य एफआईआर के संबंध में याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाए।

# दिल्ली-भोपाल वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्री पर हमला

## वीडियो सोशल मीडिया में वायरल

**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**



दिल्ली-भोपाल वंदे भारत एक्सप्रेस में एक यात्री पर हमले का मामला सामने आया है। आरोप है कि यात्री ने बीजेपी विधायक को अपनी सीट बदलने से मना कर दिया, जिसके बाद यह घटना हुई। यह घटना पिछले गुरुवार को हुई, जब उत्तर प्रदेश के झांसी से विधायक राजीव सिंह अपनी पत्नी और बेटे के साथ यात्रा कर रहे थे।

### घटना का विवरण

रिपोर्टों के अनुसार, विधायक राजीव सिंह को ट्रेन में पिछली सीट मिली, जबकि उनकी पत्नी और बेटे की सीटें कोच के आगे थीं। एक अन्य यात्री, जो पास में बैठा था, ने सीट बदलने से इनकार कर दिया। इसके बाद स्थिति बिगड़ गई जब कुछ लोग, जो विधायक से जुड़े बताए जा रहे थे, झांसी स्टेशन पर ट्रेन में चढ़े और उस यात्री की पिटाई शुरू कर दी, जो भोपाल जा रहा था। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहा है, जिसमें लगभग छह लोग यात्री पर लगातार मुक्के बरसाते हुए दिखाई दे रहे हैं। कुछ लोग उसे चप्पलों से भी मारते हुए नजर आ रहे हैं।

### पुलिस की प्रतिक्रिया

झांसी रेलवे क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक, विपुल कुमार श्रीवास्तव ने पुष्टि की है कि यह झगड़ा सीट बदलने को लेकर हुआ था। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। गवर्नमेंट रेलवे पुलिस, झांसी ने बताया कि विधायक राजीव सिंह से एक शिकायत प्राप्त हुई है, जिसके आधार पर एक गैर-संज्ञेय रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# तेजेश्वर की हत्या की जांच में नया मोड़

## पत्नी और मां पर लगे गंभीर आरोप

**हिंदमाता नेटवर्क @ तेलंगाना**



हाल ही में तेलंगाना के जोगुलम्बा गडवाल जिले में तेजेश्वर की एक महीने पहले ऐश्वर्या से शादी हुई थी। 17 जून को, उसके परिवार ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई। उसी दिन, पुलिस ने आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले के एक गांव में तेजेश्वर का शव बरामद किया, जिसमें चाकुओं के घाव थे। सूत्रों के अनुसार, आरोपी ने जमीन के सर्वे के बहाने तेजेश्वर को अपने साथ ले जाकर चलती गाड़ी में उसकी हत्या कर दी और शव को फेंक दिया। मृतक के परिवार ने ऐश्वर्या और उसकी मां सुजाता पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों का एक ही बैंक कर्मचारी के साथ अवैध संबंध था। उनका यह भी कहना है कि बैंक कर्मचारी इस हत्या में शामिल था।

### सगाई से पहले भाग गई थी ऐश्वर्या

ऐश्वर्या और तेजेश्वर की शादी 18 मई को हुई थी, जबकि उनकी सगाई तीन महीने पहले हुई थी। सगाई से कुछ समय पहले, ऐश्वर्या अचानक गायब हो गई थी। उस पर अपने प्रेमी के साथ भाग जाने का आरोप भी लगा था, लेकिन कुछ दिनों बाद वह वापस आई और बताया कि वह दहेज के दबाव के कारण अपनी दोस्त के घर गई थी। तेजेश्वर के परिवार का कहना है कि शादी के तुरंत बाद से ही ऐश्वर्या लगातार फोन पर बात करती रही। कॉल रिकॉर्ड से पता चला कि उसने शादी के बाद बैंक कर्मचारी को 2000 बार कॉल किया था। जांच से जुड़े सूत्रों के अनुसार, हत्या का कारण तेजेश्वर की संपत्ति और उसकी पत्नी के संबंध थे।

### पत्नी ने पूछताछ में कबूला जुर्म

तेजेश्वर के परिवार ने आरोप लगाया है कि बैंक कर्मचारी ने हत्यारों की व्यवस्था की थी और उन्हें अपनी कार से भेजा था। उनका कहना है कि हत्यारों ने 10 एकड़ जमीन के सर्वे की जरूरत का बहाना बनाकर तेजेश्वर को अपने साथ ले जाकर उसकी हत्या कर दी। आरोपी पत्नी ऐश्वर्या और उसकी मां सुजाता ने पुलिस की पूछताछ में हत्या में शामिल होने की बात स्वीकार कर ली है। पुलिस अब फरार बैंक कर्मचारी की तलाश कर रही है।

**हिंदमाता एंकर** — बहन ने की लव मैरिज तो नाबालिग भाई ने जीजा के साथ मिलकर उतारा मौत के घाट

# ब्लेड से गला रेता फिर दुपट्टे से... भांजे को रेलवे ट्रैक पर फेंका

**हिंदमाता नेटवर्क @ राजस्थान**



राजस्थान के धौलपुर में एक नाबालिग भाई ने अपनी बहन और 11 महीने के भांजे को सिर्फ इसलिए मौत के घाट उतार दिया क्योंकि उसने परिवार की मर्जी के बिना इंटरकास्ट मैरिज की थी। इस घटना की जानकारी पुलिस ने सोमवार को दी। पुलिस ने बताया कि 22 साल की ट्विंकल का शव एफसीआई गोदाम के पास मिला था, जबकि उसके 11 महीने के बेटे रुद्र का शव 17 जून, 2025 को रेल की पटरियों के पास मिला था। महिला के शव के पास एक बैग बरामद हुआ, जिसमें एक पर्ची थी। उस पर्ची पर मोबाइल नंबर लिखा हुआ था, जिसके जरिए आगरा के रहने वाले उसके पति दीपक से संपर्क किया गया। दीपक फिलहाल मध्य प्रदेश में रह रहा है।

### नाबालिग भाई ने ऐसे खेला खूनी खेल

पुलिस का कहना है कि ट्विंकल ने लगभग दो साल पहले अपने परिवार की मर्जी के खिलाफ जाकर दीपक से इंटरकास्ट मैरिज की थी और ये दोनों मध्य प्रदेश के होशंगाबाद में शिफ्ट हो गए थे। ट्विंकल के इस कदम से परिवार नाराज था तो वहीं, उसके नाबालिग भाई ने अपने जीजा के साथ मिलकर उसके मर्डर का प्लान बनाया। 15 जून को ट्विंकल का भाई उससे मिलने के लिए होशंगाबाद पहुंचता है और परिवार से मिलाने के बहाने उसे ट्रेन में बैठाकर धौलपुर लेकर आ जाता है। यहां पहुंचने के बाद ट्विंकल का जीजा मिथुन भी उससे मिलता है, जिसके बाद ये लोग उसे एक सुनसान जगह पर लेकर जाते हैं।


### ब्लेड से काटा ट्विंकल का गला और बच्चे को फेंका रेल की पटरियों पर

एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि इसके बाद दोनों ने कथित तौर पर ब्लेड से उसका गला काटा साथ ही दुपट्टे से उसका गला घोंट दिया। इसके बाद उन्होंने बच्चे का भी गला घोंट दिया और उसके शव को रेलवे पटरियों पर रख दिया। फिलहाल पुलिस ने ट्विंकल के जीजा और नाबालिग भाई को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपाधीक्षक मुनेश मीना ने बताया कि मिथुन को सोमवार को अदालत में पेश किया गया और उसे दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि नाबालिग को जुवेनाइल होम भेज दिया गया है।

# दिल्ली में डेटिंग ऐप से ठगी का मामला, दो आरोपी गिरफ्तार

**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**

दिल्ली के शाहदरा क्षेत्र से एक ठगी का मामला सामने आया है, जिसमें एक डेटिंग एप का उपयोग किया गया। पुलिस ने इस मामले में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। यह घटना 12 जून 2025 को तब शुरू हुई जब भगवानपुर खेड़ा के निवासी अंकित कुमार कैन ने शिकायत दर्ज कराई। अंकित ने बताया कि उनकी मुलाकात 'क्वाकक्वाक' नामक डेटिंग ऐप पर 'नंदिनी' नाम की एक महिला से हुई थी। दोनों ने जल्दी ही अपने मोबाइल नंबर साझा किए और व्हाट्सएप पर बातचीत शुरू की। 'नंदिनी' ने एक वीडियो कॉल की, जिसमें वह आपत्तिजनक स्थिति में थी, जबकि अंकित का चेहरा स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा था। उसने इस वीडियो कॉल की स्क्रीन रिकॉर्डिंग भी कर ली थी।




### वीडियो कॉल के बाद की धमकी

वीडियो कॉल के बाद, 'नंदिनी' ने अंकित को धमकी दी कि यदि उसने पैसे नहीं दिए, तो वह यह वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर देगी। अंकित डर गया और उसने महिला द्वारा दिए गए बैंक खाते में 35,000 रुपए ट्रांसफर कर दिए। जब महिला ने और पैसे की मांग की, तो अंकित ने तुरंत एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। इस मामले की जांच के लिए एक विशेष टीम बनाई गई। जांच के दौरान पता चला कि 35,000 रुपए की राशि बंधन बैंक के एक खाते में ट्रांसफर की गई थी, जिसे मंगल सिंह (दक्षिण दिल्ली के जैतपुर निवासी) के नाम पर श्याम सिंह ने खोला था। यह सब आमिर नामक व्यक्ति के निर्देश पर किया गया था।

### पुष्टि की प्रक्रिया

यह पुष्टि हुई कि श्याम सिंह ही उक्त बैंक खाते का संचालन कर रहा था। उसके पास से चार मोबाइल हैंडसेट बरामद किए गए, जिनमें 96509**** और 8239**** नंबरों का उपयोग किया गया था। इन फोन नंबरों का विश्लेषण किया जा रहा है। श्याम सिंह ने कथित खाते से जुड़ा एटीएम और सिम कार्ड (96509****) आमिर को सौंप दिया था।

### पुलिस हिरासत में गिरफ्तारी

13 जून 2025 को, श्याम सिंह की पुलिस हिरासत के दौरान, कथित खाताधारक मंगल सिंह को भी दिल्ली के झांगोला स्थित उसके आवास से गिरफ्तार किया गया। मंगल ने बताया कि उसकी मुलाकात श्याम सिंह से हरजीत सिंह उर्फ सोनू के माध्यम से हुई थी। श्याम सिंह ने मंगल को एक बैंक खाता खोलने के बदले 10,000 रुपए की पेशकश की थी। इसके बाद श्याम सिंह ने मंगल का बंधन बैंक खाता ऑनलाइन खोला और उसका एटीएम कार्ड, चेकबुक और खाते से जुड़ा सिम कार्ड (96509****) ले लिया। मंगल को हरजीत सिंह उर्फ सोनू से ऑनलाइन 6,000 रुपए और श्याम सिंह से नकद 4,000 रुपए का कमीशन मिला था। पूछताछ के दौरान यह पता चला कि श्याम सिंह लोगों को अपने खाते खोलने के लिए प्रोत्साहित करता था, और वह खुद भी पैसे के बदले लोगों के खाते खोलता था। वह विशेष रूप से ऑनलाइन माध्यम से बंधन बैंक खाते खोलता था और फिर उन्हें अपने साथी आमिर को सौंप देता था।

# काशीपुर में अंतर्राष्ट्रीय मानव तस्करी का पर्दाफाश

**● 32 नेपाली लड़के कराए गए रिहा, तीन आरोपी गिरफ्तार**

**हिंदमाता नेटवर्क @ काशीपुर**

उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले के काशीपुर में एक अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। यहां नेपाल से बहला-फुसलाकर लाए गए 32 लड़कों को एक घर में बंद करके जबरन कंपनी के प्रोडक्ट्स बेचने के लिए मजबूर किया जा रहा था। पुलिस ने उन सभी को रिहा कराते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली स्थित एक कंपनी पर भी शिकंजा कसने की तैयारी की जा रही है।



### नेपाल दूतावास की शिकायत के आधार पर कार्रवाई

नेपाल दूतावास की शिकायत के आधार पर शनिवार को उत्तराखंड पुलिस की एक टीम ने इस पूरे ऑपरेशन को अंजाम दिया। इस टीम का नेतृत्व एसएसपी मणिकांत मिश्रा और दूतावास से जुड़े एक अधिकारी नवीन जोशी कर रहे थे। उनके मुताबिक, नेपाल के कई युवकों को सोशल मीडिया के जरिए नौकरी का झांसा देकर भारत लाया गया। इसके बाद उन्हें काशीपुर में बंधक बनाकर रखा गया। इसकी सूचना एसएसपी को दी गई।

### एक विशेष टीम का गठन

उधम सिंह नगर के एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने काशीपुर क्षेत्राधिकारी दीपक सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने नेपाली अधिकारी नवीन जोशी के साथ मिलकर ओम विहार कॉलोनी स्थित एक मकान पर छापा मारा। इस मकान में महाराज सिंह उर्फ पप्पू नाम का व्यक्ति रहता था। पुलिस की छापेमारी के दौरान उस मकान के अंदर 32 नेपाली युवक मौजूद मिले, जिनमें से तीन नाबालिग लड़के थे।

### बीरेंद्र शाही ने युवकों को फंसाया था

पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि इन युवकों को नेपाल के धनगढ़ी इलाके के बीरेंद्र शाही ने फंसाया था। उसने सोशल मीडिया के जरिए संपर्क कर नौकरी और बेहतर भविष्य का सपना दिखाया। इसके बाद उन्हें भारत ले आया। यहां आने के बाद इन युवकों को जबरदस्ती लीड विजन ट्रेडिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी के लिए प्रोडक्ट बेचने को मजबूर किया गया। उन्हें बाहर जाने की इजाजत तक नहीं दी जाती थी।

### तीनों आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

इतना ही नहीं नेपाली युवकों को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। आरोपी उनसे जबरन पैसे भी वसूलते थे। ये रकम कंपनी के अकाउंट में जमा कराई जाती थी। पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों बीरेंद्र शाही, सचिन कुमार और मनीष तिवारी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने खुलासा किया कि वे लीड विजन ट्रेडिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े हैं, जिसका मुख्य कार्यालय दिल्ली के जनकपुरी में है।

### डायरेक्टर चेतन हांडा ने दी थी ट्रेनिंग

उन्होंने बताया कि इस पूरी स्कीम की ट्रेनिंग उन्हें कंपनी के डायरेक्टर चेतन हांडा ने दी थी। वो ही उन्हें यह सिखाता था कि कैसे युवाओं को फंसाकर, नौकरी का लालच देकर, उनसे पैसे ऐंठे जाएं और फिर कंपनी में भर्ती का झांसा दिया जाए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस पूरे मामले में न सिर्फ बाल श्रम और मानव तस्करी की धाराएं लगाई गई हैं, बल्कि आरोपियों के पास से किसी भी तरह का वैध दस्तावेज नहीं मिला है।

### विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई

पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ बाल श्रम निषेध अधिनियम की धारा 14(1), किशोर न्याय अधिनियम धारा 79 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 127(4), 137(2), 111(2), 61(2), 115, 351(2), 352, 318(4) के तहत एफआईआर दर्ज की है। इतना ही नहीं दिल्ली स्थित लीड विजन ट्रेडिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर चेतन हांडा और कंपनी से जुड़े अन्य लोगों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**● संभल में मस्जिद तोड़ने का फरमान ● कमेटी को प्रशासन ने लगाई फटकार ● कमेटी ने शाम तक का मांगा था समय**

# जल्द हटाएं नहीं तो चलेगा सरकारी बुलडोजर

**हिंदमाता नेटवर्क @ चंदौसी**

चंदौसी के लक्ष्मणगंज में नगर पालिका की साढ़े छह बीघा भूमि पर अवैध रूप से निर्मित रजा-ए-मुस्तफा मस्जिद को स्वयं ध्वस्त करने की जिम्मेदारी लेने के बाद भी मस्जिद कमेटी तय समय पर ढांचे को पूरी तरह गिराने में विफल रही। शनिवार शाम तक मस्जिद पूरी तरह गिरा दी जानी थी लेकिन रविवार तक 60 प्रतिशत ही तोड़ी जा सकी। शेष गुंबद सहित करीब 40 प्रतिशत हिस्से को जस का तस देखकर मौके पर पहुंचे एसडीएम विनय कुमार मिश्रा ने कमेटी को फटकार लगाते हुए शीघ्र ही कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। प्रशासनिक कार्रवाई के तहत एसडीएम विनय मिश्रा, सीओ अनुज चौधरी, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम, पुलिस बल और अर्द्धसैनिक बल के साथ जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे थे।



### कमेटी ने नहीं गिराया ढांचा

मस्जिद के कुछ हिस्से को तोड़े जाने के बाद मस्जिद कमेटी ने खुद ही शेष हिस्सा गिराने की बात कहते हुए शाम तक का समय मांगा था। बावजूद रविवार तक ढांचा पूरी तरह नहीं गिराया जा सका। एसडीएम ने मौके पर दोबारा निरीक्षण किया तो पाया कि ध्वस्तीकरण का काम भी रोक दिया गया है। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए मस्जिद कमेटी को चेतावनी दी गई कि यदि शेष हिस्सा भी तत्काल नहीं गिराया गया तो प्रशासन स्वयं जेसीबी से कार्रवाई करेगा।

### ⏭ 34 मकानों को खुद खाली करने का अल्टीमेटम

प्रशासन ने मस्जिद के साथ ही लक्ष्मणगंज क्षेत्र में पालिका भूमि पर बने 34 मकानों का भी निरीक्षण किया। इन सभी मकानों को 15 दिन में खाली कर स्वेच्छा से गिराने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम व सीओ ने घर-घर जाकर लोगों से बातचीत की और नोटिस चस्पा करने के निर्देश अधीनस्थों को दिए।

### ⏭ स्कूल में मिला गोबर, जांच के आदेश

निरीक्षण के दौरान प्रशासन को क्षेत्र में जीएस नाम से एक इंग्लिश मीडियम स्कूल मिला, जहां परचून का सामान और पशु का गोबर पड़ा मिला। जब स्कूल संचालक रिफाकत से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि ईद पर कुर्बानी की गई थी। आशंका जताई जा रही है कि गोबर गोवंशीय पशु का हो सकता है, जिसे लेकर सैंपल जांच के लिए भेजा गया है। स्कूल संचालक से गहन पूछताछ जारी है।

### ⏭ प्रशासन सख्त, चेतावनी के बाद फिर ध्वस्तीकरण

मस्जिद का ध्वस्तीकरण कार्य शनिवार को धीमी गति से हो रहा था, जिसे देखते हुए प्रशासन ने सख्ती बरती। एसडीएम की चेतावनी के बाद दोबारा मजदूर बुलाकर कार्य शुरू कराया गया। प्रशासन का साफ निर्देश है कि मस्जिद का शेष ढांचा शीघ्र ही गिराया जाए, अन्यथा रविवार को जेसीबी लगाकर शासकीय स्तर पर ध्वस्तीकरण कराया जाएगा।


### बुलडोजर देख खुद जुटे तोड़ने

शनिवार सुबह प्रशासन के बुलडोजर लेकर पहुंचते ही मस्जिद कमेटी के सदस्य खुद ही मस्जिद को गिराने में जुट गए थे। प्रशासन ने पहले ही चेतावनी दे दी थी कि यदि शनिवार शाम तक मस्जिद पूरी तरह नहीं तोड़ी गई, तो रविवार को जेसीबी से ध्वस्तीकरण कराया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि यह भूमि नगर पालिका की है, जिस पर एक मस्जिद और 34 मकान अवैध रूप से बने हैं। हालांकि, मकान धारकों का दावा है कि उनके पास बैनामे हैं, लेकिन मस्जिद कमेटी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सकी। इसी आधार पर मस्जिद को ध्वस्त करने का आदेश दिया गया था। मस्जिद कमेटी ने 19 जून को प्रशासन से अनुमति लेकर खुद ही मस्जिद गिराने की सहमति जताई थी।

> “मस्जिद कमेटी को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे शेष ढांचा तुरंत गिराएं। यदि निदेर्शों की अवहेलना हुई तो प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। 34 मकानों को भी 15 दिन में खाली करना अनिवार्य है।
>
> — विनय कुमार मिश्रा, एसडीएम, चंदौसी

# प्रेम संबंधों के चलते युवक ने की आत्महत्या

**हिंदमाता नेटवर्क @ गाजियाबाद**



उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। लोनी कोतवाली के बंथला क्षेत्र में एक युवक ने आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि उसकी प्रेमिका और उसके दो बॉयफ्रेंड उसे ब्लैकमेल कर रहे थे। युवक ने आत्महत्या से पहले एक वीडियो रिकॉर्ड किया और एक सुसाइड नोट भी लिखा, जिसे उसने अपने परिवार को भेजा। परिवार ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, पवन कुमार (28) अपने परिवार के साथ लोनी के बंथला इलाके में रहता था और वह ढलाई का काम करता था। मंगलवार रात उसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें उसने आत्महत्या करने की बात कही। पवन ने अपनी प्रेमिका और उसके दो साथियों पर ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाया। जब परिवार के सदस्य कमरे में पहुंचे, तो उन्होंने पवन का शव फंदे से लटका हुआ पाया। पवन ने तीन पन्नों का सुसाइड नोट लिखा था, जिसमें उसने बताया कि उसकी प्रेमिका और उसके साथी दिल्ली के निवासी हैं। आरोपियों ने उससे पैसे और कुछ गहने भी ले लिए थे। एसीपी लोन सिद्धार्थ गौतम ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है, लेकिन परिवार की ओर से कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। सुसाइड नोट के कुछ अंश में पवन ने लिखा कि मैं अपने अंगूठे का निशान पेपर पर लगा रहा हूं। मैं उस लड़की से बहुत प्यार करता था, लेकिन अब उसका दूसरा बॉयफ्रेंड मुझे ब्लैकमेल कर रहा है। मुझे इंसाफ दिला देना साहब।

## शॉर्ट स्टोरी

### स्पा सेंटर पर पुलिस की छापेमारी, 23 लोग गिरफ्तार

**हिंदमाता नेटवर्क @ जोधपुर**

जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट ने रविवार को भगत की कोठी थाना क्षेत्र में एक स्पा सेंटर पर छापेमारी की, जहां अनैतिक गतिविधियों का संचालन हो रहा था। इस कार्रवाई में 23 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें 11 महिलाएं और 12 पुरुष शामिल थे। जब पुलिस ने स्पा सेंटर पर छापा मारा, तो वहां का दृश्य बेहद चौंकाने वाला था। कई लोग अर्धनग्न अवस्था में पाए गए और उनकी गतिविधियां संदिग्ध थीं। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों ने संतोषजनक उत्तर नहीं दिए। पुलिस की इस कार्रवाई से वहां मौजूद पुरुष ग्राहक भयभीत हो गए। सभी गिरफ्तार व्यक्तियों को पुलिस ने भगत की कोठी थाने ले जाकर आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की और फिर उन्हें न्यायालय में पेश किया। पुलिस को इस स्पा सेंटर के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जिनमें अनैतिक गतिविधियों और कानून के उल्लंघन की जानकारी दी गई थी। इन शिकायतों के आधार पर, पुलिस कमिश्नर राजेंद्र सिंह और डीसीपी (पश्चिम) राजर्षि राज वर्मा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। भगत की कोठी थाना प्रभारी पद्म शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इस अभियान को गोपनीय तरीके से अंजाम दिया, ताकि इसकी जानकारी केवल डीसीपी और थाना प्रभारी तक सीमित रहे। अब जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट स्पा सेंटरों पर नियमित निगरानी रख रहा है। कमिश्नर राजेंद्र सिंह के आदेश पर, ऐसे अवैध धंधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है, ताकि स्पा के नाम पर चल रही अनैतिक गतिविधियों पर नियंत्रण पाया जा सके।

### डंपर और ट्रक की टक्कर में कटकर उछली क्लीनर की गर्दन

**हिंदमाता नेटवर्क @ मुजफ्फरनगर**

बेहट कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली-यमुनोत्री हाईवे पर साइड में खड़े खनिज से भरे डंपर में पीछे से आए तेज रफ्तार खनिज से लदे ट्रक ने टक्कर



मार दी। जिस समय डंपर में टक्कर लगी, उसका क्लीनर आबिद (30) पुत्र साबिर निवासी गांव कोखनी थाना खतौली मुजफ्फरनगर टायरों को चेक कर रहा था। टक्कर इतनी भीषण हुई कि डंपर आबिद को कुचलते हुए काफी दूर जाकर रुका। उसका सिर बुरी तरह से कुचला गया, जो धड़ से अलग हो गया था। हादसा आधी रात के बाद बेहट व कलसिया के बीच वन विभाग की नर्सरी के पास हुआ। यहां कुछ खनिज वाहन साइड में लगे खड़े थे। सबसे पीछे आबिद का डंपर खड़ा था। आबिद डंपरों के टायरों को चेक कर रहा था। इसी दौरान बेहट की तरफ से गए खनिज से भरे लक्कड़ बॉडी ट्रक ने डंपर में टक्कर मार दी। डंपर आगे की तरफ कई मीटर तक चला गया और आबिद टायरों के नीचे कुचला गया। उसका सिर सड़क पर चिपका हुआ था, जो धड़ से अलग हो गया था। हादसे में जिस ट्रक ने टक्कर मारी, वह भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान तकनीकी खराबी के कारण रद्द

**हिंदमाता नेटवर्क @ जयपुर**

जयपुर से दुबई के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक फ़्लाइट तकनीकी खराबी के कारण रद्द कर दी गई। इस घटना के चलते सैकड़ों यात्री जयपुर हवाई अड्डे पर घंटों तक फंसे रहे, जिससे उन्हें काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। उड़ान IX-193, जो दुबई के लिए निर्धारित थी, में यात्री पहले से ही सवार थे और उड़ान भरने की तैयारी में थे, लेकिन पायलटों ने विमान में तकनीकी समस्या का पता लगाया। सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, उड़ान को तुरंत रद्द करने का निर्णय लिया गया। उड़ान रद्द होने के बाद, यात्रियों को विमान से उतार दिया गया और उन्हें हवाई अड्डे के टर्मिनल में इंतजार करने के लिए कहा गया। कई घंटों तक यात्रियों को अपनी यात्रा के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिली, जिससे उनमें आक्रोश और निराशा फैल गई। हवाई अड्डे पर कुछ यात्रियों ने हंगामा भी किया, क्योंकि उन्हें भोजन और पानी की कमी का सामना करना पड़ा और वैकल्पिक उड़ानों के बारे में कोई सटीक जानकारी नहीं दी गई। एयरलाइन के अधिकारियों ने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि तकनीकी समस्या की जांच की जा रही है और यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। कुछ यात्रियों को होटल में ठहराने की व्यवस्था की गई, जबकि अन्य को अगली उपलब्ध उड़ानों में समायोजित करने का आश्वासन दिया गया।

# कासगंज में 9 बच्चों की मां बनी कातिल

**● प्रेमी संग मिलकर किया पति का कत्ल**

**हिंदमाता नेटवर्क @ कासगंज**



उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले से एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। जहां 9 बच्चों की मां ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को मौत के घाट उतार दिया। जिसके बाद शव को गांव के एक बंद पड़े भट्ठे के पास ट्यूबवेल के हौज में फेंक दिया। मृतक रतिराम नट के भाई ने इस मामले में अपनी भाभी रीना और उसके प्रेमी हनीफ के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। फिलहाल दोनों आरोपी फरार चल रहे हैं।

### तीन दिन से लापता था रतिराम

यह वारदात पटियाली थाना क्षेत्र के भरगेन गांव में हुई। मृतक रतिराम फर्रुखाबाद के थाना कायमगंज तहसील क्षेत्र के गांव उलियापुर का रहने वाला था। वह कस्बा भरगैन स्थित अपनी ससुराल में रह रहा था। रतिराम मजदूरी के लिए यहां पत्नी और बच्चों के साथ आया था। प्रेमी हनीफ भी भरगैन का ही रहने वाला था। गांव में पत्नी के ससुराल में रह रहा था। रतिराम तीन दिन से लापता था। रतिरात 18 जून की रात से लापता चल रहा था। जिसके बाद उसके भाई अरविंद ने शनिवार को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। रविवार सुबह रतिराम का शव भट्ठे के पास ट्यूबवेल के हौज में बरामद हुआ।

### मृतक के भाई का भाभी पर आरोप

पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर एसपी कासगंज अंकिता शर्मा, एएसपी राजेश भारती, सीओ पटियाली और फॉरेंसिक टीम पहुंची। घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए गए और शव को पोस्टमार्टम के लिए कासगंज मोर्चरी भेजा गया। मृतक के भाई ने रीना और हनीफ के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। उसने बताया गया कि रीना का भरगैन के मुहल्ला नत्थू थोक निवासी हनीफ के साथ पिछले कई सालों से अवैध संबंध है। जिसके चलते उसने प्रेमी के साथ मिलकर भाई की हत्या कर दी। इस वारदात के रीना अपने 6 बच्चों को छोड़कर फरार हो गई है। उसके तीन बच्चों की शादी हो चुकी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

# पापा... बोलते ही कटकर सड़क पर आ गिरी गर्दन

**● पिता और ताऊ के कानों में गूंज रहा ये आखिरी शब्द**

**हिंदमाता नेटवर्क @ हाथरस**

पापा... बसी यही कहते ही गर्दन कटकर सड़क पर आ गिरी, धड़ बस में छटपटाता रहा। जी हां, मोहम्मद अली के यही आखिरी शब्द उसके पिता और ताऊ के कानों तक पहुंचे थे। मृतक के ताऊ साबुद्दीन ने बताया कि बस मेवली में जा रही थी। जैसे हाजीपुर रेलवे फाटक के ओवरब्रिज के नीचे से बस निकलकर सर्विस की ओर बढ़ी तो छोटा मार्ग होने के चलते सामने से आती हुई मैक्स के कारण बस को रोका गया। बस को रोकते ही बस में से ज्यादातर सभी सवारियां उतर आई। बस चालक ने जबरदस्ती सर्विस रोड के नीचे के कच्चे हिस्से में निकालने की कोशिश की लेकिन बस नहीं निकल सकी और पेड़ से अटक गई। मृतक ताऊ ने बताया कि इस दौरान बस चालक से बस पीछे करके मैक्स को निकलवाने के लिए कहा, लेकिन न तो मैक्स चालक ने बात सुनी और न ही बस चालक ने।



### मैक्स की चपेट में आकर अली की गर्दन कटी

दोनों ने जबरदस्ती तरीके से एक दूसरे को सटाते हुए बस और मैक्स को निकालने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि इसी दौरान मोहम्मद अली ने अपने पिता आस मोहम्मद को बस के बाहर खड़ा हुआ देखा। मोहम्मद अली ने खिड़की से सिर निकालकर अपने पिता को देखते ही पापा कहकर आवाज लगाई, इधर पिता ने मुड़कर देखा और दोनों ही चालकों ने तेजी से झटके से वाहनों का निकाला। मैक्स की चपेट में आकर अली की गर्दन एक झटके में कटकर नीचे आ गिरी। गर्दन को नीचे जमीन पर मिट्टी में गिरा देखा ताऊ गर्दन उठाने भागे और पिता बस के अंदर धड़ को पकड़ने के लिए दौड़ पड़ा। बस के अंदर से धड़ को लेकर पिता बाहर आया और गर्दन से धड़ को जोड़ने का प्रयास किया लेकिन जब तक जान जा चुकी थी। यह नजारा देख लोगों की रुह कांप गई।

### अपने दो चचेरे भाइयों की बरात में जा रहा था मोहम्मद अली

अलीगढ़ से हाथरस के गांव मेवली जा रही बरात की बस की खिड़की से झांक रहे मोहम्मद अली (11) की गर्दन मैक्स की चपेट में आकर धड़ से अलग हो गई। यह दर्दनाक हादसा रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे हाथरस के जंक्शन क्षेत्र में हाजीपुर रेलवे फाटक के पास हुआ। हादसे के वक्त मोहम्मद अली अपने दो चचेरे भाइयों की बरात में जा रहा था। वह अलीगढ़ शहर के मकदूम नगर कमेला रोड निवासी आस मोहम्मद का पुत्र था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद चालक बस और मैक्स छोड़कर भाग गए।

### वाहनों के आने-जाने के लिए बनाई हुई है सर्विस रोड

आस मोहम्मद के बड़े भाई साबुद्दीन के बेटे साहिल और उनके छोटे भाई बाबूद्दीन के बेटे दानिश की बरात गांव मेवली में दो भाइयों अफसर और बॉबी के यहां जा रही थी। रविवार दोपहर बस कैलोरा-जलेसर मार्ग पर हाजीपुर में रेलवे फाटक पर बन रहे ओवरब्रिज के निकट पहुंची। यहां निर्माण के चलते वाहनों के आने-जाने के लिए सर्विस रोड बनाई हुई है। बालक के ताऊ साबुद्दीन ने बताया कि सर्विस रोड पर बस के सामने से मैक्स वाहन आ गया। उसे रास्ता देने के लिए चालक ने बस को नीचे कच्चे में उतार लिया। लेकिन एक पेड़ सामने आने के कारण बस रुक गई। बस में सवार बराती नीचे उतर गए, उसमें केवल बच्चे बैठे रह गए। मैक्स के चालक ने जगह न होने के बाद भी बस से सटाकर वाहन को निकालने की कोशिश की, इस दौरान खिड़की से झांक रहे मोहम्मद अली की गर्दन कट गई। सीओ जेएन अस्थाना ने बताया कि दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है। हादसे के बाद भागे चालकों की तलाश की जा रही है। परिजनों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर के अनुसार ही रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### शादी की खुशियां बदली मातम में, बारात लौटी वापस, चंद लोग हुए शादी में शामिल



बच्चे की गर्दन सड़क पर गिरते ही शादी के लिए जा रहे बरातियों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। शादी की खुशियां एक ही पल में मातम में बदल गई। घटनास्थल पर कोहराम मच गया। मां और अन्य परिजन भी बेहाल हो गए। यहां से गुजरने वाले वाहनों के पहिए भी थम गए। बच्चे की इतनी दर्दनाक मौत को देख लोगों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। परिजनों ने सभी ढांढस बंधाते हुए बरात में शामिल होने के लिए आने वाले लोगों को वापस कर दिया। बरात वापस हो गई। दोनों दूल्हे और कुछ परिजन शादी कराने के लिए छोटे वाहन से भेज दिए गए।

# यूपी के 39 जिलों में सीएम कंपोजिट स्कूलों का निर्माण शुरू, प्री प्राइमरी से 12वीं तक एक परिसर में होगी पढ़ाई

**हिंदमाता नेटवर्क @ लखनऊ**

प्रदेश के 39 जिलों में अत्याधुनिक मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालयों का निर्माण कार्य तेजी से शुरू हो गया है। ये विद्यालय एक ही परिसर में प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 12 तक की पढ़ाई की सुविधा देंगे। सरकार की योजना हर जिले में एक-एक मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय स्थापित करने की है। पहले चरण में 75 जिलों में से 39 जिलों में निर्माण कार्य शुरू हो चुका है, जबकि 10 अन्य जिलों में जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने वाला है। शेष जिलों में भूमि चयन और वित्तीय स्वीकृति की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। पहले चरण के बाद द्वितीय चरण में भी हर जिले में एक और कंपोजिट विद्यालय बनाने की योजना है। इस तरह, राज्य में कुल 150 माडल स्कूल तैयार किए जाएंगे। हर स्कूल के निर्माण पर लगभग 30 करोड़ रुपए की लागत आ रही है। ये स्कूल पांच से 10 एकड़ में बन रहे हैं और पूरी तरह आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे। हर विद्यालय में 30 स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब, आधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाएं, मिनी स्टेडियम, कौशल विकास केंद्र, वर्कशाप, शिक्षकों के लिए आवासीय सुविधा, वाइ-फाइ, सीसीटीवी निगरानी, स्वच्छ पेयजल और शौचालय की पुख्ता व्यवस्था रहेगी। इस परियोजना के लिए सरकार ने छह प्रमुख निर्माण एजेंसियों को जिम्मेदारी सौंपी है, जिससे काम में गति लाई जा सके।



### इन जिलों में बन रहा है विद्यालय

सीतापुर, बिजनौर, कानपुर देहात, महाराजगंज, अम्बेडकरनगर, बुलंदशहर, लखीमपुर खीरी, बलिया, सुल्तानपुर, हमीरपुर, रायबरेली, औरैया, अमेठी, हरदोई, अमरोहा, चित्रकूट, ललितपुर, जालौन, चन्दौली, फिरोजाबाद, श्रावस्ती, इटावा, मैनपुरी, हापुड़, कौशाम्बी, मऊ, गाजियाबाद, शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर, संतकबीरनगर, संभल, गाजीपुर, मुजफ्फरनगर, रामपुर, हाथरस, बदायूं, बहराइच, भदोही और बागपत।

**हिंदमाता एंकर** | एक अद्भुत परंपरा, इस मेले में बुरी आत्माओं से मुक्ति पाने के लिए आते हैं लाखों लोग

# बिहार में कार्तिक पूर्णिमा पर लगता है भूतों का मेला

**हिंदमाता नेटवर्क @ पटना**

वर्तमान समय में विज्ञान ने कई क्षेत्रों में प्रगति की है, जिससे लोगों का जीवन आसान हुआ है। फिर भी, शिक्षा और जानकारी की कमी के कारण, देश के कुछ हिस्सों में अंधविश्वास का प्रभाव बना हुआ है। भारत में ऐसी कई जगहें हैं जहां लोग आज भी अंधविश्वास पर विश्वास करते हैं। बिहार में एक ऐसा स्थान है जहां हर साल कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर भूतों का मेला आयोजित होता है।



### कहां लगता है भूतों का मेला?

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बिहार के हाजीपुर के कोनहारा घाट पर विश्व का सबसे बड़ा भूतों का मेला लगता है। यह उत्सव कार्तिक पूर्णिमा की रात से पहले शुरू होता है। इस रात भर चलने वाले अनुष्ठान को स्थानीय भाषा में 'भूत खेली' कहा जाता है। इस मेले में लाखों लोग बुरी आत्माओं से मुक्ति पाने के लिए आते हैं, जबकि भूतों को पकड़ने और भगाने का दावा करने वाले ओझा भी बड़ी संख्या में उपस्थित होते हैं।

### प्रशासन की नजरों के सामने भूतों का मेला

कार्तिक पूर्णिमा के दौरान सभी घाटों पर प्रशासन सतर्क रहता है। हर जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए जाते हैं, लेकिन यह मेला प्रशासन की नजरों के सामने ही चलता है। वैशाली जिले में कई स्वयंसेवी संस्थाएं कार्यरत हैं, लेकिन इनकी वास्तविकता किसी से छिपी नहीं है। इनमें से अधिकांश संस्थाएं सरकारी योजनाओं में धांधली कर धन कमाने का प्रयास करती हैं। अंधविश्वास के इस भूत को समाप्त करने का एकमात्र उपाय शिक्षा है।

# एक जुलाई से स्कूलों में होगी ऑनलाइन हाजिरी

**हिंदमाता नेटवर्क @ लखनऊ**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) से मान्यता प्राप्त स्कूलों में एक जुलाई से आनलाइन हाजिरी की व्यवस्था करने की तैयारी है। विशेष रूप से कक्षा 9वीं से 12वीं तक के सभी स्कूलों में अब शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति आनलाइन दर्ज करनी होगी।

अभी तक यह व्यवस्था बाध्यकारी नहीं थी, जिससे कई विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश लेने के बावजूद स्कूल न आने की शिकायतें मिलती थीं। अब इस नई व्यवस्था से गैरहाजिर विद्यार्थियों की पहचान आसानी से हो सकेगी। इसके लिए कार्यदायी संस्था का चयन कर लिया गया है। 23 जून को यूपी बोर्ड मुख्यालय प्रयागराज में इसका प्रजेंटेशन होगा, जिसमें आनलाइन हाजिरी दर्ज करने की प्रक्रिया विस्तार से बताई जाएगी। आनलाइन हाजिरी से शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी और विद्यार्थियों की नियमितता बढ़ेगी। फर्जी प्रवेश और घोस्ट स्टूडेंट की समस्या रुकेगी। सरकार को वास्तविक नामांकन और उपस्थिति का सटीक आंकड़ा मिलेगा, जिससे योजनाएं बेहतर तरीके से बन सकेंगी। शिक्षकों और कर्मचारियों की जवाबदेही भी तय होगी।

साथ ही, निजी स्कूलों में अनियमितताओं पर नियंत्रण आसान हो जाएगा। बोर्ड के सचिव भगवती सिंह के अनुसार परीक्षण के बाद विस्तृत कार्ययोजना सभी स्कूलों को भेजी जाएगी, ताकि इसे लागू करने में किसी को कठिनाई न हो। इससे उपस्थिति की पारदर्शिता बढ़ेगी और स्कूलों में अनुशासन भी सुनिश्चित हो सकेगा।

उधर, उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आनलाइन हाजिरी अनिवार्य करने से विशेष रूप से निजी विद्यालयों में फर्जी प्रवेश पर रोक लगेगी और पढ़ाई का माहौल भी बेहतर होगा।

# सीरिया में चर्च के अंदर आत्मघाती हमला

## •प्रार्थना के बीच खुद को बम से उड़ाया, 15 की मौत

**हिंदमाता नेटवर्क @ सीरिया**



सीरिया की राजधानी दमिश्क में रविवार को एक आत्मघाती हमले में 15 लोगों की मौत हो गई जबकि 13 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि हमलावर ने लोगों से भरे एक चर्च में प्रार्थना के दौरान खुद को उड़ा लिया। दमिश्क के बाहरी इलाके में स्थित द्वेइला में विस्फोट उस समय हुआ जब लोग मार एलियास चर्च के अंदर प्रार्थना कर रहे थे। स्थानीय मीडिया ने बताया कि हताहतों में बच्चे भी शामिल हैं। यह हमला वहां हुआ है, जिसे सीरियाई शासन का सबसे सेफ जोन माना जाता है। सीरिया के सरकारी मीडिया ने इसे कायरतापूर्ण आतंकी हमला बताया है। हालांकि अभी तक किसी संगठन ने इस आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### सूचना मंत्री ने की हमले की निंदा

बता दें कि दमिश्क के बाहरी इलाके में दवेइला में विस्फोट उस समय हुआ जब लोग चर्च के अंदर प्रार्थना कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्रालय का हवाला देते हुए कहा कि कम से कम 15 लोग घायल हुए हैं। सीरियाई सूचना मंत्री हमजा मुस्तफा ने हमले की निंदा की और इसे आतंकवादी हमला बताया।

### हमलों से समाज की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध

उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह कायरतापूर्ण हमला उन नागरिक मूल्यों के खिलाफ है जो हमें एक साथ लाते हैं। हम आपराधिक संगठनों से निपटने और समाज की सुरक्षा को खतरे में डालने वाले सभी हमलों से समाज की रक्षा करने के लिए अपने सभी प्रयासों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### असद के खिलाफ आक्रामक अभियान

नाम न बताने की शर्त पर एक सुरक्षा सूत्र ने बताया कि हमले में दो लोग शामिल थे, जिसमें वह भी शामिल था, जिसने खुद को उड़ा लिया। सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा, जिन्होंने जनवरी में पद संभालने से पहले असद के खिलाफ आक्रामक अभियान का नेतृत्व किया था, ने बार-बार कहा है कि वह अपने कार्यकाल के दौरान अल्पसंख्यकों की रक्षा करेंगे।

### अल्पसंख्यकों का समर्थन जीतने की कोशिश

राष्ट्रपति अहमद अल-शरा देश भर में अधिकार जताने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, युद्धग्रस्त देश में चरमपंथी समूहों के स्लीपर सेल की मौजूदगी को लेकर चिंताएं हैं। यह हमला सीरिया में कई सालों में अपनी तरह का पहला हमला था, और यह ऐसे समय में हुआ है जब दमिश्क अपने वास्तविक इस्लामी शासन के तहत अल्पसंख्यकों का समर्थन जीतने की कोशिश कर रहा है।

# अमेरिका पर अटैक को तैयार बैठे हैं ईरानी 'स्लीपर सेल

## जी 7 समिट में ट्रंप को मिली थी धमकी

**हिंदमाता नेटवर्क @ इजराइल**



ईरान-इजरायल युद्ध को और भयावह कर दिया है। खुफिया रिपोर्ट है कि ईरान ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को इन हमलों से पहले एक गंभीर चेतावनी दी थी कि यदि अमेरिका ने युद्ध में हस्तक्षेप किया, तो अमेरिका के भीतर 'स्लीपर सेल' ऐक्टिव किए जा सकते हैं। ट्रंप को यह संदेश कनाडा में हुए जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान एक मध्यस्थ के माध्यम से पहुंचाया गया था। यह जानकारी और अन्य स्वतंत्र रिपोर्टों में सामने आई है।

### हमले से पहले निगरानी

एफबीआई प्रमुख काश पटेल ने हमले से पहले ही अमेरिका में मौजूद संभावित ईरानी एजेंटों की गुप्त निगरानी के आदेश दे दिए थे। यह निर्णय उस समय लिया गया जब ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी कि यदि युद्ध में घसीटा गया, तो जवाब अमेरिका के अंदर से भी मिल सकता है।

### अमेरिका का जवाबी हमला

शनिवार को अमेरिका ने फोर्डो, नतांज और इस्फहान स्थित ईरान के तीन प्रमुख यूरेनियम संवर्धन केंद्रों पर हमले किए। यह हमला बंकर-भेदी बमवर्षकों और मिसाइलों के माध्यम से किया गया और इसे अमेरिकी सेना ने "पूरी तरह सफल" बताया।

### अमेरिकी हमलों से बौखलाया यमन

यमन सेना का यह बयान ईरान पर अमेरिकी हवाई हमलों के बाद आया है। बीते दिनों अमेरिकी सेना ने ऑपरेशन मिड-नाइट हैमर के तहत ईरान के परमाणु ठिकानों फोर्डो, इस्फान और नतांज को निशाना बनाते हुए युद्ध को एक नए स्तर पर ला दिया है। इसके अलावा सोमवार को इजरायली सेना ने भी फोर्डो परमाणु साइट पर हवाई हमला किया।

### क्या होते हैं 'स्लीपर सेल'?

स्लीपर सेल वे गुप्त एजेंट होते हैं जो किसी देश में सामान्य जीवन जीते हैं और गुप्त रूप से जासूसी, हमला या तोड़फोड़ करने के लिए तैयार रहते हैं। ये बाहरी तौर पर किसी आम नागरिक की तरह जीवन बिताते हैं, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर इन्हें सक्रिय किया जाता है। रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिका में ईरान समर्थित हिजबुल्लाह संगठन से जुड़े संभावित स्लीपर सेल पहले से मौजूद हैं। वाइट हाउस और संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) अब पूरी तरह सतर्क है। अमेरिकी सीमा सुरक्षा विभाग (सीबीपी) ने कहा है कि ईरानी स्लीपर सेल्स का खतरा पहले से कहीं अधिक है। हालांकि फिलहाल तक किसी ठोस साजिश का प्रमाण नहीं मिला है, लेकिन रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि हजारों ईरानी नागरिकों को हाल के महीनों में अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करते हुए दर्ज किया गया है।

# ट्रंप का नोबेल नॉमिनेशन वापस लें

## शहबाज-मुनीर को अपने ही देश में मिलने लगी लानतें

**हिंदमाता नेटवर्क @ इस्लामाबाद**

ईरान और इजरायल के बीच सुलगते जंग के बीच पाकिस्तान के कई बड़े नेताओं और मशहूर हस्तियों ने सरकार से मांग की है कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकन के फैसले पर दोबारा विचार करे। यह मांग तब सामने आई जब अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर बमबारी की। पाक सरकार ने शुक्रवार को अचानक ऐलान किया था कि वह हाल के भारत-पाकिस्तान तनाव में ट्रंप की कथित शांति प्रयासों के लिए उन्हें इस सम्मान के लिए नामित करेगी। इसके बाद पाकिस्तान में अब सरकार पर चापलूसी करने का आरोप लग रहा है। उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार के हस्ताक्षर वाला एक सिफारिशी पत्र नॉर्वे की नोबेल शांति पुरस्कार समिति को भेजा जा चुका है। लेकिन अमेरिका की ओर से ईरान के फोर्डो, इस्फहान और नतांज परमाणु ठिकानों पर इजरायल के साथ मिलकर बमबारी के बाद यह फैसला आलोचना के घेरे में आ गया। एक अखबार के मुताबिक, कई प्रमुख नेताओं ने इस फैसले की समीक्षा की मांग की है।

### झूठा साबित हुआ ट्रंप को 'शांतिदूत' बनाने का दावा

जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (एफ) के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने कहा कि सरकार को यह फैसला वापस लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप का शांति का दावा झूठा साबित हुआ है, नोबेल पुरस्कार की सिफारिश वापस की जाए। उन्होंने कहा कि ट्रंप की हाल की मुलाकात और आर्मी चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के साथ लंच ने पाकिस्तानी हुक्मरानों को इतना खुश कर दिया कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति को नोबेल के लिए नामित किया। ट्रंप ने फलस्तीन, सीरिया, लेबनान और ईरान पर इजरायली हमलों का समर्थन किया। यह शांति का प्रतीक कैसे हो सकता है? अफगानों और फलस्तीनियों के खून से सने अमेरिका के हाथों के साथ, वह शांति का दावा कैसे कर सकते हैं?


### सोशल मीडिया पर भी सरकार को मिल रही लानतें

पूर्व सीनेटर मुशाहिद हुसैन ने एक्स पर लिखा कि अब जब ट्रंप संभावित शांतिदूत नहीं रहे, बल्कि एक ऐसे नेता हैं जिन्होंने गैर-कानूनी जंग शुरू किया, पाकिस्तान सरकार को अब अपने नामांकन की समीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ट्रंप इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू और इजरायली युद्ध लॉबी के जाल में फंस गए और अपनी राष्ट्रपति पद की सबसे बड़ी भूल कर बैठे। उन्होंने कहा कि ट्रंप अब अमेरिका के पतन की अध्यक्षता करेंगे।

# फिलिस्तीन समर्थकों ने ब्रिटेन में जमकर मचाया उत्पात

## सैन्य अड्डों पर खड़े विमानों को किया डैमेज

**हिंदमाता नेटवर्क @ लंदन**



ब्रिटेन में फिलिस्तीन समर्थकों ने शुक्रवार को सेंट्रल इंग्लैंड के रॉयल एअर फोर्स बेस में घुसकर दो विमानों को क्षतिग्रस्त कर दिया और उनके ऊपर लाल रंग छिड़क दिया। फिलिस्तीन एक्शन नाम के कैंपेन ग्रुप का कहना है कि उसके के दो एक्टिविस्ट ऑक्सफोर्डशायर में ब्रिज नॉर्टन बेस में घुस गए थे। उन्होंने वायेजर विमान के इंजनों पर पेंट छिड़क दिया और बहुत नुकसान पहुंचाया। इस ग्रुप ने घटना एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर करते हुए कहा कि इजरायली सरकार की सार्वजनिक रूप से निंदा करने के बावजूद ब्रिटेन मिलिट्री कार्गो को भेजना, गाजा के ऊपर जासूसी विमान उड़ाना और अमेरिकी/इजरायली फाइटर प्लेन को ईंधन भरना जारी रखे हुए है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने इस घटना की निंदा की और कहा कि वह जांच के लिए पुलिस के साथ काम कर रहा है।

### क्या बोला रक्षा मंत्रालय?

बयान में कहा गया कि हमारी आर्म्ड फोर्स सबसे बेस्ट है। वो हमारे लिए अपनी जान जोखिम में डालते हैं और उनका कर्तव्य, समर्पण और निस्वार्थ व्यक्तिगत बलिदान का प्रदर्शन हम सभी के लिए प्रेरणा है। ये हमारी जिम्मेदारी है कि हम उन लोगों का समर्थन करें जो हमारी रक्षा करते हैं। वहीं, पुलिस का कहना है कि वो इस बात की जांच कर रही है कि ये लोग एयरबेस तक कैसे पहुंचे और क्रिमिनल डैमेज का क्या कारण रहा?

# ईरान ने सीरिया में वर मिलिट्री बेस पर किया अटैक

**हिंदमाता नेटवर्क @ सीरिया**



ईरान पर अमेरिका के हमले के बाद सीरिया में मौजूद अमेरिका सैन्य ठिकाने पर हमला हुआ है। ईरानी मीडिया ने सोमवार को जानकारी दी कि सीरिया में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर हमला हुआ है। अमेरिका के बी-2 बॉम्बर हमले के 36 घंटे बाद सीरिया स्थित अमेरिकी बेस पर यह अटैक हुआ है। ये हमला ईरान की ओर से पहला हमला माना जा रहा है, जो इजराइल से अलग किया गया है। हालांकि ईरान की ओर से हमले की जिम्मेदारी नहीं ली गई है, लेकिन ईरान ने चेतावनी दी थी कि अगर अमेरिका जंग में कूदता है। तो वह मध्य पूर्व में मौजूद उसके सैन्य अड्डों को निशाना बनाएगा। सूत्रों के हवाले से जानकारी दी कि सीरिया के पश्चिमी हसाका प्रांत के एक इलाके में अमेरिकी सैन्य अड्डे को निशाना बनाया गया। इन सूत्रों ने बताया कि हमले के बाद मुख्य प्रवेश द्वार पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। ईरान ने मोर्टार से यह हमला किया है।

### ईरान ने 3 ठिकानों पर हमले के संकेत दिए

यूनाइटेड नेशन में ईरान के राजदूत आमिर सईद इरावानी ने 3 ठिकानों पर जवाबी हमले का संकेत दिए हैं। इरावानी का कहना था कि हम अनुपातिक जवाब देंगे। यानी जितना नुकसान हमें अमेरिका ने पहुंचाया है, उतना ही नुकसान उसे पहुंचाएंगे। ईरान का कहना है कि इजराइल के चक्कर में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने लोगों के जान को खतरे में डाल दिया है। ईरान ने अमेरिका पर हमला करने के 5 वैध कारण भी गिनाए थे।

# ईरान के एक ही फैसले से हिल गया अमेरिका

## चीन से लगाने लगा गुहार

**हिंदमाता नेटवर्क @ अमेरिका**



इजराइल और ईरान के बीच छिड़े जंग में अमेरिका की एंट्री के बाद क्षेत्र में स्थिति बेहद खराब हो गई है। ईरान की ओर से अमेरिका के हमले के बाद बड़ा खामियाजा भुगतने को लेकर धमकी दी जा चुकी है। इस बीच ईरान ने धमकी दी है कि फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ने वाला संकरे जलमार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर देगा, लेकिन इस धमकी से दुनिया के कई देश दबाव में आ गए हैं जिसमें खुद अमेरिका भी शामिल है। अमेरिका ने इसके लिए चीन से गुहार लगाई है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कल रविवार को चीन से आह्वान करते हुए कहा कि वह ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद नहीं करने के लिए प्रोत्साहित करे। अमेरिका की ओर से रविवार को ईरान के 3 परमाणु ठिकानों पर हमले किए जाने से ईरान बेहद खफा है और उसने क्षेत्र में अमेरिकी लोगों को टॉरगेट करार दिया और साथ में होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की धमकी दे डाली है।

# ईरान की ताकत में बड़ा इजाफा रूस ने कर दिया अपना रुख साफ

## इजराइल-अमेरिका की बढ़ी टेंशन

**हिंदमाता नेटवर्क @ अमेरिका**



अमेरिका के हमले के बाद ईरान युद्ध में बैकफुट पर जाता दिख रहा है। इजराइल को अमेरिका से सीधे मदद मिलने के बाद ईरान को रूस और चीन से मदद की उम्मीद है। ईरान के विदेश मंत्री इस समय रूस यात्रा पर हैं। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने सोमवार को कहा कि रूस ईरान की विभिन्न तरीकों से मदद करने के लिए तैयार है, जो तेहरान के अनुरोध पर निर्भर करेगा। पेसकोव ने प्रेस ब्रीफिंग में एक सवाल के जवाब में कहा कि सब कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि ईरान को क्या चाहिए। हमने अपनी मध्यस्थता के प्रयासों की पेशकश की है। पेसकोव ने कहा कि रूस ने ईरान-इजराइल युद्ध पर अपना रुख खुले तौर पर घोषित किया है, इसे तेहरान के लिए समर्थन का एक महत्वपूर्ण रूप कहा है। अगर तेहरान ने रूस से सैन्य मदद का अनुरोध किया और रूसी सेना भी इस युद्ध में कूदी, तो ये जंग विकराल रूप ले सकती है।

# यमन की आधे से अधिक आबादी भुखमरी के कगार पर : संयुक्त राष्ट्र

**हिंदमाता नेटवर्क @ यमन**




संयुक्त राष्ट्र की तीन एजेंसियों ने रविवार को चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि यमन के दक्षिणी प्रांतों में लगभग 50 लाख लोग खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं और यदि इस दिशा में तत्काल कोई कदम नहीं उठाया गया तो स्थिति के और भी खराब होने की आशंका है। खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ), विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) और संयुक्त राष्ट्र बाल आपात कोष (यूनिसेफ) ने एक संयुक्त बयान में कहा है कि तत्काल और निरंतर सहायता के बिना सितंबर और फरवरी 2026 के बीच इस क्षेत्र के करीब 420,000 अन्य लोगों के सामने भी इसी तरह का गंभीर संकट उत्पन्न होने की आशंका हैं। इससे क्षेत्र में भोजन अथवा खाद्य पदार्थो की कमी झेलने वाले लोगों की कुल संख्या 53 लाख से अधिक हो जाएगी जो यमन के दक्षिणी क्षेत्रों की आधी से अधिक आबादी है।

एजेंसियों ने संकट को बढ़ाने वाले कई कारकों का हवाला दिया है जिसमें लंबे समय तक आर्थिक गिरावट, यमनी मुद्रा का तेजी से अवमूल्यन, निरंतर संघर्ष और प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियां शामिल हैं। इन संगठनों ने इन लोगों को भूखमरी से बचाने, आवश्यक सेवाओं तक पहुँच सुनिश्चित करने और प्रभावित आबादी के लिए आर्थिक और आजीविका के अवसर पैदा करने के लिए तत्काल बड़े पैमाने पर मानवीय सहायता का आह्वान किया।

# अफगान पुलिस ने हथियार और गोला-बारूद किए बरामद

**हिंदमाता नेटवर्क @ काबुल**

पूर्वी अफगानिस्तान के पाकतिया प्रांत में आतंकवाद निरोधक दस्ते ने भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। गृह मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि समकानी जिले के बाहरी इलाके में एक अभियान के दौरान प्रतिबंधित वस्तुओं को जब्त किया गया, जिसमें कलाश्निकोव राइफल, पिस्तौल, ग्रेनेड, बड़ी मात्रा में कारतूस एवं गोलियां तथा अवैध रूप से रखे गए अन्य सैन्य उपकरण शामिल हैं। इस मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है और बरामद किए गए सैन्य उपकरणों को संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया। इससे पहले, पुलिस ने पिछले सप्ताह पूर्वी लघमन प्रांत में अवैध रूप से हथियार रखने और ले जाने के आरोप में 10 लोगों को गिरफ्तार किया था। अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार ने अब तक देश में सुरक्षा स्थिति को सामान्य करने के प्रयासों के अंतर्गत भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है।

**हिंदमाता एंकर** भीड़ ने मारे अंडे; जानें पुलिस ने क्यों किया गिरफ्तार

# बांग्लादेश में पूर्व चुनाव आयुक्त की जूतों से पिटाई

**हिंदमाता नेटवर्क @ ढाका**



बांग्लादेश के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त केएम नूरुल हुदा को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन पर अपने कार्यकाल के दौरान चुनावों में हेराफेरी करने का आरोप लगा है। इस बात की जानकारी पुलिस ने दी। ढाका महानगर पुलिस क डिप्टी कमिश्नर मोहिदुल इस्लाम ने रविवार को बताया कि हुदा को पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की ओर से पूर्व चुनाव आयोग प्रमुख और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना सहित 18 अन्य के खिलाफ दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया है।

### हुदा को भीड़ ने जूतों से पीटा

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में लोगों का एक समूह हुदा को जूतों से पीटता, उन्हें जूतों की माला पहनाता और उनके ऊपर अंडे फेंकता हुआ दिखाई दे रहा है। वीडियो में भीड़ उन्हें गंदी भाषा में गालियां देती और पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद भी उन्हें पीटती नजर आ रही है। हुदा पर हमले से सोशल मीडिया पर हंगामा मच गया, जिसके कारण मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार को आधी रात के आसपास एक बयान जारी करना पड़ा।

### बांग्लादेश में पहली बार चुनाव आयुक्त गिरफ्तार

एक अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, चुनाव आयोग के अधिकारियों ने कहा कि यह शायद पहली बार है कि किसी पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त को चुनाव से जुड़े मुद्दों पर हिरासत में लिया गया है। उत्तरा पश्चिम पुलिस स्टेशन के प्रमुख हफीजुर रहमान ने कहा कि हमें सूचना मिली थी कि भीड़ ने हुदा को घेर लिया है, जिसके बाद हम घटनास्थल पर गए। हमने उसे हिरासत में ले लिया है।

### क्या है मामला?

बीएनपी ने हुदा सहित 19 लोगों के खिलाफ हसीना शासन के तहत 2014, 2018 और 2024 में आम चुनाव लोगों के जनादेश के बिना कराने का मामला दर्ज कराया है। हसीना ने इन सभी चुनावों में जीत हासिल की थी।

## बिजनेस वर्ल्ड

### सेंसेक्स 511 और निफ्टी 141 अंक लुढ़का

**हिंदमाता नेटवर्क @ मुंबई**



ईरानी परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले के बाद ईरान की संभावित जवाबी कार्रवाई को लेकर सहमे निवेशकों की स्थानीय स्तर पर आईटी, ऑटो, टेक और फोकस्ड आईटी समेत बारह समूहों में हुई भारी बिकवाली से आज शेयर बाजार लुढ़क गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 511.38 अंक अर्थात 0.62 प्रतिशत का गोता लगाकर 81896.79 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 140.50 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24971.90 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई। इससे मिडकैप 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 45,571.69 अंक और स्मॉलकैप 0.57 प्रतिशत की तेजी लेकर 52,678.74 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4240 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2204 में लिवाली जबकि 1854 में बिकवाली हुई वहीं 182 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2995 कंपनियों के शेयरों में से 1545 में गिरावट जबकि 1364 में तेजी रही वहीं 86 में टिकाव रहा। बीएसई के 12 समूहों में गिरवट का रुख रहा। इससे सीडी 0.03, एफएमसीजी 0.62, वित्तीय सेवाएं 0.15, हेल्थकेयर 0.10, आईटी 1.46, दूरसंचार 0.50, ऑटो 0.88, बैंकिंग 0.38, पावर 0.17, रियल्टी 0.19, टेक 1.10 और फोकस्ड आईटी के शेयर 1.48 प्रतिशत गिर गए।

### रुपया 23 पैसे टूटकर 86.78 प्रति डॉलर पर पांच माह का निचला स्तर

**हिंदमाता नेटवर्क @ मुंबई**



ईरान के परमाणु संयंत्रों पर अमेरिकी हमले के बाद डॉलर में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 23 पैसे गिरकर पांच महीने के निचले स्तर 86.78 (अस्थायी) पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजार में तेज गिरावट ने रुपए पर और दबाव डाला। हालांकि, उन्होंने कहा कि एफआईआई की मजबूत लिवाली और देश के विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि ने रुपए का समर्थन किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 86.75 पर खुला। इसके बाद 87.67-86.85 के दायरे में कारोबार करते हुए अंत में पांच महीने के निचले स्तर 86.78 (अस्थायी) पर बंद हुआ। इस तरह रुपए में शुक्रवार के बंद भाव 86.55 के मुकाबले 23 पैसे की गिरावट हुई। रुपया 13 जनवरी को डॉलर के मुकाबले 86.70 पर बंद हुआ था। फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स एलएलपी के कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार भंसाली ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण रुपया 86.85 पर आ गया, हालांकि बाद में तेल कीमतों में गिरावट हुई, जिससे आयातकों को अपने निकट अवधि के आयात के लिए डॉलर खरीदने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि रुपया वापस 85.82 पर आ गया, जहां भारतीय रिजर्व बैंक ने विक्रेता की भूमिका निभाई और आज के निचले स्तर से आगे रुपए की चाल को रोके रखा।

### आइडियाफोर्ज को भारतीय सेना से करीब 137 करोड़ रुपए का ड्रोन ऑर्डर मिला

**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**



ड्रोन प्रौद्योगिकी कंपनी आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी ने आपातकालीन खरीद मार्ग के जरिये भारतीय सेना से हाइब्रिड लघु मानव रहित हवाई वाहन प्रणालियों (ड्रोन) के लिए लगभग 137 करोड़ रुपए का ऑर्डर हासिल किया है। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। आइडियाफोर्ज ने कहा कि मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) के चयन के लिए मूल्यांकन के दौरान एक प्रमुख आवश्यकता यह थी कि सभी महत्वपूर्ण उप-कलपुर्जों को सीमा साझा नहीं करने वाले देशों से हासिल किया जाना चाहिए। इसके साथ ही यह मंच क्षमता और डिजाइन में काफी हद तक स्वदेशी होना चाहिए। कंपनी ने बयान में कहा कि आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी ने आपातकालीन खरीद मार्ग के जरिये एक महत्वपूर्ण ऑर्डर हासिल किया है। लगभग 137 करोड़ रुपए का ऑर्डर भारतीय सेना ने उच्च प्रदर्शन वाले हाइब्रिड लघु यूएवी प्रणाली के लिए दिया गया है। इनका पहले ही युद्ध-परीक्षण किया गया है। कंपनी की अनुसंधान एवं विकास तथा विनिर्माण इकाइयां नवी मुंबई, बेंगलुरु, दिल्ली और अमेरिका में हैं।

### भारत की ऊर्जा क्षमता 10 वर्षों में 56 प्रतिशत बढ़कर 305 गीगावाट से 476 गीगावाट हुई


**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**



भारत की ऊर्जा क्षमता का पिछले 10 वर्षों में बढ़ती मांग, बुनियादी ढांचे के विकास और पारंपरिक एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के लिए मजबूत नीतिगत समर्थन के कारण जोरदार विस्तार हुआ है। जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, देश में कुल स्थापित ऊर्जा क्षमता 2015-16 में 305 गीगावाट से 56 प्रतिशत बढ़कर जून 2025 तक 476 गीगावाट हो गई है। देश में बिजली उत्पादन 2015-16 में 1,168 बिलियन यूनिट (बीयू) से बढ़कर 2024-25 में अनुमानित 1,824 बीयू हो गया है। वहीं, बिजली की कमी 2013-14 में 4.2 प्रतिशत से घटकर 2024-25 में 0.1 प्रतिशत पर आ गई है। इसके अलावा, इस अवधि के दौरान 2.8 करोड़ से अधिक घरों का विद्युतीकरण किया गया और प्रति व्यक्ति बिजली की खपत में 45.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। भारत की कुल स्थापित बिजली क्षमता 476 गीगावाट है, जिसमें 240 गीगावाट थर्मल, 110.9 गीगावाट सौर और 51.3 गीगावाट पवन ऊर्जा शामिल हैं। सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में, भारत ग्लोबल एनर्जी ट्रांजिशन में एक केंद्रीय भूमिका निभाता है। इसकी ऊर्जा मांग प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज दर से बढ़ने की उम्मीद है, जो निरंतर आर्थिक विकास से प्रेरित है। परिणाणस्वरूप, वैश्विक प्राथमिक ऊर्जा खपत में भारत की हिस्सेदारी 2035 तक दोगुनी होने का अनुमान है। पिछले ग्यारह वर्षों में, भारत ने अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में मजबूत प्रगति की है। सीओपी26 में की गई प्रतिबद्धता के अनुरूप, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय अक्षय ऊर्जा (एमएनआरई) 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से 500 गीगावाट स्थापित बिजली क्षमता हासिल करने के लिए मजबूत प्रयास कर रहा है।

### मध्य पूर्व में तनाव के कारण भारत में ईंधन की कमी नहीं होगी: हरदीप पुरी

**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**




केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इजरायल-ईरान युद्ध के कारण भारतीय उपभोक्ताओं को तेल आपूर्ति में किसी भी तरह की बाधा आने और ईरान के परमाणु स्थलों पर अमेरिका द्वारा बमबारी के कारण मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि की आशंकाओं को दूर किया। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हम पिछले दो सप्ताह से मध्य पूर्व में बढ़ रही भू-राजनीतिक स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम पिछले कुछ वर्षों में अपनी आपूर्ति में विविधता लाए हैं और अब हमारी आपूर्ति का एक बड़ा हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से नहीं आता है। उन्होंने बताया कि देश की तेल विपणन कंपनियों (इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम) के पास कई सप्ताह के लिए आपूर्ति है और उन्हें कई मार्गों से ऊर्जा आपूर्ति मिलती रहती है। केंद्रीय मंत्री पुरी ने आश्वासन दिया, "हम अपने नागरिकों को ईंधन की आपूर्ति की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य/फारस की खाड़ी के उत्तरी किनारे पर स्थित है, जिसके माध्यम से सऊदी अरब और यूएई जैसे प्रमुख निर्यातक देशों से प्रतिदिन 20 मिलियन बैरल तेल का प्रवाह होता है। ईरान ने धमकी दी थी कि अगर अमेरिका, इजरायल के साथ संघर्ष में हस्तक्षेप करता है, तो वह इस मार्ग को अवरुद्ध कर देगा। मध्य पूर्व में व्यापक संघर्ष का सऊदी अरब, इराक, कुवैत और यूएई से तेल आपूर्ति पर प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।

दैनिक ठाणे, मंगलवार 24 जून, 2025

# हिंदमाता मिरर

पैनी नजर, पुख्ता खबर





# श्रेयस अय्यर के प्यार में दीवानी हुई ये एक्ट्रेस

बॉलीवुड और क्रिकेट का पुराना नाता रहा है। कई बॉलीवुड एक्ट्रेस ने क्रिकेटर को अपना हमसफर बनाया है। अक्सर किसी एक्ट्रेस और क्रिकेटर के रिलेशन की खबरें भी सामने आती रहती हैं। वहीं अब 'बिग बॉस 18' की कंटेस्टेंट रहीं एक्ट्रेस एडिन रोज एक भारतीय क्रिकेटर के प्यार में दीवानी हो गई हैं। इस क्रिकेटर का नाम श्रेयर अय्यर है। एडिन ने श्रेयस अय्यर को मन ही मन अपना पति मान लिया है। वह कहती हैं कि वो श्रेयस के बच्चे की मां हैं। एक इंटरव्यू के दौरान एडिन ने श्रेयस के लिए अपने प्यार का खुलासा किया है। फिल्मी ज्ञान को दिए इंटरव्यू में एडिन रोज ने कहा, मेरा मानना है कि मैं श्रेयस अय्यर के बच्चे की मां हूं। मैं मन ही मन अय्यर से शादी कर चुकी हूं। वो मुझे हर रोज प्रेरित करते हैं। उनकी विनम्रता, उनका फोकस और उनका व्यवहार है जो मुझे सबसे ज्यादा अच्छा लगता है।





■ हालांकि एडिन ने साफ किया कि श्रेयस अय्यर से अभी तक उनकी कोई निजी बातचीत नहीं हुई है और यह उनके मन की भावना है। एडिन रोज भारतीय अभिनेत्री और मॉडल हैं, जिनका जन्म दुबई में हुआ था। वह 2020 में भारत आकर सेटल हो गई थीं। एडिन ने कई साउथ फिल्मों में काम किया है। उन्हें असल पहचान सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' से मिली।

# उर्वशी रौतेला का पसंदीदा वर्कआउट है वुशु सांडा

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला एक्टिंग के साथ-साथ अपनी फिटनेस से भी फैंस का दिल जीत लेती हैं। उर्वशी रौतेला ने हमेशा अपने प्रशंसकों को अपनी फिटनेस डायरी में एक गंभीर झलक दी है, जिसने निश्चित रूप से कई लोगों को अपने कसरत के खेल को बेहतर बनाने में मदद की है।

■ दुनिया भर में उर्वशी रौतेला के प्रशंसक उनकी अविश्वसनीय 'वुशु सांडा' कसरत दिनचर्या को देखकर बहुत प्रेरित महसूस कर रहे हैं, जिसे उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया है। उर्वशी ने उसी की एक झलक साझा करने के लिए अपने सोशल मीडिया हैंडल का सहारा लिया है।

■ सिर्फ एक विशेष वीडियो झलक नहीं, उर्वशी रौतेला हमारे लिए यह भी बताती हैं कि यह वास्तव में वजन घटाने और समग्र फिटनेस को कैसे लाभ पहुंचाता है। इसके बारे में और पूछे जाने पर उर्वशी रौतेला ने साझा किया, वुशु सांडा, एक गतिशील चीनी युद्ध कला, किसी भी व्यक्ति के लिए है जो तेजी से वजन कम करने का लक्ष्य रखता है।


■ इसके उच्च-तीव्रता वाले, पूरे शरीर के वर्कआउट में एक दुबले शरीर को मूर्तिकला करते हुए हड़ताली, लात मारने और कुश्ती, कैलोरी जलाने का संयोजन होता है। यहां बताया गया है कि यह वजन घटाने और समग्र फिटनेस को कैसे लाभ पहुंचाता है।

■ वुशु सांडा की तेज-तर्रार मुक्केबाजी और अभ्यास प्रति घंटे 500-800 कैलोरी जलाते हैं, जिससे वसा के नुकसान में तेजी आती है। अवायवीय विस्फोट और एरोबिक धीरज प्रशिक्षण व्यायाम के बाद चयापचय को ऊंचा रखता है, जो तेजी से परिणामों के लिए एकदम सही है।

जब यश चोपड़ा ने अमिताभ को लेकर किया था खुलासा

# जया उनकी पत्नी और रेखा उनकी गर्लफ्रेंड

बॉलीवुड की कई फिल्में ऐसी हैं जो वही कहानी दिखाती हैं, जो असल जिंदगी में होती है। इन्हीं फिल्मों में से एक थी यश चोपड़ा की फिल्म 'सिलसिला (1981)'। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, जया बच्चन और रेखा थीं। फिल्म में लव ट्राएंगल दिखाया गया था। फिल्म में जो कहानी दिखाई गई थी वह बहुत हद तक असल जिंदगी में भी थी। उस वक्त अमिताभ बच्चन और रेखा के रिश्ते को लेकर अफवाहें थीं। यह अफवाहें तब और बढ़ गई थीं, जब फिल्म निर्माता यश चोपड़ा ने 2010 में बीबीसी को दिए इंटरव्यू में कहा था कि रेखा अमिताभ की 'गर्लफ्रेंड' हैं और जया बच्चन उनकी पत्नी हैं।




## पर्दे पर थी असल जिंदगी

यश चोपड़ा ने इंटरव्यू में कहा था कि सिलसिल फिल्म को बनाना जैसे किसी टाइट रस्सी पर चलना था। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा से डरा हुआ था क्योंकि मैं असली जिंदगी को पर्दे पर ला रहा था। अमिताभ बच्चन ने असल जिंदगी में जया बच्चन से शादी की और खबरें बताती हैं कि वह कथित तौर पर रेखा के साथ भी जुड़े हुए थे।

## शूटिंग के दौरान कुछ भी हो सकता था

फिल्म की कास्टिंग पहले से ही विवादों में थी। फिल्म निमार्ता ने माना कि फिल्म की शूटिंग के दौरान कुछ भी हो सकता था। उन्होंने कहा कि वे एक साथ काम कर रहे थे। जया उनकी पत्नी थीं और रेखा उनकी गर्लफ्रेंड। यही कहानी असल जिंदगी में भी थी।

## अमिताभ बच्चन ने नहीं की शिकायत

बीबीसी के इंटरव्यू के प्रसारित होने के बाद कयास लगाए गए कि अमिताभ बच्चन यश चोपड़ा के बयान की वजह से परेशान थे। हालांकि बीबीसी एशियन नेटवर्क ने अमिताभ बच्चन की तरफ से किसी भी शिकायत से इंकार किया। सिलसिला फिल्म की कहानी असल जिंदगी और पर्दे पर की कहानी एक जैसी थी। यह फिल्म साल 1981 में बॉक्स ऑफिस पर तो अच्छा नहीं कर सकी थी लेकिन इसकी आज भी सराहना होती है। फिल्म में गानों की खूब तारीफ हुई। इसके अलावा अमिताभ और रेखा के मिलने को सराहा गया।


# साउथ की इन एक्ट्रेसेस ने अपने फैशन से मचाया तहलका

दक्षिण मनोरंजन उद्योग शानदार और मंत्रमुग्ध कर देने वाली सुंदरियों से भरा हुआ है जो निश्चित रूप से स्वैग और पूर्णता के साथ ओम्फ खेल को बढ़ाना जानते हैं। प्रदर्शन के दौरान अपने अविश्वसनीय अवतारों से मंच पर आग लगाने से लेकर हम सभी को अपनी सम्मोहक सुंदरता और आकर्षक आभा से लुभाने तक, वे जो कुछ भी करते हैं उसमें सुसंगत होते हैं और यह निश्चित रूप से उन्हें स्टार बनाता है। जब हम विशेष रूप से दक्षिण उद्योग के बारे में बात करते हैं, अगर हम कभी ऐसी 3 सुंदरियों को चुनने की स्थिति में होते हैं जो हमेशा अपनी फैशन डायरी के साथ सही होती हैं, तो हमें तमन्ना भाटिया, पारुल यादव और रश्मिका मंदाना के बारे में बात करनी होगी। आइए कोशिश करें और डिकोड करें कि क्या उन्हें इतना अविश्वसनीय रूप से विशेष बनाता है।



## तमन्ना भाटिया

दिवा के पास वर्तमान में फ्लेयर और गोल्डन टच है और यही कारण है कि वह वर्तमान में जो कुछ भी कर रही है वह उसके लिए शानदार ढंग से काम कर रही है। उनका फैशन गेम हमेशा नेटिजन्स और प्रशंसकों के बीच चर्चा का विषय रहा है और वह निश्चित रूप से समय की आवश्यकता के अनुसार हर समय अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती हैं।



## पारुल यादव

उसे दक्षिण की उन सुंदरियों में से एक होना चाहिए जो शाब्दिक रूप से 'पू' के साथ-साथ 'पार्वती' दोनों हो सकती हैं। जिस सहजता और चतुराई के साथ वह अपने साड़ी अवतारों को खींचती है, वह बस सनसनीखेज है और इसी तरह, जिस तरह से वह अपने क्रॉप टॉप में अपने शानदार एब्स, मिड्रिफ और सुंदर नाभि को भी फ्लॉन्ट करती है, वह भी हर समय 10/10 है। हवाई अड्डे के लुक से लेकर छुट्टियों की डायरियों तक, दिवा बस एक लुक और अवतार सेट और सचमुच हर अवसर के लिए एकदम सही लगती है और यही बात उन्हें स्टाइल आइकन बनाती है। अनुमान लगाने के लिए कोई ब्राउनी पॉइंट नहीं है जो लोग उनकी त्वरित और उत्तम दर्जे की शैली की प्रेरणा के लिए उनके सोशल मीडिया पर देखते हैं।



## रश्मिका मंदाना

उनकी शैली और भव्यता उनकी सादगी में निहित है और इन सबसे ऊपर, हमारे पास उनकी सुंदरता है जो निश्चित रूप से पिज्जा में शीर्ष पर रहने की अतिरिक्त परत के रूप में काम करती है। वह अपनी आकस्मिक उपस्थिति में निपुण है और इसी तरह, जिस क्षण आप उसे एक भव्य पुरस्कार समारोह के लिए तैयार होने के लिए कहेंगे, वह कुछ ही समय में अपने रूप को आकर्षक बना लेगी।



# अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रोहित के 18 साल पूरे

रोहित शर्मा ने 18 साल पहले 23 जून को ही अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था। इसको याद कर हिटमैन भावुक हो गए। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी में अपने पहले हेलमेट की तस्वीर साझा की है और भावुक संदेश लिखा। रोहित ने लिखा- हमेशा आभारी रहूंगा, 23.06.07। तब रोहित की उम्र 20 साल की थी और उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ टी-20 मैच से डेब्यू किया था। भारत के लिए दो आईसीसी ट्रॉफी जीत चुके रोहित को अब तक के सबसे बेहतरीन ओपनर्स में से एक माना जाता है। इन 18 वर्षों में हिटमैन के करियर में कई उतार चढ़ाव आए, लेकिन उन्होंने इन सबका डट कर सामना किया और अब वह कामयाबी की बुलंदियों पर हैं।

■ रोहित की कप्तानी में भारत 2023 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल और उसी साल के अंत में वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचा। हालांकि, टीम दोनों बार ट्रॉफी से चूक गई। उन्होंने 2024 में भारत को टी20 विश्व कप खिताब दिलाया और 13 साल के आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को समाप्त किया। इसके बाद टीम ने 2025 में रोहित की ही कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी भी अपने नाम की।

■ साल 2024 में रोहित 150 से अधिक टी-20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले पहले पुरुष क्रिकेटर बने। हालांकि उन्होंने भारत की टी-20 विश्व कप जीत के बाद टी-20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया। रोहित ने सभी प्रारूपों को मिलाकर 499 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं 19 हजार 700 रन बनाए हैं। उनके नाम वनडे का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी है। श्रीलंका के खिलाफ नाबाद 264 रन बनाकर उन्होंने यह रिकॉर्ड बनाया था।

■ टी-20 में रोहित अब तक के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। 159 मैचों में उन्होंने 32.05 की औसत से 4 हजार 221 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 140 से ज्यादा का रहा। इसमें पांच शतक और 32 अर्धशतक हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 121* रन है। 2024 से पहले रोहित 2007 में टी-20 विश्व कप जीतने वाली टीम का भी हिस्सा रह चुके हैं। टी-20 कप्तान के रूप में उन्होंने भारत के लिए 62 मैचों में से 49 जीते हैं। 12 में टीम इंडिया को हार मिली और एक टाई रहा है।

■ सफेद गेंद के प्रारूप में उनका दबदबा रहा है। 273 वनडे की 265 पारियों में उन्होंने 32 शतकों और 58 अर्धशतकों के साथ और 48.76 की औसत से 11 हजार 168 रन बनाए हैं। वनडे में उनका बेस्ट स्कोर 264 है। वह वनडे में तीन दोहरे शतक लगाने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं। वह वनडे मैचों में भारत के चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और कुल मिलाकर10वें स्थान पर हैं। रोहित ने हाल ही में टेस्ट से संन्यास लिया था और अब वह सिर्फ वनडे में खेलते दिखाई पड़ेंगे। टेस्ट में, रोहित ने 67 टेस्ट और 116 पारियों में 40.57 की औसत से 4 हजार 301 रन बनाए हैं, जिसमें 12 शतक और 18 अर्धशतक शामिल हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 212 रन है। इस दौरान उन्होंने 40 टेस्ट मैचों में 41.15 की औसत से 2 हजार 716 रन बनाए।

# काजल अग्रवाल ने शेयर कीं मालदीव से जन्मदिन की तस्वीरें



काजल अग्रवाल ने हाल ही में अपना जन्मदिन मनाया। एक्ट्रेस ने आज मालदीव से अपनी शानदार तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। वहीं फैंस और सेलेब्स ने भी एक्ट्रेस को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

## काजल का इंस्टाग्राम पोस्ट

काजल ने 19 जून को अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया था। उन्होंने आज पति और बच्चे के साथ कई शानदार तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं और कैप्शन में लिखा कि प्यार और कृतज्ञता से भरा हुआ- मेरे प्यारे दोस्तों, प्रशंसकों और परिवार, जन्मदिन की शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद, जिसने मेरे दिन को रोशन कर दिया। मेरे दिव्य, मेरे प्रियजनों से घिरा हुआ, दिल भरा हुआ और पेट और भी खुश, मैं आपके द्वारा भेजी गई सारी खुशी और गर्मजोशी में डूबा हुआ हूं।

## काजल ने किया शुक्रिया

काजल अग्रवाल ने आगे लिखा कि धन्यवाद स्वर्ग के इस टुकड़े में मेरे जन्मदिन को इतना अविश्वसनीय रूप से विशेष बनाने के लिए। इसके साथ ही काजल ने अपने फोटोग्राफर का भी शुक्रिया अदा करते हुए लिखा कि क्लिक के लिए धन्यवाद। वहीं काजल की इस पोस्ट पर कई सेलेब्स ने भी मजेदार कमेंट कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। साउथ एक्ट्रेस राशि खन्ना ने लिखा कि जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं सुंदरी! भगवान आपको अपने सबसे अच्छे आशीर्वाद से आशीर्वाद दें, डॉ रिक्सन ने लिखा कि बहुत सुंदर तस्वीरें! आप बहुत सुंदर लग रही हैं', अमाला पॉल ने लिखा कि जन्मदिन मुबारक हो, बहुत खूबसूरत लग रही हो।

## फैंस के कमेंट्स

काजल की इन शानदार तस्वीरों पर सेलेब्स के अलावा कई फैंस ने भी जमकर प्यार बरसाया है। एक फैंस ने लिखा कि हॉटी, एक और फैन ने लिखा कि जन्मदिन मुबारक हो चंदा, एक और फैन ने लिखा कि बहुत खूबसूरत महिला, एक और फैन ने लिखा कि जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं, एक और फैन ने लिखा कि बेहद खूबसूरत, एक और फैन ने लिखा कि आप बहुत प्यारी हैं।

## काजल का वर्कफ्रंट

काजल अग्रवाल फिल्म कन्नप्पा में नजर आएंगी। काजल अग्रवाल फिल्म 'कन्नप्पा' में देवी पार्वती का किरदार निभाएंगी। कन्नप्पा एक पौराणिक एक्शन ड्रामा फिल्म है। यह फिल्म को मुकेश कुमार सिंह द्वारा निर्देशित और मोहन बाबू द्वारा निर्मित है। यह हिंदू धर्म में भगवान शिव के भक्त कन्नप्पा की कथा पर आधारित है। फिल्म में विष्णु मांचू मुख्य भूमिका में हैं। सहायक भूमिकाओं में मोहन बाबू, आर. सरथकुमार, अर्पित रांका, ब्रह्मानंदम, ब्रह्माजी, मोहनलाल, प्रभास, अक्षय कुमार के अलावा भी कई कलाकार नजर आएंगे।

# बॉर्डर 2 को लेकर वरुण धवन ने कैडेट्स के साथ की ट्रेनिंग

बदलापुर और भेड़िया जैसी कई मूवीज के जरिए फैंस के दिलों पर राज करने वाले अभिनेता वरुण धवन किसी अलग पहचान के मोहताज नहीं हैं। मौजूदा समय में वरुण अपनी आने वाली बहुचर्चित फिल्म बॉर्डर 2 की तैयारियों में लगे हुए हैं। इस फिल्म के लिए एक्टर कड़ी मेहनत कर रहे हैं और अब बॉर्डर 2 के तीसरे शेड्यूल के शूटिंग के लिए वह पुणे की नेशनल डिफेंस एकेडमी पहुंचे हैं। इस दौरान वरुण धवन ने वहां मौजूद कैडेट्स के साथ कीमती वक्त बिताने के अलावा कड़ी ट्रेनिंग भी की है। इसकी एक झलक उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की है।



## कैडेट्स के साथ वरुण ने बिताया समय

उभरती हुए एक्टर के तौर पर वरुण धवन को जाना जाता है। फिल्ममेकर जेपी दत्ता की बॉर्डर 2 के लिए वह कोई भी कसर बाकी छोड़ना नहीं चाहते हैं। पुणे की डिफेंस एकेडमी में इस तरह से उन्होंने पल गुजारे, उसका अनुभव उन्होंने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एक लेटेस्ट वीडियो के साथ शेयर किया है। इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि वरुण युवा कैडेट्स के साथ खास तरह की तैयारियां और बातें करते दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा अभिनेता ने उनके साथ 50 नकल पुश-अप चैलेंज को भी पूरा किया। जिसको लेकर वरुण और कैडेट्स में खूब जोश देखने को मिल रहा है। पोस्ट के कैप्शन में वरुण धवन ने लिखा है कि बॉर्डर 2 हमारे सारे यंग कैडेट्स के साथ नकल चैलेंज। इस तरह से वरुण धवन ने पुणे डिफेंस एकेडमी में अपनी ट्रेंनिंग को लेकर एक्साइटमेंट और अनुभव को फैंस को साथ साझा किया है। सोशल मीडिया पर उनकी वीडियो को काफी पसंद किया जा रहा है, जिसके चलते ये जमकर वायरल भी हो रहा है।


## कब रिलीज होगी बॉर्डर 2

1997 में आई कल्ट देशभक्ति फिल्म बॉर्डर का पार्ट 2 यानी बॉर्डर 2 एक मल्टी स्टारर मूवी है। जिसमें वरुण धवन के अलावा सनी देओल, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। ये मूवी अगले साल 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

# राजकपूर की पुरानी फिल्म के लुक में नजर आए रणबीर

बॉलीवुड के कपूर खानदान में एक से बढ़कर एक उम्दा कलाकार हुए हैं। पृथ्वीराज कपूर और राजकपूर ने अभिनय में अमिट छाप छोड़ी है। राजकपूर को तो बॉलीवुड का शो मैन कहा जाता है। हाल ही में इस परिवार के सदस्य और एक्टर रणबीर कपूर अपने दादा राजकपूर की फिल्म ह्यश्री 420ह्न के एक लुक में दिखे। सोशल मीडिया पर यह वीडियो काफी वायरल हो रहा है। रणबीर के इस लुक को देखकर यूजर्स ने मिक्स रिएक्शन दिए हैं।

## पैपराजी चिल्लाए- आवारा रणबीर



सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल है, उसमें रणबीर कपूर एक वैनिटी वैन से बाहर आते हैं। वैनिटी से बाहर आने के बाद वह फिल्म ह्यश्री 420ह्न के लुक में दिखते हैं। वह जिसमें सिर पर टोपी, काला कोट और छोटी लंबाई वाली पैंट पहने दिखते हैं। यह लुक राजकपूर ने फिल्म ह्यश्री 420ह्न के गाने ह्यमेरा जूता है जापानीह्न में अपनाया था। यह लुक काफी पॉपुलर हुआ। दादा जी के इस लुक में रणबीर क्यों नजर आ रहे हैं, इसका खुलासा नहीं हुआ। रणबीर को इस लुक में देखकर पैपराजी जरूर, ह्यआवारा रणबीरह्न चिल्लाते नजर आए।

## रणबीर कपूर की आने वाली फिल्में

संजय लीला भंसाली की फिल्म ह्यलव एंड वॉरह्न रणबीर कपूर कर रहे हैं। वह नितेश तिवारी निर्देशित फिल्म ह्यरामायणह्न भी कर रहे हैं। इसके अलावा साल 2026 में कुछ और फिल्मों में भी वह नजर आएंगे।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक नरेश पी. बजाज द्वारा बैरक नंबर 887/27 सेक्शन 18, उल्हासनगर -421 003, जिला ठाणे से प्रकाशित व सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, आमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट, सोनवाला क्रॉस रोड -2, जवाहरनगर के पास, फाटक पुल, गोरेगांव, मुंबई -63, (महाराष्ट्र) से मुद्रित।
दूरध्वनि: 0251- 3238100, कार्यकारी संपादक: पंजू बजाज (पी. आर. बी. एक्ट के तहत कंटेट चयन के लिए जिम्मेदार) न्याय क्षेत्र ठाणे जिला। hindmatamirror1@gmail.com RNI. NO. MAHHIN/2011/43060 स्थानीय संपादक: शिवप्रताप